CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 15° C

नई दिल्ली, शनिवार 7 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 334 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 17 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



लंबे युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक क्षमता जरूरी: एडमिरल त्रिपाठी पेज 2



विश्वकप फाइनल में खेलना, मेरे बेहतरीन पलों में एक: संजू सैमसन खेल टाइम्स



न्याय की कछुआ चाल और बढ़ते महिला अपराध सम्पादकीय



लंबी जंग लड़ने के लिए ईरान पूरी तरह तैयार: आईआरजीसी पेज 12

# UPSC 2025 का अंतिम परिणाम घोषित

## अनुज अग्निहोत्री बने टॉपर, दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम. व तीसरा स्थान अकांश ढुल ने हासिल किया

शाह टाइम्स ब्यूरो



अनुज अग्निहोत्री



राजेश्वरी सुवे एम.



अकांश ढुल

**विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई**

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2025 का अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया। इस वर्ष विभिन्न अखिल भारतीय और केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है जिनमें 659 पुरुष और 299 महिलाएं शामिल हैं।

यूपीएससी के अनुसार सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 25 मई 2025 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए 9,37,876 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,76,793 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। इसके बाद अगस्त 2025 में आयोजित लिखित (मुख्य) परीक्षा में बैठने के लिए 14,161 उम्मीदवारों ने योग्यता प्राप्त की। मुख्य परीक्षा के बाद 2,736 उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण (इंटरव्यू) के लिए बुलाया गया था। अंतिम परिणाम के आधार पर विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई है। इस वर्ष की परीक्षा में अनुज अग्निहोत्री ने पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

## शामली की आस्था जैन ने हासिल की नौवीं रैंक



**शामली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणामों ने शामली जनपद का नाम रोशन किया है।

शहर की होनहार बेटी आस्था जैन ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया नौवीं रैंक प्राप्त कर नया इतिहास रचा है। आस्था की इस असाधारण उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। आस्था जैन का बचपन से ही मेधावी छात्रा के रूप में एक उज्ज्वल भविष्य रहा है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा शहर के प्रतिष्ठित स्कॉटिश स्कूल से प्राप्त की। वर्ष 2018-19 में उन्होंने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान हासिल कर अपनी शैक्षणिक क्षमता का लोहा मनवाया था। आस्था जैन ने अपनी यूपीएससी की तैयारी के लिए किसी भी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया। उन्होंने स्वयं अध्ययन और दृढ़ संकल्प के बल पर इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया।

## सिर्फ व्हाट्सएप चैट से तलाक नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि बिना सबूत सिर्फ व्हाट्सएप चैट के आधार पर तलाक का आदेश नहीं दिया जा सकता। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजुषा देशपांडे की बेंच ने महिला की फैमिली कोर्ट अपील पर सुनवाई में यह बात कही। बेंच ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट, 1955 की धारा 13(1)(आई-ए) के तहत क्रूरता के आरोप कानूनी तौर पर मंजूर सबूतों से साबित होने चाहिए, जिस सामग्री पर भरोसा किया गया, विरोधी पक्ष को उसका खंडन करने का मौका मिलना चाहिए। महिला ने फैमिली कोर्ट के 27 मई 2025 के एकतरफा फैसले और आदेश को चुनौती दी थी।

## 17वां रोज़ा

### आखिरत की फिक्र और अल्लाह का ज़िक्र है रोज़ा



मगफिरत के अशरे के आईने में देखें तो सत्रहवां रोज़ा आखिरत की फिक्र है, अल्लाह का ज़िक्र है। इस बात को इस तरह समझना होगा-किसी भी शख्स के सामने मोटे तौर पर दो ही तरह से फिक्र होती है, दुनियावी और दीनी। दुनियादारी के दलदल से निकलकर दीनदारी के जरिये ही दरअसल आखिरत की फिक्र है। आखिरत की फिक्र असल में मगफिरत की फिक्र है, रोज़ा जिसका रूहानी रास्ता है। सत्रहवां रोज़ा चूंकि रमज़ान माह के मगफिरत के अशरे का हिस्सा है, इसलिए आखिरत की फिक्र के साथ-साथ मगफिरत की मंजिल पर पहुंचने के लिए अल्लाह के ज़िक्र में रोज़ेदार को मशगूल रखने का सिलसिला भी है।




# ईरान का अमेरिका की 'आंख' पर हमला

## लगभग 1.1 अरब डॉलर की लागत का 5000 किमी रेंज वाला वॉर्निंग सिस्टम किया तबाह

दोहा, वार्ता



- **कम लागत वाले शाहेद ड्रोन से उड़ाया**
- **सैटेलाइट तस्वीरों से पुष्टि व हमले के तरीके का खुलासा**

**पश्चिम एशिया** में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक ऐसा हमला किया है, जिसे अमेरिका के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान ने कतर में स्थित अमेरिका के एक प्रमुख मिसाइल वार्निंग रडार सिस्टम को निशाना बनाया है, जिसकी रेंज 5000 किलोमीटर बताई जा रही है।

इस हमले को अमेरिका के लिए बड़ा नुकसान करार दिया जा रहा है। यह खबर ऐसे वक्त पर सामने आई है, जब अमेरिका ने हिंद महासागर में एक ईरानी पोत को डूबो दिया, जिसमें 80 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्म्स (आईआरजीसी) द्वारा किए गए इस हमले ने कतर में तैनात अमेरिकी सेना की मिसाइल चेतावनी प्रणाली को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस प्रणाली को क्षेत्र में अमेरिका की आंख के रूप में देखा जाता था और यह अमेरिकी मिसाइल रक्षा नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी। लगभग 1.1 अरब डॉलर की लागत वाला यह रडार सिस्टम, संभावित मिसाइल हमलों का समय रहते पता लगाने की अमेरिका की क्षमता को कमजोर कर सकता है। अंतरिक्ष से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों ने अमेरिकी सैन्य ढांचे को हुए नुकसान की पुष्टि की है। प्लैनेट लैब्स द्वारा जारी इन तस्वीरों में अमेरिकी स्पेस फोर्स के एएन/एफपीएस-132 (ब्लॉक 5) बैलिस्टिक मिसाइल अर्ली वार्निंग रडार सिस्टम के आसपास क्षति और आग बुझाने की गतिविधियां दिखाई दी हैं। यह मध्य पूर्व में अमेरिकी सेना द्वारा संचालित सबसे बड़ा मिसाइल चेतावनी रडार माना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह हमला संभवत: कम लागत वाले हमलावर ड्रोन, शायद शाहेद जैसे से किया गया होगा। मिसाइलों और ड्रोन के एक साथ बड़े हमले के दौरान, यह ड्रोन रक्षा तंत्र को भेदने में सफल रहा। यह रडार सिस्टम अमेरिकी रक्षा कंपनी रेथियान द्वारा अपग्रेडेड अर्ली वार्निंग रडार (यूईडब्ल्यूआर) कार्यक्रम के तहत विकसित किया गया था। इसकी 5000 किलोमीटर तक की दूरी पर बैलिस्टिक मिसाइलों और अन्य हवाई खतरों को ट्रैक करने की क्षमता इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। पूरे मध्य पूर्व क्षेत्र में मिसाइल लॉन्च का शुरुआती अलर्ट देने में यह प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कतर में इसकी रणनीतिक स्थिति के कारण, यह ईरान, इराक, सीरिया, तुर्किये, मध्य एशिया के कुछ हिस्सों और हिंद महासागर तक की निगरानी कर सकता था।

## जंग से इजरायल को हर हफ्ते अरबों डॉलर का नुकसान

**यरूशलम।** ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण इजरायल की अर्थव्यवस्था को हर सप्ताह भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इजरायल के वित्त मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि मौजूदा प्रतिबंधों के कारण देश की अर्थव्यवस्था को हर हफ्ते लगभग 9.4 अरब शेकेल (करीब 3 अरब डॉलर) का नुकसान हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड के प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैपर को पत्र लिखकर आर्थिक गतिविधियों पर लगे कड़े प्रतिबंधों में ढील देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह बंद रखना बेहद महंगा साबित हो रहा है। पिछले ढाई वर्षों से सुरक्षा जरूरतों और युद्ध के असर के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर पहले ही भारी बोझ पड़ा है। ऐसे में अब ऐसा समाधान तलाशना जरूरी है, जिससे सुरक्षा और आर्थिक गतिविधियों दोनों का संतुलन बना रहे। दरअसल, पिछले सप्ताह शनिवार को इजरायल व अमेरिका की ओर से ईरान पर किए गए हमले के बाद इजरायली रक्षा बलों के होम फ्रंट कमांड ने पूरे देश में सख्त दिशानिर्देश लागू कर दिए थे। इसके तहत सभी तरह की सार्वजनिक सभाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और गैर-जरूरी कार्यस्थलों को बंद करने का आदेश दिया गया था।

## ईरान ने 22वीं बार इजरायल पर दागीं मिसाइलें

- **कुवैत में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर भी हमला, सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाया**

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका- इजरायल और ईरान जंग का शुक्रवार को सातवां दिन था। ईरान ने इजरायल के खिलाफ मिसाइलों की 22वीं खेप दागी है। साथ ही कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य बेस को सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाकर हमला करने का दावा किया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 22वीं लहर के तहत इजरायल के कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदरूनी हिस्सों को निशाना बनाया गया। इस दौरान खोर्रमशहर-4, खैबर और फत्ताह जैसी उन्नत मिसाइलें दागी गईं। दूसरी ओर ईरानी सेना ने कहा कि उसके जमीनी बलों ने कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर सुसाइड ड्रोन से हमला किया। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक कई विनाशकारी ड्रोन अमेरिकी बेस की ओर भेजे गए। ईरानी सेना ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे हमले जारी रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान ने गुरुवार रात को इजरायल के खिलाफ कलस्टर बमों का इस्तेमाल किया है।

# अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीद में दी अस्थायी छूट



- **प्रतिबंधों में ढील 30 दिन तक समुद्र में तेल वाहक जहाजों में पहले से लदे तेल के लिए ही सीमित**

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी ट्रंप प्रशासन ने विशेष रूप से भारत के लिए अपने प्रतिबंधों में ढील देते हुए उसे 30 दिन तक रूस से कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने की छूट दी है, हालांकि यह छूट समुद्र में तेल वाहक जहाजों में पहले से लदे तेल के लिए ही है।

अमेरिका ने किसी भी देश के रूस से कच्चा तेल और दूसरे पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने पर एकतरफा प्रतिबंध लगाया हुआ है। उसका कहना था कि रूस कच्चे तेल की बिक्री से प्राप्त पैसे का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के वित्त पोषण के लिए कर रहा है। यहां तक कि रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने के लिए उसने अगस्त 2025 में भारत पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक आयात शुल्क भी लगाया था, जिसे इस साल फरवरी के पहले सप्ताह में हटा लिया गया था। उस समय अमेरिका ने कहा था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है, हालांकि भारत सरकार ने अमेरिका के इस दावे को कभी स्वीकार नहीं किया और कहा कि भारत अपने हितों के अनुरूप तेल की खरीद जारी रखेगा। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत को 30 दिन के लिए विशेष छूट देने की घोषणा की और कहा कि इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की आपूर्ति बाधित करने के ईरान के प्रयासों को विफल करना है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वित्त विभाग ने भारतीय तेल रिफाइनरियों को 30 दिन के लिए (4 अप्रैल तक) रूस से कच्चा तेल खरीदने की छूट दे रहा है। उन्होंने लिखा कि सोझ-समझकर दी गई इस कुछ दिन की छूट से रूस की सरकार को बहुत ज्यादा वित्तीय लाभ नहीं होगा, क्योंकि यह सिर्फ समुद्र में फंसे (तेल वाहक जहाजों में लदे) तेल की खरीद के लिए है।

## अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेषनाथ पांडेय बर्खास्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप सिद्ध होने पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेषनाथ पांडेय को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। साथ ही उन्हें भविष्य में किसी भी सरकारी सेवा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जांच अधिकारी की रिपोर्ट, अभिलेखीय साक्ष्य, संबंधित अधिकारी के स्पष्टीकरण और लोक सेवा आयोग की सहमति के बाद यह कठोर कार्रवाई की गई। पांडेय पर लगाए गए 15 आरोपों में से 14 आरोप जांच में सिद्ध पाए गए। जांच में सामने आया कि उन्होंने वित्तीय अनियमितताएं, कदाचार, तथ्यों को छिपाने, न्यायिक आदेशों की अनदेखी और नियमों के विरुद्ध आदेश पारित कर अनुचित लाभ पहुंचाने जैसे गंभीर कृत्य किए। इसे उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (आचरण) नियमावली, 1956 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। आरोप है कि एक मदरसे में पहले से सेवा समाप्त किए जा चुके व्यक्ति के लिए बिना वैध पुनर्नियुक्ति आदेश के वित्तीय अनुमोदन बहाल कर वेतन भुगतान का आदेश दिया गया।

# कर्नाटक में बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर लगेगा बैन




- **ऐसा निर्णय लेने वाला देश का पहला राज्य, पैरेंट्स की परमिशन जरूरी, आंध्र में भी तैयारी**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने का ऐलान किया। कर्नाटक ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।

सीएम सिद्धारमैया ने बजट भाषण के दौरान कहा कि बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उन पर गलत असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बैन को किस तरह लागू किया जाएगा, इसकी तैयारी चल रही है और जल्द ही नियम बनाए जाएंगे। वहीं आंध्र प्रदेश सरकार भी 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी। सिद्धारमैया ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य, उनके व्यक्तित्व और उनके भविष्य को बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार शैक्षणिक संस्थानों में नशे की समस्या को रोकने के लिए कदम उठाएगी। इसके लिए स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही सख्त नियम लागू किए जाएंगे, ताकि छात्र नशे से दूर रहें। छात्रों की मदद के लिए सहायता और काउंसलिंग केंद्र भी बनाए जाएंगे, जहां वे अपनी समस्याएं खुलकर बता सकें। 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का प्रस्ताव डेटा सुरक्षा कानून डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 (डीपीडीपी) और पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स 2025 से भी जुड़ा है। इसके तहत बच्चों को अकाउंट बनाने से पहले माता-पिता की अनुमति और उम्र का वैरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए सरकारी पहचान प्रणाली या डिजिटल लॉकर का उपयोग किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने नवम्बर 2024 में 'ऑनलाइन सेफ्टी अमेंडमेंट बिल' पास किया था। इस कानून का मकसद बच्चों को ऑनलाइन हानिकारक कंटेंट और साइबर जोखिमों से बचाना है। इसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों को ज्पाज्वा, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचौट, यूट्यूब जैसी बड़ी सोशल मीडिया साइटों से दूर रखने का प्रावधान है। इन प्लेटफॉर्म्स को नाबालिगों के अकाउंट हटाने और उम्र की सख्त जांच (एज वेरिफिकेशन) करने की जिम्मेदारी दी गई है, हालांकि इस कानून को लेकर वहां अभिव्यक्ति की आजादी और डिजिटल अधिकारों पर बहस भी चल रही है।

## सुखोई विमान दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत

- **स्क्वाड्रन लीडर अनुज व फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर हुए हादसे का शिकार**

**नई दिल्ली।** वायुसेना का लड़ाकू विमान सुखोई 30 गुरुवार को असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई है। वायुसेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार सुबह विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना में विमान के दोनों पायलटों स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर की मौत हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि वायुसेना दुख और संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति शोक और संवेदना व्यक्त करती है। दुर्घटना जोरहाट से 60 किमी दूर हुई। दुर्घटना के तुरंत बाद से वायुसेना की ओर से व्यापक बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले वायुसेना ने बताया था कि एक सुखोई विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं आने पर खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। प्रवक्ता ने कहा था कि एक सुखोई लड़ाकू विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं आने की सूचना मिली है। इस विमान ने असम के जोरहाट हवाई अड्डे से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी और इससे गुरुवार शाम सात बजकर 42 मिनट पर अंतिम बार संपर्क हुआ था।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर के कुछ हिस्सों में सख्त प्रतिबंध लागू

**श्रीनगर।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार की सामूहिक नमाज के बाद विरोध प्रदर्शनों की आशंका के मद्देनजर कश्मीर घाटी के बड़े हिस्से में कड़ी सुरक्षा पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। श्रीनगर के कई संवेदनशील इलाकों, विशेषकर लाल चौक के आसपास और कई शिया बहुल क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था जारी है। लाल चौक की ओर जाने वाली सड़क पर कांटेदार तार लगाकर उसे सील कर दिया गया, जिससे पैदल यात्रियों और वाहनों की आवाजाही बाधित हुई है। प्रतिबंधों को लागू करने के लिए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस और सीआरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया। अधिकारियों ने बताया कि आज किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई। श्रीनगर के मुख्य इलाकों में भी सख्त पाबंदियां लागू हैं।

### पूर्व बीजेपी विधायक ने मुसलमानों को बताया राक्षस

**सिद्धार्थ नगर।** सिद्धार्थ नगर जिले के डुमरियागंज के पूर्व प्रदेश प्रभारी हिंदू युवा वाहिनी और पूर्व बीजेपी विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने शाहपुर स्थित हिंदू भवन में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान उन्होंने एक बार फिर अपनी मर्यादा को तोड़ते हुए मुस्लिम समुदाय पर तीखा हमला बोलते हुए खुले मंच से मुसलमानों पर निशाना साधा। बीजेपी के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मुसलमानों की तुलना राक्षसों से कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि राक्षसों का वध करने के लिए संकल्प करिए और जब राक्षस नहीं रहेंगे, तो सनातन सुरक्षित रहेगा।

## किसानों की सुरक्षा और कृषि को मजबूत करने के लिए हैं सरकार की नीतियां

# दस करोड़ किसानों को पीएम सम्मान निधि मिली

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ वेबिनार में बोले पीएम मोदी- सरकार भारतीय कृषि क्षेत्र को दुनिया के बाजार में मजबूती से खड़ा करना चाहती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय बजट से कृषि और ग्रामीण क्षेत्र में प्रगति को बल मिला है और सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों से किसानों के लिए जोखिम कम हुए है, जिससे बुनियादी आर्थिक सुरक्षा बढ़ी है।

उन्होंने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार भारतीय कृषि क्षेत्र को दुनिया भर के बाजार में मजबूती से खड़ा होने के लिए तैयार करना चाहती है। प्रधानमंत्री बजट के बाद परंपरागत वार्षिक वेबिनारों की श्रृंखला में आज तीसरे वेबिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। दिन भर के आज का विषय था- 'कृषि और ग्रामीण बदलाव'। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की चर्चा केंद्रीय बजट में घोषित पहलों को ज़मीन पर ठोस नतीजों में बदलने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कृषि कार्यक्रमों को असरदार तरीके से लागू करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच मज़बूत सहयोग की भी अपील की। संविधान के तहत कृषि अभी भी राज्य का विषय है। उन्होंने राज्यों से जिला स्तर पर बजट नियमों को मज़बूत करने और केंद्रीय पहलों का ज्यादा से ज्यादा असर डालने के लिए पॉलिसी को एक जैसा करने की अपील की। मोदी ने उद्यमियों और निवेशकों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एग्री-फिनटेक (किसानों को आनलाइन प्रौद्योगिकी आधारित कर्ज प्लेटफार्मों), भंडारण सुविधा और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में उभर रहे मौकों की तलाशने के लिए आगे आने का आह्वान किया। श्री मोदी ने किसानों की बुनियादी आर्थिक सुरक्षा बढ़ाने, उनकी फसलों का उचित लाभदायक मूल्य दिलाने और कृषि में जोखिमों को कम करने तथा संस्थागत कर्ज की सुविधा बढ़ने की दिशा में अपनी सरकार के कुछ प्रमुख कामों को गिनाया। उन्होंने कहा कि करीब 10 करोड़ किसानों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की पीएम किसान सम्मान निधि मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य में हुए सुधारों से अब किसानों को उनकी उपज पर डेढ़ गुना तक प्रतिफल मिल रहा है।

### मोदी की नीतियों के कारण कमजोर हुई विदेश नीति: खड़गे-राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर अमेरिकी दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में भारत ने अपने फैसले हमेशा खुद लिए हैं, लेकिन इधर जिस तरह से अमेरिका के इशारों पर काम हो रहा है उससे लगता है कि हम अपनी कूटनीतिक की गौरवशाली परंपरा को खो रहे हैं।रूस से तेल खरीदने की 'अनुमति' देने की अमेरिकी घोषणा, जो कि '30 दिनों की छूट' है, स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि मोदी सरकार लगातार कूटनीतिक स्वतंत्रता खो रही है। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिदूर के दौरान सबसे पहले पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा मोदी के मित्र ट्रम्प ने की, हमने नहीं। अब, अमेरिका ने भारत को 'अस्थाई 30 दिन की छूट' दी है और भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की 'अनुमति' दे दी है। व्यापार से लेकर तेल तक, आंकड़ों से लेकर मित्र देशों के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों तक, मोदी जी ने सब कुछ त्याग दिया।

## विस चुनाव: मिशन 2027 की तैयारी में जुटे सीएम योगी

**कानपुर।**



■ कानपुर में सीएम का आरएसएस संग महामंथन पूरा

शहर के नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में हुई राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की समन्वयक बैठक में शुक्रवार को सीएम योगी पहुंचे। इसमें आरएसएस के प्रमुख अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारियों भी सम्मिलित हुए। दोपहर 1.10 बजे यह बैठक खत्म हो गई।

बता दें कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव व शहर के विकास को लेकर सीएम योगी की यह कानपुर की बैठक अहम मानी जा रही है। चर्चा है कि बैठक में आगामी चुनावी रणनीति को लेकर अहम चर्चा की गई है, इसमें संघ के भी सभी बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। यहां जैसे ही बैठक शुरू हुई, तो आरएसएस के विभिन्न अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सीएम से कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहतर हुई, अपराध पर काफी हद तक अंकुश लगा है। ये भी कहा कि सूबे में शंकराचार्य मामले को लेकर चिंतन करना होगा। इसी तरह पुलिस और प्रशासनिक कार्यशैली को और सुदृढ़ बढ़ाने, जनता से अफसरों का संवाद बेहतर करने की बात भी पदाधिकारियों ने सीएम के समक्ष रखी। बैठक के दौरान भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कड़ा प्रहार करने को लेकर भी बात कही गई। पदाधिकारी बोले-सरकार की ओर से यूपी को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए बहुत अच्छा काम किया जा रहा है। इसी तरह साल 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पदाधिकारियों ने सीएम से कहा कि वह एकजुट हैं और लोगों तक सरकार की योजनाओं व गतिविधियों की जानकारी पहुंचाएंगे। संघ और सरकार में किसी तरह का कोई विरोधाभास न रहे, इसके लिए सभी अपने स्तर से प्रयासरत हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया क बैठक में सीएम ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना, साथ ही कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में हर जिले की प्रगति को लेकर बात की और जिम्मेदार पदाधिकारियों ने सीएम को पूरा फीडबैक दिया।

## पीडीए दिवस के जवाब में बसपा करेगी शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 15 मार्च को लखनऊ में होगी बड़ी जनसभा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी संस्थापक कांशीराम की जयंती को समाजवादी पार्टी की तरफ से 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा का जवाब देने की तैयारी बसपा ने कर ली है।

कांशीराम की 92वीं जयंती पर 15 मार्च को लखनऊ में आयोजित जनसभा को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की तरफ से सम्बोधित करने की संभावना है। हालांकि अभी इसकी औपचारिक पुष्टि पार्टी की तरफ से नहीं की गई है। 15 मार्च को लखनऊ के मान्यवर कांशीराम स्मृति स्थल पर आयोजित भव्य कार्यक्रम के लिए पार्टी ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से 'लखनऊ चलो' का आह्वान किया है। कार्यक्रम में प्रदेश के करीब 12 मंडलों से कार्यकर्ताओं और समर्थकों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा नोएडा में भी एक अलग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें छह मंडलों के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

वहीं पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद उसी दिन राजस्थान के भरतपुर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। बसपा के लगातार हाशिए पर जाने और पार्टी के पुराने नेताओ द्वारा दूसरे दलों में चले जाने की वजह से प्रदेश में दलित वोटों पर एकाधिकार को लेकर भाजपा व सपा लगातार प्रयासरत हैं।

## ट्रंप के आगे मोदी नतमस्तक: केजरीवाल

### पीएम देशवासियों के सामने चुप्पी का जवाब दें

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी ने अमेरिका के वित्त मंत्री की ओर से भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की इजाजत देने के बयान पर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है कि हर कदम पर आप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आगे नतमस्तक हैं।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल खड़े करते हुए देशवासियों के सामने आकर स्थिति साफ करने की मांग की है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा कि भारत को रूस से तेल खरीदने की इजाजत देने वाला अमेरिका कौन होता है? आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है कि हर कदम पर आप ट्रम्प के आगे नतमस्तक हैं? भारत का नेतृत्व तो कभी इतना कमजोर नहीं था। प्रधानमंत्री, आप भारत और भारतीय लोगों के हितों के लिए इस्तीफा दे दीजिए। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारत को रूस से तेल खरीदने की इजाजत देने वाला अमेरिका कौन होता है? भारत को अमेरिका से इघघ्त की घ्रूरत क्यों है? पिछले कुछ महीनों में देशवासियों ने बहुत पीड़ा के साथ देखा है कि किस तरह एक के बाद एक, हर कदम पर आप ट्रम्प के सामने झुक गए और आपकी उसके सामने बोलने तक की हिम्मत नहीं हुई। मोदी आखिर आपकी ऐसी कौन सी मजबूरी है जिस की वजह से आप ट्रम्प के सामने नतमस्तक हैं। केजरीवाल ने कहा कि भारत हघरों वर्ष पुराना देश है। भारत 140 करोड़ लोगों का एक महान देश है। भारत ने एक से बढ़कर एक वीर योद्धा पैदा किए हैं।

आज तक भारत ने किसी भी देश के सामने इस तरह सिर नहीं झुकाया। आज तक भारतीय इतिहास में कभी भी भारत का नेतृत्व इतना कमजोर नहीं रहा। अगर आपकी वाकई कोई ऐसी मजबूरी है, जिसका घयदा ट्रम्प उठा रहा है, तो भारत और भारतीय हितों की खातिर, कृपया इस्तीफा दे दीजिए, पर ऐसे भारत मां का सिर मत झुकाइए। सभी देशवासियों को बेहद पीड़ा हो रही है। वरिष्ठ नेता व पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कहा कि अमेरिका के वित्त मंत्री का ट्वीट पढ़कर, एक भारतीय होने के नाते खून खौल रहा है।

### नीतीश को कर दिया किनारे: कांग्रेस

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बीजेपी पर नीतीश कुमार की राजनीति खत्म करने का आरोप लगाया और कहा कि चुनाव में भी काफी दबाब के बाद नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री की घोषणा हुई थी, लेकिन अब बीजेपी ने उनकी राजनीति खत्म कर उनको किनारे कर दिया है। अजय राय लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने हालिया तेल संकट पर अमेरिका द्वारा रूस से 30 दिन खरीद की छूट देने पर भी बीजेपी पर तंज कसा और विदेश नीति पर सवाल उठाए। अजय राय ने कहा कि हमें रशिया से परमिशन लेकर तेल लेना पड़ रहा है, ये शर्मिंदगी का विषय है। नीतीश कुमार मामले में बयान देते हुए कहा कि देखिए बिहार के विधानसभा चुनावों में ही तय हो गया था कि नीतीश कुमार को ये पूरी तरीके से किनारे करेंगे और उनको उनकी राजनीति पूरी तरीके से खतम करेंगे। ये तय हो गया था, क्योंकि उनको मुख्यमंत्री की घोषणा कर नहीं रहे थे, काफी जन दबाव के बाद उनके नाम की घोषणा की गई, जिससे प्रतीत होता है कि नीतीश कुमार को भारतीय जनता पार्टी ने पूरी तरीके से निपटा दिया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 263210
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट सेंसेक्स 1,097 अंक लुढ़का

**मुंबई, पीएम**



पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 1,097 अंक (1.37 प्रतिशत) टूटकर 10 महीने से ज्यादा के निचले स्तर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 315.45 अंक यानी 1.27 प्रतिशत गिरकर 24,450.45 अंक पर आ गया, जो इसका छह महीने से अधिक का निचला स्तर है। लगातार पांच कारोबारी दिवस में यह शेयर बाजार में चौथी बड़ी गिरावट है। गुरुवार को बाजार में तेजी रही थी। मझौली और छोटी कंपनियों पर आज दबाव कम रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत गिर गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक में भी 0.24 प्रतिशत की गिरावट रही। बाजार में उथल-पुथल को नापने वाला इंडिया वीआईएक्स सूचकांक 11 से ऊपर रहा जो दिखता है कि बाजार में अनिश्चितता बढ़ी हुई है। आईटी और रसायन को छोड़कर अन्य सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बैंकिंग और रियलटी सेक्टरों में दो प्रतिशत से ज्यादा गिरावट रही। ऑटो, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। संसेक्स की कंपनियों में इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर सवा तीन फीसदी से अधिक टूटे। एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी और इंडिगो के शेयर दो से तीन प्रतिशत के बीच टूटे। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, अडानी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील और टीसीएस के शेयरों में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दामों में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,177 रुपए घटकर 1,59,409 पर आ गया है। इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 1,60,586 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोना 3 दिन में 8,000 सस्ता हुआ है। वहीं एक किलो चांदी 902 रुपए गिरकर 2,63,210 पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,64,212 लाख रुपए प्रति किलो थी। सोना-चांदी के दाम में ये गिरावट प्रॉफिट बुकिंग की वजह से आई है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन (जैसे तमिलनाडु में मद्रास ज्वेलर्स एसोसिएशन) होते हैं। ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं। ज्वेलर्स ने अपना स्टॉक किस रेट पर खरीदा है, यह भी मायने रखता है। जिन ज्वेलर्स के पास पुराने और सस्ते रेट पर खरीदा हुआ स्टॉक होता है, वे ग्राहकों से कम कीमत वसूल सकते हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2026 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे।

## दिल्ली हवाई अड्डा एशिया-प्रशांत क्षेत्र का पांचवां सबसे व्यस्त: डायल

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सिगापुर के चांगी और दक्षिण कोरिया के इंचियोन हवाई अड्डों को पीछे छोड़ते हुए एशिया-प्रशांत क्षेत्र का पांचवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बन गया है। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में एविएशन एनालिटिक्स फर्म (ओएजी) के हवाले से बताया कि जाने वाले विमानों में साल 2025 में 4.62 करोड़ सीटों की उपलब्धता के साथ दिल्ली हवाई अड्डा पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। साल 2019 में यह नौवें स्थान पर था।

इसमें 3.28 करोड़ घरेलू सीटें शामिल हैं। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जैपुरियार ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र के शीर्ष पांच सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में दिल्ली एयरपोर्ट का उभरना देश के विमानन क्षेत्र की विकास यात्रा की मजबूती और हमारी दीर्घकालिक हब विकास रणनीति की सफलता को दर्शाता है।

दिल्ली भारत का प्रमुख प्रवेश द्वार और एशिया तथा यूरोप के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क केंद्र बनता जा रहा है। हम देश में बढ़ती हवाई यात्रा की मांग और दिल्ली को वैश्विक विमानन केंद्र बनाने की दिशा में क्षमता, संपर्क और यात्री अनुभव को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ओएजी हवाई अड्डों की रैंकिंग वहां से रवाना होने वाले विमानों में उपलब्ध सीटों की संख्या के आधार पर की जाती है। दिल्ली हवाई अड्डे ने इस मामले में थाईलैंड के सुवर्णभूमि हवाई अड्डा, सिगापुर के चांगी हवाई अड्डा और दक्षिण कोरिया के इंचियोन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा को पीछे छोड़ दिया है। इस मामले में शीर्ष पांच हवाई अड्डों में टोक्यो इंटरनेशनल एयरपोर्ट (हनैदा), शंघाई पुडोंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट, ग्वांगझोउ बाययुन इंटरनेशनल एयरपोर्ट, बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट और दिल्ली एयरपोर्ट शामिल हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## केरल में होगा निष्पक्ष विधानसभा चुनाव : ईसी

**नई दिल्ली/कोच्चि।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कोच्चि में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर केरल विधानसभा चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने का भरोसा दिया। बैठक में आगामी चुनाव की तैयारियों, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकांश राजनीतिक दलों ने केरल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पूरी तरह पारदर्शी तरीके से किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**यूपीएससी...** चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा उत्तीर्ण की। अग्निहोत्री ने एम्स, जोधपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। आयोग के अनुसार दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम. रहीं जिन्होंने अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई से इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना। तीसरा स्थान अकांश ढुल को मिला, जो दिल्ली विश्वविद्यालय से बी-कॉम स्नातक हैं और उन्होंने वाणिज्य एवं लेखांकन को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया था। चौथे स्थान पर राघव झुनझुनवाला रहे, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक किया है और अर्थशास्त्र को ही वैकल्पिक विषय चुना। पांचवें स्थान पर ईशान भटनागर रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली से बीए एलएलबी (ऑनर्स) किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया। उन्होंने कहा कि शीर्ष पांच सफल उम्मीदवारों में एक महिला और चार पुरुष शामिल हैं। वहीं शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल हैं। आयोग के अनुसार शीर्ष 25 उम्मीदवारों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी, एनएलयू, एम्स, डीटीयू, अन्ना विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और मुंबई विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग, मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य, कानून, चिकित्सा विज्ञान और जनसंचार जैसे विषयों में स्नातक स्तर की रही है। इन उम्मीदवारों ने मुख्य परीक्षा में मानव विज्ञान, वाणिज्य एवं लेखांकन, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, विद्युत अभियांत्रिकी, इतिहास, गणित, चिकित्सा विज्ञान, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध, लोक प्रशासन और समाजशास्त्र जैसे विषयों को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना।

## आत्मनिर्भरता ही हर स्थिति से निपटने का मूलमंत्र: राजनाथ

**नई दिल्ली, वार्ता**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में आत्मनिर्भरता ही प्रासंगिक और हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का एकमात्र मार्ग है। सिंह ने शुक्रवार को कोलकाता में रक्षा एवं समुद्री संवाद 'सागर संकल्प- भारत का समुद्री गौरव' का उद्घाटन करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में आज अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो रहा है, इसीलिए हमारी सरकार का शुरू से यह मानना रहा है कि इस अनिश्चितता के दौर में आपूर्ति श्रृंखला में बाधा से बचने का एक मात्र उपाय है 'आत्मनिर्भरता' और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हमारी आत्मनिर्भरता के विजन की एक प्रमुख धुरी है।

इस कार्यक्रम का आयोजन गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और एक निजी मीडिया संगठन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि पुराने विचार, पुरानी वैश्विक व्यवस्था और पुरानी धारणाएं तेजी से बदल रही हैं। हमें इन अनिश्चितताओं को समझने की आवश्यकता है। पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति इसका प्रमुख उदाहरण है। वहां जो कुछ हो रहा है, वह असामान्य है। पश्चिम एशिया या हमारे पड़ोस में भविष्य की घटनाओं के बारे में ठोस टिप्पणी करना कठिन है। उन्होंने कहा कि हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य या समूचा फ़ारस की खाड़ी क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब इस क्षेत्र में अशांति होती है, तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति श्रृंखला बाधित होती दिखाई दे रही है। इन अनिश्चितताओं का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर पड़ता है। वैश्विक परिदृश्य एक असामान्य स्थिति में है और इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि यह असामान्यता अब नई सामान्य स्थिति बनती जा रही है। सिंह ने रक्षा उत्पादन को गुणात्मक और मात्रात्मक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक और नीतिगत सुधारों का उल्लेख किया। उन्होंने पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, प्रदर्शन मानक और अनुसंधान एवं विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम सरकार की आत्मनिर्भरता की दृष्टि के प्रमुख स्तंभ हैं। जहाज निर्माण क्षेत्र में जीआरएसई और अन्य शिपयार्डों को विशेष महत्व दिया गया है, ताकि घरेलू औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत और भविष्य उन्मुख बनाया जा सके।

### लंबे युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक क्षमता जरूरी: एडमिरल त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने आधुनिक दौर के युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक तैयारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि हाल के वैश्विक संघर्षों ने लंबे समय से चली आ रही इस धारणा को बदल दिया है कि भविष्य में युद्ध छोटे और निर्णायक होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा स्थितियों में मजबूत और लचीली रक्षा औद्योगिक क्षमता विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है। एडमिरल त्रिपाठी ने शुक्रवार को यहां रायसीना डॉयलाग के दौरान 'फॉर्जर्स ऑफ पीस: ऑर्डनेंस फैक्ट्रीज़ फॉर द लिबरल ऑर्डर' विषय पर आयोजित सत्र में बोलते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं ने निरंतर सैन्य तैयारी, प्रौद्योगिकी अनुकूलन क्षमता और बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादन के महत्व को रेखांकित किया है। हाल के सैन्य संघर्षों से मिले सबक के बारे में पूछे गए सवाल पर एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि मैं भू-राजनीति पर टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन पिछले तीन-चार वर्षों में दुनिया भर में जो घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि छोटे और निर्णायक युद्धों की अवधारणा पर अब सवाल उठने लगे हैं।

# मुख्यमंत्री ने की 3786 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में दिल्ली में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजधानी के विकास कार्यों में न तो बजट की कोई कमी होने दी जाएगी और न ही कोई कोताही बर्दाश्त की जाएगी। उन्होंने विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे मार्च माह के अंत तक सभी कार्यों के टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी करें और मॉनसून से पहले इन कामों को पूरा कर लें। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री विकास फंड (सीएमडीएफ), दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड (डीवीडीबी) व यमुनापार क्षेत्र विकास बोर्ड (टीवाईएडीबी) के अंतर्गत राजधानी के विभिन्न इलाकों में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक बुलाई थी। बैठक में डीवीडीबी के अध्यक्ष श्री राजकुमार चौहान, टीवाईएडीबी के अध्यक्ष श्री अरविंदर सिंह लवली सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री का कहना था कि विकास कार्यों की गति अब और तेज होनी चाहिए और विकास कार्य जमीन पर दिखने चाहिए। मुख्यमंत्री के अनुसार इन तीनों विभागों के तहत अब तक कुल मिलाकर लगभग 3,786 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि बजट का फंड विकास कार्यों में खर्च करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि नए वित्त वर्ष शुरू होते ही विकास कार्यों से जुड़ी प्रक्रिया तेजी से शुरू की जाए, ताकि तय समय पर कार्य पूरे हो जाएं। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राजधानी में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री विकास फंड (सीएमडीएफ) योजना के तहत बड़े पैमाने पर परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत अब तक 3,812 विकास परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी दी जा चुकी है, जिनकी कुल अनुमानित लागत लगभग 1798.85 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं में सड़कों और नालियों का निर्माण, जल आपूर्ति से जुड़े कार्य, स्ट्रीट लाइट, पार्कों का विकास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों को विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इनमें नगर निगम (एमसीडी), सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), डीएसआईआईडीसी और टीपीडीडीएल जैसी एजेंसियां शामिल हैं। सबसे अधिक परियोजनाएं नगर निगम के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही हैं।समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है।

इसी दिशा में दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड (डीवीडीबी) के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 707 विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिन पर लगभग 1,557 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और वहां रहने वाले लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इन विकास कार्यों को विभिन्न सरकारी एजेंसियों के माध्यम से लागू किया जा रहा है।

## आईजीआई एशिया-प्रशांत में 5वां सबसे व्यस्त एयरपोर्ट

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंत. रराष्ट्रीय एयरपोर्ट एशिया-प्रशांत क्षेत्र के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट्स में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। विमानन विश्लेषण कंपनी ओएजी के ताजा आंकड़ों में इसकी जानकारी दी गई है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआई) एशिया-प्रशांत क्षेत्र के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट्स में शामिल हो गया है। विमानन विश्लेषण कंपनी ओएजी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली एयरपोर्ट वर्ष 2025 में एशिया-प्रशांत का पाँचवां सबसे व्यस्त एयरपोर्ट बनकर उभरा है। खास बात यह है कि इसने सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट और दक्षिण कोरिया के इंचियोन इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसे बड़े वैश्विक हब को भी पीछे छोड़ दिया है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल ) द्वारा संचालित यह एयरपोर्ट 2019 में जहां नौवें स्थान पर था, वहीं 2025 में छलांग लगाकर पाँचवें स्थान पर पहुंच गया।

# चौथे चरण में मर्जेंटा व पिंक लाइन का विस्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क के बड़े विस्तार के साथ शहर और एनसीआर के बीच कनेक्टिविटी और मजबूत होने जा रही है। मेट्रो के चौथे चरण के तहत दो नए कॉरिडोर तैयार हो चुके हैं। फेज-पांच (ए) में तीन नए कॉरिडोर का निर्माण शुरू किया जाएगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने से बाहरी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और एयरपोर्ट तक यात्रा पहले से अधिक आसान हो जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार इन मेट्रो परियोजनाओं की कुल लागत 18,300 करोड़ रुपये से अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 मार्च को नए कॉरिडोर का उद्घाटन और आगामी परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। नीचे समझिए कि कौन सी मेट्रो लाइन से किन क्षेत्रों को सीधा फायदा मिलेगा। मेट्रो के चौथे चरण में जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग विस्तार परियोजना के तहत दीपाली चौक (पीतमपुरा) से मजलिस पार्क तक लगभग 9.92 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर तैयार हुआ है। इस कॉरिडोर पर कुल सात स्टेशन होंगे। मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़ और मजलिस पार्क इंटरचेंज स्टेशन होंगे। इस विस्तार के बाद मजेंटा लाइन की कुल लंबाई करीब 49 किलोमीटर हो जाएगी। इससे पीतमपुरा, प्रशांत विहार, भलस्वा और आसपास के इलाकों से सेंट्रल दिल्ली की यात्रा अधिक आसान हो जाएगी। मजलिस पार्क से मौजपुर तक 12.31 किलोमीटर लंबा नया कॉरिडोर तैयार हो चुका है। इसके शुरू होने से पिंक लाइन देश की पहली रिंग मेट्रो लाइन बन जाएगी, जो दिल्ली के कई हिस्सों को सर्कुलर नेटवर्क से जोड़ेगी। इस कॉरिडोर के प्रमुख स्टेशन होंगे।

इसके शुरू होने से बाहरी दिल्ली, उत्तर-पूर्वी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली के बीच यात्रा तेज होगी। साथ ही नोएडा और गाजियाबाद से आने वाले यात्रियों को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

# बीस लाख रुपये की इंसुलिन स्टॉक जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर दिल्ली ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट, दिल्ली सरकार ने राजधानी दिल्ली के होलस. ेल दवा मार्केट में विशेष एनफोर्समेंट ड्राइव चलाया। इस अभियान का उद्देश्य दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित और बेस्ट क्वालिटी की दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना था। विशेष रूप से इंसुलिन जैसी दवाएं, जिनके लिए सख्त कोल्ड चेन स्टोरेज और मेंटेनेंस को बनाए रखना जरूरी होता है। इंस्पेक्शन के दौरान कुल छह होलसेल दवा फर्मों की बारीकी से जांच की गई, जिनमें से चार फर्में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और ड्रग्स रूल्स, 1945 के कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करती हुई पाई गईं। निरीक्षण में बड़ी मात्रा में इंसुलिन प्रिपरेशन, जिनमें ट्रेसिबा फ्लेक्सटच 100Uml पेन, ग्लैरिटस 1100Uml कार्ट्रिज, ह्यूमलॉग मिक्स50 क्विकपेन 100न/उस, एपिड्रा सोलोस्टार 100न/उस और टूजियो सोलोस्टार 300न/उस शामिल हैं।

कुछ सैंपल ऐसे लेबल के साथ पाई गई जिनपर इंस्टीट्यूशनल सप्लाई के लिए अंकित निशान मिटाए गए थे। संबंधित फर्में इन दवाओं के स्टॉक के लिए वैध खरीद रिकॉर्ड भी पूरी तरह प्रस्तुत नहीं कर पाईं। इसके अलावा दो फर्में नॉर्मल रूम टेम्परेचर पर इंसुलिन की तैयार स्टॉक की स्टोरेज करती पाई गईं, जो तय स्टोरेज नियमों का उल्लंघन है, क्योंकि इन दवाओं के लिए सख्त कोल्ड चेन मेंटेनेंस बनाए रखना अनिवार्य होता है। इस एनफोर्समेंट ड्राइव के दौरान कुल 20 लाख 6 हजार 24 रुपए कीमत की 2104 यूनिट इंसुलिन जब्त की गई।ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की इस विशेष कार्रवाई पर जवाब देते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि लोगों के लिए सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी सरकार दवा के स्टोरेज और डिस्ट्रीब्यूशन पर सख्त रेगुलेटरी निगरानी बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इंसुलिन जैसी जीवन रक्षक दवाओं से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्शन के बाद दो फर्मों के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और ड्रग्स रूल्स, 1945 के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में दिल्ली में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए।

## एक नजर

### हिस्ट्रीशीटर साथी के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके में राहगीरों से झपटमारी और लूटपाट करने वाले हिस्ट्रीशीटर समेत दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान संदीप उर्फ डब्बू और शुभम उर्फ त्रिनट्रिन के रूप में हुई है। संदीप बुध विहार का हिस्ट्रीशीटर है और 59 वारदातों में शामिल रहा है। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद पांच वारदातों का खुलासा हुआ है। जिनके कब्जे से दो मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों को पकडने के लिये दो सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई थी। पीडिघ्तों से भी बदमाशों के चेहरे पहचान. ने में मदद ली थी। इसके अलावा बेरिकेडस लगाकर सरप्राइज चौकिंग भी की जा रही थी। मगर दोनों बदमाश पुलिस से चोर सिपाही का गेम खेल रहे थे। जिनको पुख्ता जानकारी के बाद उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया गया। दोनों लूट का सामान कहां और किसको बेचा करते थे। दोनों से पूछताछ करके उनको भी पकडने की कोशिश की जा रही है।

### महिलाएं बना रही क्रिप्टो में निवेश की योजना

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो ट्रेडिंग और निवेश प्लेटफॉर्म क्वाइनस्विच ने आज अपनी महिला यूजर्स के बीच किए गए एक देशव्यापी सर्वे के निष्कर्ष जारी किए। यह सर्वे इस बात की नई झलक देता है कि भारतीय महिलाएँ क्रिप्टो निवेश को किस तरह देख रही हैं और इसमें कैसे भाग ले रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले जारी किए गए इस सर्वे में यह साफ दिखाई देता है कि भारतीय महिलाओं के बीच डिजिटल एसेट्स को लेकर जागरूकता और भागीदारी दोनों बढ़ रही हैं। सर्वे के अनुसार, 62% महिला उत्तरदाताओं ने कहा कि वे अगले 6 से 12 महीनों में क्रिप्टो में निवेश करने की बहुत अधिक संभावना रखती हैं, जबकि 23% ने कहा कि वे कुछ हद तक निवेश करने की संभावना रखती हैं। क्वाइनस्विच के वीपी ख्र बिजनेस, बालाजी श्रीहरि ने कहा, "भारत में महिलाओं के बीच क्रिप्टो को लेकर रुचि लगातार बढ़ रही है। खास बात यह है कि कई महिलाएँ इसे काफी सोच-समझकर अपना रही हैं।

### ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा प्रमाणित किया

**नई दिल्ली।** लेजर टेक्नोलॉजीज को वर्ष 2026 के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा प्रमाणित किया गया। यह प्रतिष्ठित मान्यता पूर्णत: वर्तमान कर्मचारियों की प्रतिक्रिया पर आधारित है, जिन्होंने नेतृत्व पर भरोसा जताया, अपने कार्य पर गर्व और संगठन से गहरा जुड़ाव महसूस किया। राकेश अग्रवाल, प्रबंध निदेशक, लेजर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, "ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में मान्यता प्राप्त होना हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके पीछे प्रत्यक्ष रूप से हमारे कर्मचारियों की मेहनत है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, पंक्ति अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक, लेजर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, "हमारी संस्कृति हमारे लोगों की बात सुनने और उनकी प्रतिक्रिया पर कार्य करने से निर्मित होती है।

### समझौते पर हस्ताक्षर किए




**नई दिल्ली।** मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस ने एशियन डेवलपमेंट बैंक से गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के माध्यम से ऋण के रूप में 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर (भारतीय रुपये के समकक्ष) प्राप्त करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर एमओएचएफएल के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुकेश भवाल कहते हैं, एडीबी से प्राप्त यह वित्तपोषण हमारी जिम्मेदारीभरी विकास यात्रा के दौरान हुई एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी भाविन शाह कहते हैं, "एडीबी से प्राप्त वित्तपोषण ने हमारे वित्तपोषण आधार की मजबूती और विविधता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है।

### बीच-बचाव करने पर नहीं माना तो मार दिया चाकू

**नई दिल्ली।** नंद नगरी इलाके में बीच सड़क पर दंपती घर खर्चे को लेकर झगड़ा कर रहे थे। तभी एक व्यक्ति अपने दो साथियों के साथ बीच बचाव करने लगा। पति ने उसका विरोध किया तो व्यक्ति भड़क गया। उसने चाकू निकालकर पति के कूल्हे पर वार कर दिया। पति को लहूलुहान करके आरोपित मौके से भाग गए। घायल हालत में प्रदीप को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायल की शिकायत पर नंद नगरी थाना पुलिस ने जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है।

## कई इलाकों में पानी की आपूर्ति रहेगी बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भूमिगत जलाशय और बूस्टर पंपिंग स्टेशन की सालाना फ्लशिंग के कारण राजधानी के कई इलाकों में 7 मार्च को पानी सप्लाई प्रभावित रहेगी। पॉकेट 10 बी डीडीए फ्लैट्स जसोला विहार, डीडीए एलआईजी और जनता फ्लैट बदरपुर, बदरपुर विलेज, ढांढन मोहल्ला, यमुना विहार, भजन पुरा, सुभाष मोहल्ला, न्यू जाफराबाद डीडीए फ्लैट्स, पॉकेट आर दिलशाद गार्डन, पॉकेट-क्यू दिलशाद गार्डन, जी 6 सेक्टर-16 रोहिणी, एआई सेक्टर-5 रोहिणी, शाहबाद डेयरी, बरवाला, सेक्टर 24 रोहिणी, ए 3 सेक्टर-8 रोहिणी के आसपास इलाकों में पानी सप्लाई प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड ने प्रभावित इलाकों के निवासियों से जरूरत के मुताबिक पानी पहले से जमा करने की अपील की है।

# निगम ने किया 'स्वदेशी हाट' कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली नगर निगम द्वारा 'स्वदेशी हाट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष रेखा रानी भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ तथा वोकेशनल प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए गए, जिन्होंने उपस्थित लोगों का विशेष आकर्षण बढ़ाया। इन स्टॉलों में बनारसी साड़ियां, वस्त्र, परफ्यूम, बैग, ज्वेलरी, बेकरी उत्पाद, हस्तनिर्मित वस्तुएं तथा अन्य स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए इन उत्पादों को लोगों ने काफी सराहा और बड़ी संख्या में खरीदारी भी की।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच एवं हेल्थ चेकअप का भी विशेष स्टॉल लगाया गया था, जहां उपस्थित लोगों के लिए स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर श्रीमती सत्या शर्मा ने भी अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने भी विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया, वहां से खरीदारी की तथा महिला उद्यमियों और विक्रेताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच महिलाओं को अपने हुनर और स्वदेशी उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिलती है। इस अवसर पर सत्या शर्मा ने कहा कि 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि महिलाओं के योगदान, उनकी मेहनत और आत्मनिर्भरता को सम्मान देने तथा उनके सशक्तिकरण के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को दर्शाने का महत्वपूर्ण अवसर है। 'स्वदेशी हाट' जैसे कार्यक्रम महिलाओं को अपने कौशल और उत्पादों को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं।

# युवक को चाकू मार की थी लूटपाट, 3 धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वजीरपुर गांव के पास बाइक सवार तीन बदमाश पैदल घर जा रहे एक युवक को खंजर मार मोबाइल लूट लिया था। हालांकि अशोक नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ लिया। उनके पास से लूटा गया मोबाइल,वारदात में इस्तेमाल बाइक और खंजर बरामद कर लिया गया है।

गिरफ्तार बालिग आरोपी की पहचान अशोक विहार फेज-1 निवासी 18 वर्षीय शिवम उर्फ एडम के तौर पर हुई है। एक नाबालिग सराय रोहिल्ला के हत्या के मामले में भी वांछित पाया गया है। नॉर्थ वेस्ट जिले की डीसीपी अकांक्षा यादव ने बताया कि 3 मार्च को अशोक विहार में एक मीट की दुकान पर काम करने वाला शुभान शाम 5 बजे ड्यूटी समाप्त करने के बाद वह पैदल अपने घर जा रहा था। लगभग शाम 5:30 बजे जब वह वजीरपुर गांव स्थित चौपाल के पास पहुंचा, तभी वहां पहले से मौजूद तीन लड़के जो एक बाइक पर बैठे थे, उन्होंने उसे रोक लिया। उन तीनों ने पीड़ित को चाकू मारकर उसका मोबा. इल फोन लूट लिया और मौके से फरार हो गए। उनके बयान पर लूटपाट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। फिर सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से तीनों की पहचान कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरो. पियों ने बताया कि वह नशे की पूर्ति के लिए आपराधिक वारदात करते है।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर निगम द्वारा 'स्वदेशी हाट' कार्यक्रम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा।

# शिफ्टएड 2026 में 30 से ज्यादा ग्लोबल यूनिवर्सिटीज ने लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बदलते भू-राजनैतिक परिदृश्य में विदेश में पढ़ने का वातावरण भी बदल रहा है, ऐसे समय में आयोजित शिफ्टएड के तीसरे एडिशन में 1500+ से ज्यादा स्टूडेंट्स, 30+ ग्लोबल यूनिवर्सिटीज और 8 फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स ने हिस्सा लिया। इसका उद्घाटन दिल्ली सरकार के माननीय गृह, बिजली और शिक्षा मंत्री आशीष सूद द्वारा किया गया।

ग्रैडराइट द्वारा तैयार किए गए इस प्लेटफॉर्म पर एक दिन के लिए स्टूडेंट्स, ग्लोबल यूनिवर्सिटी लीडर्स, फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स और पॉलिसीमेकर्स ने चर्चा,



उपलब्धता और अवसरों की बातचीत के लिए हिस्सा लिया।

दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्रीआशीष सूद ने कहा, हम नरेला एजुकेशन सिटी के काम में तेजी लाते हुए एक साझा, विश्वस्तर का परिवेश विकसित कर रहे हैं, जहाँ यूनिवर्सिटी मिलकर काम कर सकें और नतीजों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। हम नरेला और केंद्र सरकार की यूनिवर्सिटी टाउनशिप पहल में तालमेल बना रहे हैं, तथा शिफ्टएड में हिस्सा लेने वाले संस्थानों को हमारे ग्लोबल बोर्ड ऑफ मेंटर्स में शामिल होने तथा इस उद्देश्य का साझेदार बनने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# युवाओं में बढ़ रही शॉर्ट वीडियो की लत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आजकल इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब शॉर्ट्स और अन्य शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय हो गए हैं। लगातार छोटे-छोटे वीडियो देखने से दिमाग जल्दी-जल्दी बदलती जानकारी का आदी हो जाता है, जिससे लंबे समय तक किसी एक काम पर ध्यान लगाना कठिन हो सकता है। इसका असर पढ़ाई, कामकाज पर भी पड़ सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक युवाओं में शॉर्ट वीडियो की लत बढ़ रही है विशेषज्ञों के अनुसार डिजिटल प्लेटफॉर्म का संतुलित उपयोग जरूरी है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बचना चाहिए और दिनभर में मोबाइल उपयोग के लिए एक तय सीमा निर्धारित करनी चाहिए। पढ़ाई, खेलकूद और सामाजिक गतिविधियों में समय देना मानसिक संतुलन और ध्यान क्षमता बनाए रखने में मदद कर सकता है।

समय रहते इस आदत पर नियंत्रण रखना जरूरी है। मोबाइल पर रील्स और शॉर्ट वीडियो देखने से ध्यान क्षमता घट सकती है। यह एक अध्ययन में खुलासा हुआ है। हाल ही में प्रकाशित एक शोध में सामने आया कि मोबाइल पर शॉर्ट वीडियो का अधिक उपयोग लोगों की ध्यान क्षमता और आत्म-नियंत्रण को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।

### मार्च के पहले हफ्ते में ही गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** मार्च के पहले हफ्ते में ही दिल्ली की गर्मी ने पिछले 15 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस साल तेजी से गर्मी बढ़ने की मुख्य वजह मजबूत पश्चिमी विक्षोभों का अभाव है। फरवरी में वर्षा नहीं के बराबर हुई तो मार्च भी सूखा ही चल रहा है। अगले एक हफ्ते के दौरान ऐसी कोई संभावना भी नहीं लग रही। दूसरी ओर आसमान एकदम साफ है। ऐसे में सूरज की तेज किरणें सीधे धरती पर पड़कर गर्मी बढ़ा रही हैं।अब अगर मौसम विभाग के पूर्वानुमान पर जाएं तो 12 मार्च तक कमोबेश ऐसा ही मौसम रहने वाला है। इस दौरान अधिकतम तापमान 36 डिग्री जबकि न्यूनतम 19 डिग्री तक चला जाएगा। दूसरी ओर बढ़ती गर्मी के बीच प्रदूषण का स्तर अब नीचे आने लगा है। गुरुवार को दिल्ली का एक्यूआइ 142 दर्ज किया गया। यह श्मध्यमश श्रेणी में तो है ही, इस वर्ष का सबसे कम एक्यूआइ भी है।

## फ्लू के मामलों में देखी जा रही बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसी आर में कई घरों में फ्लू जैसे लक्षण दिख रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि यह आमतौर पर सामान्य फ्लू जैसा है। डॉक्टरों ने सतर्क रहने की सलाह दी है। बदलते मौसम के साथ वायरल बुखार और फ्लू के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। खास तौर पर एच3एन2 इंफ्लूएंजा वायरस के संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। डॉक्टरों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। विशेषज्ञों के अनुसार, एच3एन2 फ्लू आमतौर पर बहुत ज्यादा खतरनाक नहीं होता और अधिकतर लोगों में इसके लक्षण सामान्य सर्दी-जुकाम जैसे ही होते हैं। पल्मोनरी मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉ. अक्षय बुधराजा ने बताया कि इस संक्रमण का असर मुख्य रूप से सांस की नली पर पड़ता है। इस कारण गले में खराश, हल्का गले का दर्द, खांसी, जुकाम और बुखार जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

# समस्याओं का समाधान करने वाला फर्जी बाबा पकड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौर्या एनक्लेव इलाके में एक धोखेबाज ने बुजुर्ग महिला को अपने जाल में फंसाकर ठगी की। धोखेबाज मिथुन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कबजेज से सोने का लॉकेट बरामद किया है। वह पहले भी यूपी की वारदातों में शामिल रहा है। जिसको यूपी पुलिस ने पकड़ा भी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार को पीतमपुरा की रहने वाली 65 वर्षीय बुजुर्ग राज रानी ने मौर्या एन्क्लेव पुलिस को बताया कि सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह एक कोठी में काम खत्म करने के बाद घर लौटते वक्त जीपी ब्लॉक, पीतमपुरा के सामने पहुंची। एक अंजान व्यक्ति मिला,जिसने खुद को संत बताया। जिसने उसकी सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया। उसी वक्त एक अन्य व्यक्ति वहां आया और उसकी बातें सुनने लगा। संत बताने वाले व्यक्ति ने दोनों से कहा कि वे उसके साथ 151 कदम चलें, जिससे उनकी सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी। वह उनके साथ चलते हुए फुट ओवर ब्रिज के नीचे, दिल्ली हाट के सामने स्थित पुलिस बूथ के पास पहुंची। संत बताने वाले ने उसको कहा कि अपना सोने का लॉकेट और टॉप्स दूसरे व्यक्ति को दे दो। उसने ऐसा ही किया। जिसके बाद दोनों फरार हो गए।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

## घंटो सड़क पर तड़पता रहा युवक, राहगीरों ने दी पुलिस को सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर जानी कलां गांव के सामने गुरुवार की देर रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार स्थानीय कस्बा जानी खुर्द निवासी प्यारे जिंदल का 23 वर्षीय पुत्र श्लोक जिंदल गुरुवार को अपने कार्य से बाइक से गाजियाबाद गया था। श्लोक जिंदल देर रात्रि बाइक से चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग से होता हुआ वापस गांव लौट रहा था। श्लोक जिंदल जैसे ही कांवड़ पटरी मार्ग पर जानी कलां गांव के सामने पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से श्लोक जिंदल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना का उस वक्त पता चला जब किसी राहगीर ने नहर पटरी पर पुलिस को एक युवक का शव पड़े होने की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव




की तलाशी लेने पर उसके पास में मिले आई डी कार्ड से शिनाख्त कर परिजनो को जानकारी दी। युवक श्लोक जिंदल की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उधर परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है।

# मेरठ के बहादुरपुर गांव के हर्ष नेहरा बने आईएएस

## यूपीएससी में 74वीं रैंक हासिल कर जिले का बढ़ाया मान, खुशी का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना तहसील के बहादुरपुर गांव निवासी किसान अजय नेहरा के पुत्र हर्ष नेहरा ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 74वीं रैंक प्राप्त कर जिले और परिवार का नाम रोशन कर दिया है। हर्ष की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और लोग मिठाई खिलाकर परिवार को शुभकामनाएं दे रहे हैं।

हर्ष नेहरा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कंकरखेड़ा स्थित एक विद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बीएससी बायोलॉजी की डिग्री हासिल की। पढ़ाई पूरी करने के बाद हर्ष ने सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य तय किया और दो वर्ष पहले तैयारी के लिए दिल्ली के मुखर्जी नगर चले गए, जहां उन्होंने लगातार मेहनत और लगन के साथ यूपीएससी की तैयारी की। हर्ष नेहरा ने अपने दूसरे प्रयास में ही शानदार


हर्ष नेहरा के अधिकारी बनने पर उनके घर बधाई देने पहुंचे क्षेत्रीय लोग।

सफलता हासिल करते हुए यूपीएससी में 74वीं रैंक प्राप्त कर आईएएस बनने का सपना साकार कर लिया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ गांव और पूरे मेरठ जिले में गर्व का माहौल है। हर्ष की सफलता पर क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों, शिक्षकों और सामा. जिक संगठनों के लोगों ने भी उन्हें बधाई दी है। परिवार के लोगों का कहना है कि हर्ष शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और उन्होंने कड़ी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। हर्ष नेहरा की इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को भी



हर्ष नेहरा।

प्रेरणा मिलेगी कि मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# सुभारती विश्वविद्यालय में अंग्रेजी साहित्यिक सप्ताह का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के भाषा विभाग द्वारा आयोजित विश्व विद्यालय स्तरीय अंग्रेजी साहित्यिक सप्ताह 2026 का सफल एवं उत्साहपूर्ण समापन सम्पन्न हुआ।

इस सप्ताहव्यापी साहित्यिक आयोजन में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रफत खानम, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा प्रभारी तथा डॉ. सीमा शर्मा विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन में किया गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में संप्रेषण कौशल, सृजनात्मक अभिव्यक्ति, विश्लेषणात्मक चिंतन तथा मंचीय आत्मविश्वास के विकास को प्रभावी मंच मिला। सप्ताह के प्रथम दिवस पर आयोजित नाटय एकालाप एवं भूमिका-अभिनय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने साहित्यिक एवं कल्पनाशील पात्रों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. श्वेता भारद्वाज द्वारा किया गया। इसमें रितिक धीगन एवं जॉर्ज सेलेस्टीन कासमीर ने प्रथम स्थान, विधि गोस्वामी एवं जिया मित्तल ने द्वितीय स्थान तथा अदिति वैक्सटर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय दिवस पर भारतीय अंग्रेजी लेखकों का योगदान विषय पर आयोजित शोध पत्र प्रस्तुति संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने भारतीय साहित्यकारों पर शोधपरक विचार प्रस्तुत किए। इसका मूल्यांकन डॉ. प्रीति सिंह द्वारा किया गया, जिसमें रितिक धीगन प्रथम, पावनी अरोड़ा द्वितीय तथा सामिया सिद्दीकी तृतीय स्थान पर रहीं। तृतीय दिवस पर भारतीय अंग्रेजी लेखकों विषयक साहित्यिक प्रश्ना. ेत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका संचालन एवं मूल्यांकन डॉ. अमृता चौधरी ने किया। प्रतियोगिता में सामिया सिद्दीकी प्रथम, मृणाल राज द्वितीय तथा लक्ष्य राज द्विवेदी तृतीय स्थान पर रहे। चतुर्थ दिवस पर क्या ईश्वर का अस्तित्व है? विषय पर अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने तार्किक एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया। इसमें दिव्या चौहान एवं निशिता चौहान प्रथम, भूमि एवं निखिल सिंह द्वितीय तथा अंशु कुमार एवं वैधी तृतीय स्थान पर रहे। पंचम दिवस पर पीढ़ियों की प्रति ध्वनियां विषय पर आधारित काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसमें आकांक्षा प्रथम, विधि गोस्वामी एवं जयश्री द्वितीय तथा अदिति वैक्सटर तृतीय स्थान पर रहीं। समापन दिवस पर आयोजित अंग्रेजी गीत-गायन प्रतियोगिता ने कार्यक्रम को संगीतात्मक उत्साह से भर दिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. अफरीन अल्मास द्वारा किया गया तथा विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सरताज अहमद उपस्थित रहे। इसमें तेंदाई नगालांडे, सालिफिना सिबांदा एवं लुवी कसोजी के समूह ने प्रथम स्थान, फिनिश बोथवाल एवं रितिक धीगन ने द्वितीय तथा आकांक्षा धीगन एवं निखिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूरे सप्ताह में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता, मंचीय प्रस्तुति और बौद्धिक संलग्नता उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस प्रकार






के और बड़े शैक्षणिक एवं सह पाठयक्रमीय कार्यक्रमों के नियमित आयोजन का अनुरोध किया। इस अवसर पर विवि के गणमान्य अतिथियों एवं संकाय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को समृद्ध किया, जिनमें प्रो. डॉ. सुधीर त्यागी, अधिष्ठाता, कला एवं सामा. जिक विज्ञान संकायय डॉ. सीमा शर्मा आदि का कार्यक्रम में सहयोग रहा।

# नंगली किठौर की डॉ. बी.आर. अंबेडकर लाइब्रेरी बनी ग्रामीण शिक्षा की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** विकास खंड माछरा की ग्राम पंचायत नंगली किठौर में स्थापित डॉ. बी.आर. अंबेडकर लाइब्रेरी शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुकी है। जनवरी 2022 में शुरू हुई इस लाइब्रेरी को मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल और जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने 659 नई पुस्तकों का उपहार देकर और समृद्ध किया।

नए पुस्तक संग्रह का शुभारंभ गांव के वरिष्ठ और सम्मानित नागरिकों सेवानिवृत्त शिक्षक कमल दास, ज्ञान सिंह, राजेश, प्रहलाद सिंह, हकीम, बालेश्वर, अशोक ठाकुर, चौधरी आरिफ, महफूज अली, विनय प्रधान, वीरपाल सिंह और बुद्ध प्रकाश की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को शिक्षा को जीवन का आधार बनाने और 'कलम की ताकत' से देश सेवा करने का संदेश दिया। लाइब्रेरी में अब प्रतियोगी परीक्षाओं और एनसीईआरटी की



पुस्तकों के साथ इतिहास, भूगोल, साहित्य, विश्व प्रसिद्ध उपन्यास, बच्चों की कहानियां, महापुरुषों की जीवनियां और विज्ञान से जुड़ी कई महत्वपूर्ण किताबें उपलब्ध हो गई हैं।

इससे विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर व्यापक अध्ययन सामग्री मिल रही है। पंचायत सचिवालय में स्थित यह लाइब्रेरी 24 घंटे खुली रहती है, जिससे छात्रों को पढ़ाई के लिए किसी समय की बाधा का सामना नहीं करना पड़ता। यही कारण है कि यहां से पढ़कर अब तक 30 से अधिक छात्र छात्राएं विभिन्न सरकारी विभागों में चयनित होकर गांव का नाम रोशन कर चुके हैं। आसपास के कई गांवों के विद्यार्थी भी यहां आकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ग्राम पंचायत द्वारा संचालित इस मॉडल में महिलाओं के लिए लाइब्रेरी पूरी तरह निशुल्क है, जबकि अन्य छात्रों से लिया जाने वाला मात्र 300 रुपये का सहयोग शुल्क पंचायत के OSR खाते में जमा किया जाता है। इसी राशि से लाइब्रेरी में एसी, इंटरनेट जैसी आधुनिक सुविधाओं का संचालन किया जाता है।

# डॉक्टर के हत्यारोपी तीवड़ी के विकास छोटू की तलाश

## गाजियाबाद निवासी बहन ने दर्ज कराई रिपोर्ट






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** डॉ. राजकुमार की उनके नर्सिंग होम में गोली मार कर हत्या करने के आरोपी धामपुर के ग्राम तीवड़ी निवासी विकास उर्फ छोटू की पुलिस को तलाश है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला कस्बा में धामपुर रोड पर शिवालय हेल्थ केयर सेंटर चलाने वाले डॉ. राजकुमार की बीती देर शाम उनके केबिन में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस द्वारा जांच के दौरान हत्यारोपित की बाइक और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी पहचान कर ली गई थी। वैसे तो यह बाइक धामपुर मार्ग पर स्थित ग्राम मंझेड़ा शकरू निवासी इमरान सिद्दीकी पुत्र स्व. मौहम्मद युनूस की थी। वह मच्छरदानी बेचने का काम करता है। उसने यह बाइक अपने ग्राम के समीप में ही स्थित थाना धामपुर क्षेत्र के ग्राम तीवड़ी निवासी विकास के भाई को बेची थी। पुलिस ने कल ही इमरान को उठा लिया था। उससे पूछताछ के बाद ही विकास के बारे में पता चला। समाचार लिखे जाने तक 24 घंटे बाद भी पुलिस ने इमरान को नहीं छोड़ा है।

दूसरी तरफ मूलरूप से गाजियाबाद के निवासी मृतक डॉ. राजकुमार की बहन की तहरीर पर हत्यारोपित विकास उर्फ छोटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस हत्यारोपित के बड़े भाई लोकेंद्र और आरोपित की पत्नी के साथ-साथ चिकित्सालय के पड़ौस के चिकित्सक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

गाजियाबाद के नंदीग्राम थाना क्षेत्र के डी-ब्लाक मकान नंबर 180 के मूल निवासी 38 वर्षीय अस्पताल संचालक डॉ. राजकुमार पुत्र स्व. धर्मपाल सिंह का नगीना में धामपुर रोड पर टेलीफोन एक्सचेंज के पास शिवालय हेल्थ केयर के नाम से अस्पताल है। गुरुवार शाम करीब सात बजे वह अपने केबिन में सहायक डॉ. मूसा के साथ बैठकर मरीज देख रहे थे। इसी बीच एक युवक ने दो साल के बच्चे की जांच रिपोर्ट दिखाने के बहाने वहां पहुंच कर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्यारोपित अपनी बाइक अस्तपाल के बाहर छोड़ पैदल ही फरार हो गया था। पुलिस ने बाइक व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर ली थी। जांच व पूछताछ में गोली मारने वाले आरोपी की पहचान धामपुर थाना क्षेत्र के गांव तीवड़ी निवासी विकास उर्फ छोटू के रूप में हुई है। आरोपी अपने बड़े भाई लोकेंद्र की बाइक लेकर आया था।

सीओ नगीना अंजनी चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक की बहन निशा की तहरीर पर हत्यारोपित विकास उर्फ छोटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीमें हत्यारोपित की तलाश कर रही हैं। पुलिस द्वारा हत्यारोपित के भाई और पत्नी से पूछताछ की गई है। आरोपी की पत्नी ने बताया कि वह कभी भी अपने बच्चे को इलाज के लिए मृतक चिकित्सक के पास नहीं गए थे। आरोपी विकास खेतीबाड़ी करता है और नशे का भी आदी है। पुलिस को हत्या सुपारी देकर कराए जाने का शक है। सूत्रों का कहना है कि किसी अन्य ने सुपारी देकर उसकी हत्या कराई है। नगीना के कई चर्चित दलालों की भूमिका की भी जांच पुलिस कर सकती है।

## धूमधाम से मनाया होली का त्यौहार

**राजा का ताजपुर।** होली का त्यौहार क्षेत्र में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस बार का रंग जुलूस विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। ग्रामीणों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। लेकिन इस बार जुलूस में बाबा का बुलडोजर चर्चा का विषय बना हुआ था। रंग के जुलूस में भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। मौहल्ला पुराना कुआं पर मुस्लिम समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। वह रंग और गुलाल उड़ाते नजर आए। होली के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी। जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के सहयोग की सराहना की। वहीं ग्राम के युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर एकजुटता के साथ होली के पारंपरिक गीत गाए और ढोल-नगाड़ों की धुन पर थिरके। महिलाओं और बच्चों ने भी रंगों की बौछार में उत्साह के साथ भाग लिया। जुलूस के दौरान लोग एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई देते नजर आए। होली के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया और सभी से संविधान के दायरे में रहकर त्यौहारों को हर्षोल्लास से मनाया। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह व सब इंस्पेक्टर वर्षा यादव हर गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। रमजान के पवित्र महीने में वरिष्ठ पत्रकार मुजाहिद फारूकी के नेतृत्व में होली के रंग के जुलूस का जोरदार स्वागत किया गया।

# मुर्गों के अवशेष नदी में डालें, राहगीरों में आक्रोश

## किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावली।** थाना क्षेत्र के मोटा महादेव भागूवाला बाईपास मार्ग पर सुखा नदी के पुल से नदी में मुर्गों के अवशेष से भरी पेटी डाल दी। पेटी से मुर्गों के अवशेष आवारा कुत्ते खींच कर सड़क पर लाकर डाल रहे हैं और राहगीरों के पीछे भी आवारा कुत्ते काटने को भाग रहे हैं। जिसको लेकर ग्रामीण व राहगीरों में आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह देशवाल ने



एसडीएम से फोन पर शिकायत की। शिकायत करने के बाद मंडावली पुलिस हरकत में आई और पुलिस ने अवशेष दबाने का प्रयास किया। लेकिन अवशेष कुत्तों ने खींच कर इधर-उधर सड़क पर फेंक दिए है। भूपेंद्र सिंह देशवाल ने बताया कि पहले भी कई बार अवशेष नदी में डाले गए हैं। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मुर्गों के अवशेष हटवा दिए गए थे।

# मजदूर की मौत पर बवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक मजदूर की संदिग्ध मौत का मामला गरमा गया है। शुक्रवार को मृतक के गांव नरगदी गंधु के ग्रामीणों ने नहटौर थाने पर पहुंचकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

घटना 27 फरवरी की शाम करीब 7 बजे नहटौर क्षेत्र के गांव बच्चेवाला के पास हुई थी। पुलिस को एक युवक की मौत की सूचना मिली थी, जिसकी पहचान नरगदी गंधु निवासी मजदूर सुनील कुमार के रूप में हुई। बताया गया कि सुनील उस समय अपने दो साथियों के साथ बाइक पर घर लौट रहा था। पुलिस ने शुरुआती जांच में इसे सड़क दुर्घटना माना था और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। हालांकि, सुनील की पत्नी पुर्ला. कत देवी ने पुलिस को दी गई शिकायत में पति की मौत पर संदेह जताया है। उन्होंने इसे महज एक हादसा मानने से इंकार करते हुए गहन जांच की अपील की। पत्नी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सुनील के साथ मौजूद दोनों साथियों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण नहटौर थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस से इस मामले की हर पहलू से जांच करे ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस संबंध में सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने बताया कि मजदूर की मौत के मामले में परि. जनों द्वारा दी गई तहरीर और ग्रामीणों की मांग को देखते हुए पुलिस पूरी गंभीरता से जांच कर रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साथियों से पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अमेजन इन पर वापस आ रही है इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन इंडिया ने घोषणा की है कि सैमसंग गैलेक्सी एआई से संचालित इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग ईपीएल 6 मार्च से शुरू होगी। इस दौरान पावर प्ले डील्स के तहत बेहतरीन ऑफर का चयनित संग्रह पेश किया जाएगा, जिन्हें पूरे आयोजन के दौरान हर दिन अपडेट किया जाएगा। ग्राहकों को उत्पादों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई ट्रांजेक्शन पर 4,500 रुपये तक का इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, नो कास्ट ईएमआई विकल्प और आकर्षक एक्सचेंज ऑफर का लाभ मिलेगा। इससे नए इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में अपग्रेड करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा। अमेजन इंडिया की डायरेक्टर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स जेबा खान ने कहा पिछले साल का ईपीएल हमारी उम्मीदों से भी आगे रहा और इस साल हम उस महत्वाकांक्षा को हर स्तर पर और आगे बढ़ा रहे हैं। इस वर्ष हमारा फोकस एआई-संचालित डिवाइसों पर है, जैसे एआई पीसी, स्मार्ट टीवी और ऑन डिवाइस एआई स्मार्टफोन।

# युवक ने फांसी लगा कर जान दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली की बेगावाला पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव घासीवाला में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। परि. जनों ने हत्या का आरोप लगाया है। युवक के परिजनों में कोहराम मचा है।

बेगवाला चौकी क्षेत्र के ग्राम घासीवाला कॉलोनी की निवासी 26 वर्षीय सागर सरदार उर्फ भोलू पुत्र कृष्ण सरदार का शव शुक्रवार की दोपहर गांव के बाहर ग्राम पंचायत की चरागाह की भूमि पर एक पेड़ से लटका मिला। बताया जा रहा है कि सागर कार मैकेनिक का काम करता था।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि परिजनों ने समीर पुत्र गोपाल पर सागर को पेड़ पर लटकाकर मारने का आरोप लगाया



## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

शहर कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# युवक से कई तोले सोना व लाखों रूपए की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सुहागपुर में वर्ष 2023 से लगातार एक युवक के साथ हो रही लाखों रुपये की ठगी का मामला अब सामने आया है। पीड़ित किशोर के परिजनों ने कोतवाली पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर ठगी गई रकम और सामान वापस दिलाने की मांग की है। इस मामले को लेकर शुक्रवार देर शाम तक कोतवाली धामपुर में सुहागपुर के दर्जनों ग्रामीण डटे रहे।

जानकारी के अनुसार ग्राम सुहागपुर निवासी एक पेट्रोल पंप संचालक के पुत्र के साथ वर्ष 2023 से धामपुर के कुछ युवकों द्वारा ठगी किए जाने का आरोप है। बताया जाता है कि आरोपियों ने युवक से कई तोले सोना और लाखों रुपये की नकदी ठग

## आरोपियों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग

ली। आरोप है कि इस दौरान ठगों ने सोशल मीडिया पर एक युवती का अश्लील फोटो दिखाकर युवक को डराया-धमकाया और ब्लैकमेल किया। इसी डर के चलते युवक से लगातार पैसे और सोना लिया गया।


फिलहाल यह मामला गांव से लेकर कोतवाली धामपुर तक चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं धामपुर पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एम्बुलेंस डिवाइडर से टकराई

**बिजनौर।** नूरपुर की ओर से आ रही एंबुलेंस बाइक को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकरा गई। चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से बच गया। एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन किसी को चोट नहीं आई। बिजनौर नूरपुर रोड कृष्णा कॉलेज के समीप इंडियन ऑयन पेट्रोल पंप के सामने यह घटना हुई।

# अमृत शर्मा की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

## पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, घटना में प्रयुक्त अन्य सामान बरामद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के तितरोदा गांव में अमृत शर्मा की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

मृतक अमृत शर्मा का तितरोदा गांव निवासी सोहेल पुत्र बाबू के दोस्त के साथ करीब डेढ़ वर्ष पहले मैच खेलने के दौरान विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद से ही सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के खिलाफ टिप्पणियां की जा रही थीं। इसी विवाद के चलते चिंकू पुत्र मप्पल ने अमृत को होली खेलने और दावत के बहाने बुलाया था। अमृत अपने दोस्त कार्तिक और बॉबी के साथ गांव गया था। वहां चिंकू, सोहेल, अनस, शौकीन और सोहेल पुत्र बाबू ने चिकन कॉर्नर की दुकान से चाकू उठाकर उस पर हमला कर दिया। हमले में अमृत गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता राजकिशोर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने अब सोहेल पुत्र महबूब, साजिद पुत्र अली हसन, चिंकू पुत्र महिपाल उर्फ मप्पल, अनस पुत्र शीनू और सोहेल पुत्र निजामु उर्फ निजामुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एक अभियुक्त शौकीन पुत्र मीनू अभी फरार है, जिसे जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो अवैध चाकू और एक डंडा बरामद किया है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल में जुटी है।

## व्यापारीयों ने दिया धरना, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** बस स्टेंड पर स्थित कश्यप मिष्ठान भंडार पर बाईक सवार दर्जनों नकाबपोश युवकों ने हमला बोल तोड़फोड़ की थी जिसके बाद पीड़ित नें आरोपीयों के खिलाफ तहरीर दी थी। शुक्रवार सुबह व्यापारीयों नें दुकाने बंद कर विरोध जताया और पुलिस प्रशासन से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

रटौल निवासी टीपू पुत्र रामपाल की बस स्टेंड पर कश्यप मिष्ठान भंडार के नाम से दुकान है। बुधवार रात के समय कुछ युवक दुकान पर नशे की हालत में पहुंचे थे, जिस पर टीपू के पुत्र अनुज ने उनका विरोध किया तो गुरूवार शाम बाईको पर सवार होकर नकाब लगाकर उसकी दुकान पर पहुंचे और जमकर तोडफ़ोड़ की इसके अलावा वहा मौजूद लोगो को जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित नें नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी थी लेकिन पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नही किया जिसके विरोध में शुक्रवार सुबह बस स्टैंड पर व्यापारीयों नें दुकानें बंद रखी और धरना देते हुए आरोपीयों को पकड़ने की मांग की। जहां रटौल चोकी ईन्चाज भूपेन्द्र सिंह नें उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। व्यापारीयों नें कहा अगर दो दिन में आरोपी न पकड़े गये तो एसपी आफिस पर धरना देंगे जिसके बाद धरना समाप्त किया। इस मौकें पर टीपू, कश्यप, कलवा, प्रवीन, हबीब, हसमत सहित दुकानदार मौजूद रहे।

## सुधीर कुमार ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के लुहारी गांव में वार्ड नंबर 10 के जिला पंचायत सदस्य पद के भावी प्रत्याशी सुधीर कुमार के नेतृत्व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें गांव के लोगों ने ट्रैक्टर ट्रॉलियो में सवार होकर गांव में रंग बिरंगी दुल्हडी के पावन त्यौहार को परंपरा के अनुसार हिंदू रीति रिवाज को का मिला करते हुए करते हुए जमकर होली के रंगों का त्योहार मनाया गया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे को कायम किया। इस मौके पर सभी लोगों ने गांव में रागनी कर कर पुरानी परंपरा का आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड नंबर 10 से जिला पंचायत सदस्य पद के भावी प्रत्याशी सुधीर कुमार ने सभी लोगों को बुला लगाकर रंगों की बधाई दी। लुहारी गांव के लोगों ने एक दूसरे को कंधे से कंधा मिलाकर आज होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें वार्ड नंबर 10 से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी सुधीर कुमार लुहारी ने अपने सभी युवाओं को साथ लेकर रागनियों की धुन पर नृत्य करते हुए रागिनी का आनंद लिया और गुलाल खेलते हुए होली होली मिलन समारोह को संपन्न कराया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में गांव के गणमान्य लोगों युवाओं ने भाग लिया।

## एसपी ने किया 6 इंस्पेक्टर और 3 दरोगाओं का फेरबदल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एसपी सूरज राय ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से 6 इंस्पेक्टर और 3 दरा. गाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इन तबादलों के तहत कई महत्वपूर्ण थानों में नए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

रमाला थाना प्रभारी बच्चू सिंह का सहारनपुर तबादला होने के बाद उन्हें पुलिस लाइन से संबद्ध किया गया है। वहीं, इंस्पेक्टर दीक्षित त्यागी को बड़ौत कोतवाली का नया प्रभारी बनाया गया है।

दरोगा सूर्यदीप को दोघट थाने से हटाकर रमाला थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

रमाला थाने का अतिरिक्त प्रभार अब दरोगा केवल सिंह को सौंपा गया है, जो इससे पहले पीआरओ के पद पर कार्यरत थे।

थाना सिंघावली अहीर के प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह को साइबर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। इंस्पेक्टर मनोज चल को थाना सिंघावली अहीर का नया प्रभारी बनाया गया है।

थाना शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी जितेंद्र कुमार को पीआरओ नियुक्त किया गया है। स्वाट टीम प्रभारी इंस्पेक्टर तपेश्वर सागर को थाना अपराध शाखा और एंटी फ्रॉड टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दरोगा रणजीत सिंह को थाना सिंघावली अहीर से हटाकर स्वाट टीम का प्रभारी बनाया गया है। एसपी ने सभी स्थानांतरित अधिकारियों को तत्काल अपनी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

## कार्यो को प्राथमिकता देते हुए प्रस्तावों को मानकों के अनुरूप तैयार किया जाए:डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास (DMF) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत लगभग 3 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें 2 करोड़ 40 लख रुपए तक के कार्य स्वीकृत किए जाएंगे जिसके संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत राज विभाग, विकास विभाग, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खनन विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। प्रस्तावों में पेयजल सुविधा के लिए आरओ प्लांट, यात्री शेड, वाटर कूलर, कंपोजिट विद्यालयों में एस्ट्रोनॉमी लैब की स्थापना, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, स्टेट लाइब्रेरी, मिनी कमांड सेंटर की स्थापना तथा पूर्व में स्वीकृत कार्यों के अवशेष भुगतान से संबंधित प्रस्ताव शामिल रहे। जिलाधिकारी ने प्रस्तावों पर सम्यक विचार करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए प्रस्तावों को मानकों के अनुरूप तैयार किया जाए, ताकि समिति की सहमति के बाद कार्यों को शीघ्र धरातल पर उतारा जा सके। जिला खाना अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि निदेशक भूतत्व एवं खनिज, खनन निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुसार खनन अथवा खनन समूह की सीमा से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित 5 किलोमीटर तथा अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित 10 किलोमीटर की परिधि अथवा जिले की सीमा (जो कम हो) के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास के माध्यम से विकास कार्य कराए जाते हैं। जिलाधिकारी ने सभी अधिका. रियों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय एसडीएम बागपत अमर. चंद वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिक. री डा.तीरथ लाल, डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, वन क्षेत्र अधिकारी श्रवण कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## युजीसी मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने जो रोक लगाई हम सुप्रीम कोर्ट का करते है स्वागत: शास्त्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के छपरौली रोड श्री शिव गुरुकुल स्वाधालय केंद्र संस्कृत विद्यालय परिसर में युजीसी को लेकर मीडिया के सामने रूबरू होते हुए आचार्य पंडित संदीप दत्त शास्त्री ने कहा कि युजीसी मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने जो रोक लगाई है हम सुप्रीम कोर्ट का स्वागत करते हैं मगर हम इस काले कानून का जमकर विरोध करते है। अगर सरकार द्वारा यह काला कानून वापस नहीं लिया गया तो ब्राह्मण समाज के लोग संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों को लेकर सड़कों पर उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस काले कानून को लाकर सामान्य जाति के लोगों पर अत्याचार किया हैं। हम इसकी घोर निंदा करते हैं आज आचार्य संदीप शास्त्री संस्कृत विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ मिलकर इस काले कानून का विरोध प्रकट कर रहे थे।

## एक नजर

## आईएमए भवन में एचआईवी रोकथाम एवं उपचार पर कार्यशाला अधिकारियों ने दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद में एचआईवी की रोकथाम, समय पर जांच एवं उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को आईएमए भवन, डैम्पियर नगर में एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने की। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा स्वास्थ्यकर्मियों को एचआईवी की रोकथाम, जांच एवं उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. पूजा गुप्ता (मुख्य विकास अधिकारी), डॉ. राधावल्लभ (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), डॉ. संजीव यादव (जिला क्षय रोग अधिकारी), डॉ. नीरज अग्रवाल (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. ऋतु रंजन, डॉ. रोहताश, डॉ. अनुज चौधरी, डॉ. सिद्धार्थ धनगर, बृजभान गोस्वामी तथा नेहरू युवा केन्द्र से रामवीर शर्मा उपस्थित रहे। कार्यशाला में दिशा इकाई से शाइस्ता बदर एवं ललित ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जोखिम समूह के लोगों को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों को जांच, परामर्श, उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। इससे न केवल रोग की समय पर पहचान संभव होगी बल्कि उसके प्रसार को भी रोका जा सकेगा कार्यक्रम में जनपद के चिकित्सा अधीक्षक, अपर एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी, पीपीएसए, डब्ल्यूएचपी तथा एचएलएफपीपीटी योजना के प्रतिनिधि, मथुरा, फरह एवं वृन्दावन स्थित परामर्श एवं जांच केन्द्रों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त एआरटी केन्द्र के प्रभारी डॉ. धनगर, एटीआई क्लीनिक के कर्मचारी, एडेंट संस्था के प्रतिनिधि तथा अन्य सहयोगी संगठनों के सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने कहा कि समाज में एचआईवी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

## नाबार्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मेरठ-बागपत रोड पर स्थित केनरा बैंक स्वरोजगार ग्रामीण संस्थान पर नाबार्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें नाबार्ड बैंक तथा समूह की महिलाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक देवेंद्र श्रीवास्तव ने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मनाने का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान के साथ-साथ समाज में उनकी स्थिति को मजबूत करना और समानता के लिए संघर्ष की याद दिलाना है, जिन महिलाओं ने एससीजी के माध्यम से उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। वित्तीय समावेशन और आजीविका के अवसरों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांि. कत किया। महिलाओं के योगदान की सराहना ने इस आयोजन को प्रेरणादायक और प्रभावशाली बना दिया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक अभय सिंह ने कहा कि आज महिलाएं राष्ट्रीय आजी. विका मिशन के अंतर्गत समूह बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अपना स्वयं का रोजगार करके आत्मनिर्भर बनने के लिए आप अपने पूरे समाज को एकजुट करके प्रेरित करते हुए आगे बढ़ने का सफल प्रयास करें। आर सेटी के डायरेक्टर योगेंद्र सिंह ने संस्थान द्वारा चलाए जा रही नि:शुल्क प्रशिक्षण योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर डीडीएम नाबार्ड देवेंद्र श्रीवास्तव, एलडीएम अभय सिंह, आर सेटी के डायरेक्टर योगेंद्र सिंह, एफएलसी बॉबी शर्मा, धीरजमलिक, अनुज कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## हर बार आश्वासन मिला है समाधान कुछ नहीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लुहारी गांव में नाला का गंदा पानी खेतों और रास्ते में भर रहा है, जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो रही है और रास्ता भी टूट गया है, जिससे किसानों को आर्थिक परेशानी से जूझना पड़ा रहा है। साथ ही लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। शुक्रवार को भाकियू के पदा. धिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डीएम से समस्या का समाधान कराने की मांग की।

उनका कहना था कि गांव से निकलने वाला गंदा पानी नाला से होकर जाता है। पानी अधिक होने के कारण नाला ओवरफ्लो हो गया है। गंदा पानी किसानों के खेतों में खारने से फसल बर्बाद हो रही है। रास्ते में जलभराव होने के कारण खडंजा उखड़ गया है, जिससे लोगों को आने- जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मिट्टी डालकर रास्ता बनाया हुआ है। इसी रास्ते पर भूरा देव का देवस्थान भी है। जहां गांव के अलावा आस-पास के लोगों की आस्था है। दीवाली और होली पर यहां दूर-दराज से पूजा करने के लिए श्रद्धालु पहुंचते है। उन्होंने डीएम से किसानों और श्रद्धालुओं की समस्या का समाधान कराने की मांग की। उन्होने बताया कि हर बार डीएम साहब आश्वासन देती है लेकिन बाद में समस्या का कोई समाधान नहीं होता है। इस मौके पर भीम सिंह, हिम्मत सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रमुख मार्गों पर रात के समय वाहनों की आवाजाही रोकने का चौतरफा विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** टाइगर रिजर्व से गुजरने वाले प्रमुख मार्गों पर रात के समय वाहनों की आवाजाही रोकने के आदेश से पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है। यदि जंगल मार्गों पर रात में पूर्ण प्रतिबंध लागू हुआ तो पीलीभीत का व्यापार, पर्यटन, शिक्षा, तीर्थ यात्रा और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होगा। यही नहीं, इन्हीं रास्तों से होकर लोग प्रदेश की राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी दिल्ली तक पहुंचते हैं। ऐसे में इस फैसले ने हजारों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का हवाला देते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्रशासन ने जंगल क्षेत्र से गुजरने वाले प्रमुख मार्गों पर रात के समय वाहनों की आवाजाही रोकने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी भरत कुमार डीके ने 28 फरवरी को माला और महोफ रेंजर को आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 पूरनपुर-पीलीभीत हाईवे, पीलीभीत-माधोटांडा रोड और पूरनपुर-खटीमा मार्ग पर रात के समय सामान्य वाहनों का संचालन बंद किया जाएगा। केवल एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को ही वन विभाग की स्कॉट टीम के साथ जंगल पार कराया जाएगा। आदेश की जानकारी सामने आते ही पूरनपुर, कलीनगर, माधोटांडा समेत पूरे क्षेत्र में लोगों के बीच चिंता और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहे हैं। लोगों का कहना है कि इन क्षेत्रों से जिला मुख्यालय पीलीभीत पहुंचने के यही रास्ता है।

## एसपी के निर्देश पर पटाका साइलेंसर वाली बुलेट बाइकों पर एक्शन

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देश पर शुक्रवार को यातायात पुलिस ने शहर में पटाखा (पटाका) साइलेंसर वाली बुलेट बाइकों पर कड़ा एक्शन लिया, जिसमें अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर को जब्त किया गया। शहरों में, तेज आवाज कर दहशत फैलाने वाली बाइकों को इपाउंड किया जा रहा है और भारी जुर्माना लगाया जा रहा है। यह कार्रवाई ध्वनि प्रदूषण और सुरक्षा खतरों के खिलाफ है। इस दौरान यातायात पुलिस ने कई बुलेट मोटरसाइकिलों पर कार्यवाही की। पुलिस का कहना है कि कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

**सूचना**

मेरे ड्राईविंग लाईसेंस नं. UP1720120035092 में मेरे पिता का नाम हफिजुदीन दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम हफिजु दर्ज है। हफिजुदीन व हफिजु मेरे पिता का एक ही नाम है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के नाम है।

मौ.हारून पुत्र हफिजुदीन निवासी कोताना रोड कस्बा बडौत तहसील बडौत जनपद बागपत।

## सीएम आज मथुरा वृंदावन में

**मथुरा।** कान्हा की नगरी वृंदावन में शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शनिवार सुबह आगरा में यथार्थ अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर से सीधे वृंदावन के पवनहंस हेलीपैड पर पहुंचेंगे। यहां से मुख्यमंत्री कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री ब्रज तीर्थ विकास परिषद की आठवीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता शनिवार को दोपहर दो बजे करेंगे। मुख्यमंत्री स्वयं उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद के अध्यक्ष भी हैं इसलिए इस बैठक को ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह बैठक वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान में होगी । बैठक में ब्रज क्षेत्र के विकास कार्यों तीर्थ स्थलों के सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के विषयों पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा मुख्यमंत्री बिहारी जी मंदिरऔर श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन भी कर सकते हैं।

## आपसी कहासुनी के बाद दो पक्षों में जमकर चले लात-घुसे व लाठी-डंडे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर की छत्ते वाली मस्जिद के पास आपसी कहासुनी के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर लात घुसे चले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

लोगों ने बताया कि शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान दो पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। वहां मौजूद लोगों ने दोनों को समझाकर मामला शांत कराया दिया। नमाज के बाद दोनों पक्ष के लोग सड़क पर आपस मे खिाड़ गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर लात-घूसे बरसाए। वहां मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों के लोगों को समझाने का प्रयास किया। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षो को समझाकर मामला शांत कराया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अभद्रता और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# धौलाना में नि:शुल्क मूंग बीज वितरण योजना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना विकास खंड के किसान कल्याण केंद्र, राजकीय बीज भंडार एवं कृषि रक्षा इकाई में शुक्रवार को नि:शुल्क मूंग बीज वितरण योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना का उद्घाटन धौलाना ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया ने किया। इस अवसर पर किसानों को मूंग दाल किट वितरित की गई और उन्हें सहफसली खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कृषि विभाग ने बसंतकालीन गन्ने के साथ मूंग की सहफसली खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की है। इसके तहत चयनित किसानों को मूंग का बीज नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा। किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा, जिससे



प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और अधिक किसानों को लाभ मिल पाएगा। इस अवसर पर धौलाना ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर नई योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने बताया कि गन्ने के साथ मूंग की सहफसली खेती से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी और भूमि की उर्वरता भी बनी रहेगी। सिसोदिया ने किसानों से कृषि विभाग की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने और आधुनिक खेती अपनाकर अपनी आय बढ़ाने की अपील की। धौलाना कृषि विभाग बीज गोदाम प्रभारी कपिल कुमार (एडीओ एजी) ने बताया कि किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। ई-लॉटरी में चयनित किसानों को विकास खंड स्तर पर राजकीय कृषि बीज भंडार से बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाकर बीज प्राप्त करना होगा। बुकिंग की अंतिम तिथि 9 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।

# जनगणना-2027 को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम ने अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** आगामी जनगणना-2027 को लेकर जिले में प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना से संबंधित तैयारियों, व्यवस्थाओं और अधिकारियों की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को लेकर सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत 20 मार्च 2026 तक संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या न आए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश का सबसे बड़ा प्रशासनिक और सांख्यिकीय कार्य होता है, इसलिए इसकी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं। बैठक में यह भी बताया गया कि शासन स्तर से जनगणना-2027 के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है, जो जिले में जनगणना से जुड़ी तैयारियों की निगरानी और समन्वय का कार्य करेगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनगणना से जुड़े सभी कार्यों को गंभीरता से लेते हुए समय पर पूरा किया जाए, ताकि आगामी प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके।

# मांगों को लेकर सड़क पर उतरे एसकेडी कार्यकर्ता, पुलिस से हुई बहस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विभिन्न मांगों को लेकर शोषित क्रांति दल (एसकेडी) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शहर में जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने आवास विकास कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर जुलूस को आगे बढ़ने से रोक दिया, जिसके बाद कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। बाद में संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन सीओ ट्रैफिक राहुल यादव को सौंपा।

दरअसल, शोषित क्रांति दल की ओर से पहले ही घोषणा की गई थी कि संगठन के कार्यकर्ता पुलिस की कथित मनमानी और उत्पीड़न के विरोध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करेंगे। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया और एसकेडी के पूर्व जिला अध्यक्ष केपी सिंह के आवास के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पुलिस की इस कार्रवाई के विरोध में केपी सिंह और संगठन के कार्यकर्ता उनके आवास के बाहर ही धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। कुछ समय बाद कार्यकर्ता जुलूस के रूप में एसपी कार्यालय की ओर बढ़ने लगे। जब जुलूस आवास विकास कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर पहुंचा तो नगर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार पांडे ने पुलिस बल के साथ उन्हें रोक लिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच काफी देर तक तीखी बहस होती रही। प्रदर्शन के दौरान संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता अजब सिंह ने आरोप लगाया कि



पुलिस प्रशासन अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने वालों को दबाने का प्रयास कर रहा है। वहीं, अभिषेक लंकेश ने कहा कि रास्ता रोकने से संगठन की आवाज को दबाया नहीं जा सकता और वे न्याय के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। संगठन के कार्यकर्ता दीपक बौद्ध ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीन दिन के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो अगली बार सिग्नेचर बिल्डिंग के बाहर बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि करीब चार वर्ष पूर्व एसकेडी के पूर्व जिला अध्यक्ष केपी सिंह के घर में घुसकर जानलेवा हमला किया गया था। इस मामले में थाना धौलाना में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप है कि अब तक पुलिस ने मुख्य आरोपी का नाम और लूट से संबंधित धारा मुकदमे में शामिल नहीं की है। इसी संबंध में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सीओ ट्रैफिक राहुल यादव को सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की गई।

# ढाबे पर युवक ने अपना गला रेत कर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक ढाबे पर गुरुवार देर रात 22 वर्षीय युवक ने अपना गला रेतने की वजह से मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के दौरान ढाबे में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सलमान के रूप में हुई है, जो बरेली जिले के साईं थाना क्षेत्र के धुनका गांव का रहने वाला था। वह दिल्ली के सफदरजंग इलाके में एक हेयर सैलून में काम करता था। बताया जा रहा है कि वह गुरुवार रात दिल्ली से अपने घर बरेली जाने के लिए एक शेयरिंग कार में सवार होकर निकला था। रास्ते में देर रात करीब 11:15 बजे गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में स्थित चिकन पॉइंट ढाबे पर कार रुकी। कार में सवार सभी यात्री खाना खाने के लिए ढाबे के अंदर चले गए। इसी दौरान अचानक युवक ने चाकू उठाया और चलते चलते अपना गला रेत लिया जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही देर में वह जमीन पर गिर पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए युवक को अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि युवक जिस कार से यात्रा कर रहा था, उसमें पांच से छह अन्य यात्री भी सवार थे, लेकिन उनमें से कोई भी उसे पहले से नहीं जानता था। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

# शिया नगर रझेटी में मनाया गया मातम, खामेनाई को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ईरान के सुप्रीम लीडर खामनोई की हत्या को लेकर गम और गुस्से के माहौल के बीच शिया समुदाय ने गहरा दुख जताते हुए कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी।

सुप्रीम ईरानी लीडर आयतुल्लाह खामनोई की अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में हुई मौत को लेकर शिया समुदाय में गम और गुस्से का माहौल बना हुआ है। शिया नगर के नाम से प्रसिद्ध बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव रझेटी में सैकड़ो लोग इकट्ठे हुए, जिन्होंने खामनोई की हत्या पर गहरा दुख जताते हुए अमेरिका और इजरायल की कड़े शब्दों में निंदा की। इस दौरान सैकड़ो लोगों ने कैंडल मार्च भी निकाला,



जिसमें युवा वर्ग अपने हाथों में नारे लिखी हुई तख्तियां हाथ में लिए हुए थे। जिन पर जब तक सूरज चांद रहेगा खामनोई तुम्हारा नाम रहेगा। तुम्हारी मौत का बदला लेकर रहेंगे लेकर रहेंगे। अमेरिका इसराइल और उनके मददगार मुल्कों को मिट्टी में मिला देंगे जैसे नारे लिखे हुए थे। पूर्व प्रधान अली हसन, नाजिम हुसैन, जव्वाद हुसैन ने फिलिस्तीन और गाजा पट्टी में मासूम बच्चे और औरतें का कटले आम मचाने के बाद ईरान पर बमों से हमला करने वाले इसराइल और अमेरिका का साथ दे रहे मुस्लिम मुल्कों पर लानत भेजते हुए एक दिन खुद भी इसका खामियाजा भुगतने का दावा किया। इसके उपरांत जामा मस्जिद में मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें खिताब करते हुए मौलाना बाकिर रजा सैय्यदी ने ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनोई की हत्या को गरीब मजलूमों के साथ ही मजहबे इस्लाम के लिए बहुत बड़ा आघात बताया। उन्होंने सब्र और संयम से काम लेते हुए दिवंगतो की मगफिरत को दुआ और गरीब मजलूमों में खैरात, जकात, फितरा बांटकर अमन और अमान की दुआ करने का आहवान भी किया।

## बिक्री की गई गाड़ी का पैसा ना देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव सिखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने गाड़ी बेचने के बाद भी पूरी रकम न मिलने और वाहन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी मनीष ने थाने में तहरीर देकर उल्लेख किया कि 28 मार्च 2025 को उन्होंने अपनी कमर्शियल टाटा 709 गाड़ी (नंबर यूपी37एटी6404) पिलखुवा निवासी को 2 लाख 20 हजार रुपये में बेची थी। गाड़ी बेचते समय यह तय हुआ था कि पूरी रकम दो महीने के भीतर अदा कर दी जाएगी। लेकिन एक साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद गाड़ी की पूरी कीमत नहीं चुकाई। इसके अलावा गाड़ी की मासिक किस्तें भी जमा नहीं की जा रही हैं। पीड़ित का कहना है कि कई बार तकादा करने के बावजूद आरोपी भुगतान करने से बच रहा है। इससे उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। आरोपी ने गाड़ी अपने नाम ट्रांसफर भी नहीं कराई है। गाड़ी अब भी कागजों में उनके नाम पर ही दर्ज है। उन्होंने बताया कि आरोपी बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले ड्राइवरों से गाड़ी चलवा रहा है, जिसके कारण लगातार चालान कट रहे हैं। चूंकि गाड़ी कागजों में उनके नाम पर है, इसलिए चालानों का भुगतान भी उन्हें ही करना पड़ रहा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में पूर्व आर्मी मैन की हुई मौत

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव के निकट स्याना-गढ़ मार्ग पर बाइक सवार पूर्व फौजी को पीछे से आए अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी मौत हो गई। पूर्व फौजी की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जनपद बुलंदशहर के थाना बीबीनगर के गांव लुदपुरा निवासी 48 वर्षीय अनिल सेना से सेवानिवृत्त हो चुके है। सेवा निवृत होने के बाद वह बहादुरगढ़ के गांव सिकंदरपुर स्थित पावर प्लांट में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार सुबह वह अपनी बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने उनको स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उनको चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। दस्तावेजों के आधार पर मृतक की शिनाख्त के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को सूचित किया।

## मुखराई में 108 दीपों के साथ हुआ चरकुला नृत्य जिपंअ-विधायक ने संयुक्त रूप से किया शुभारंभ

**मथुरा।** बृज की अधिष्ठात्री देवी श्री राधा रानी की ननिहाल गांव मुखराई में बीतीरात 5 हजार वर्ष पुरानी परंपरा पुनः जीवंत हो उठी। गांव मुखराई की महिलाओ ने परम्परागत तरीके से विश्व प्रसिद्ध चरकुला नृत्य कर सभी का मनमोह लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी और गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष (गोवर्धन) ठाकुर परशुराम ने चरकुला नृत्य का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया। पूरा गाँव राधा रानी की नानी 'मुखरा देवी' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मुख्य अतिथियों का ब्रज लोक कला फाउंडेशन के दानी शर्मा, राम किशोर शर्मा और राहुल दुबे सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने पटुका पहनाकर व श्रीराधाकृष्ण की छवि भेंटकर भव्य स्वागत किया। चरकुला नृत्य का मुख्य आकर्षण वह क्षण रहा जब महिला कलाकारों ने अपने सिर पर 108 जलते दीपकों का भारी-भरकम पिंजरा रखकर नृत्य का प्रदर्शन किया। इस कठिन साधना और संतुलन को देख उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। नृत्य की शुरुआत जय देवी ने ठाकुर मदन मोहन जी के द्वार से की, जिसके बाद जानकी, विजय देवी, उर्मिला देवी और नीतू जैसी नृत्यांगनाओं ने बारी-बारी से अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को दाँतों तले उंगलियाँ दबाने पर मजबूर कर दिया। 'जुग-जुग जियो तुम नाचन हारि' की गूँज व लोकगीतों की मधुर तान के बीच जहाँ हुरियारिनों ने हुरियारों पर प्रेम की लाठियाँ बरसाईं, वहीं हुरियारों ने "जुग-जुग जियो तुम नाचन हारि..." जैसे पारंपरिक लोकगीतों से नृत्यांगनाओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने उपस्थित जनसमूह के साथ ब्रज की प्राचीन और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का आनंद लिया तथा चरकुला नृत्य के माध्यम से ब्रज की लोक संस्कृति और विरासत को सहेजने के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ब्रज की लोक परंपराएं हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं, जिन्हें सहेजना और नई पीढ़ी तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## दो बदमाश तमंचों सहित गिरफ्तार

**हापुड़।** मेरठ परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना धौलाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को फेस-2 से रावली नहर पुल जाने वाले रास्ते से चेकिंग के दौरान दबोचा। आरोपितों के कब्जे से दो अवैध तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध की रोकथाम और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना धौलाना पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी।


**यात्रीगण कृपया ध्यान दें**

**होली उपरांत विशेष रेलगाड़ियाँ-2026**

होली के उपरान्त रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

**04162 नई दिल्ली-कानपुर सेन्ट्रल अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04162 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | --- | 09:30 |
| कानपुर सेन्ट्रल | 17:30 | --- |

चलने के दिन : 04162 नई दिल्ली से दिनांक 07.03.2026 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : अलीगढ़ जं. एवं पनकी धाम स्टेशन।

**04163/04164 कानपुर सेन्ट्रल-नई दिल्ली-कानपुर सेन्ट्रल विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 04163 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04164 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:30 | कानपुर सेन्ट्रल | 17:30 | --- |
| 07:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 09:30 |

चलने के दिन : 04163 कानपुर सेन्ट्रल से दिनांक 07.03.2026, 08.03.2026 एवं 09.03.2026 तथा 04164 नई दिल्ली जं. से दिनांक 08.03.2026, 09.03.2026 एवं 10.03.2026 को।
स्थान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : पनकी धाम एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।

**03257/03258 दानापुर-आनंद विहार टं.-दानापुर साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 03257 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03258 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 07:30 | दानापुर | 20:45 | --- |
| 00:30 | --- | आनंद विहार टं. | --- | 05:00 |

चलने के दिन : 03257 दानापुर से दिनांक 15.03.2026 से 29.03.2026 तक (प्रत्येक रविवार) तथा 03258 आनंद विहार टं. से दिनांक 16.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : आरा, बक्सर, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., सूबेदारगंज एवं गोविंदपुरी स्टेशन।

**05219/05220 मुज़फ्फरपुर जं.-आनंद विहार टं.-मुज़फ्फरपुर जं. साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 05219 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05220 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 13:30 | मुज़फ्फरपुर | 09:45 | --- |
| 10:00 | --- | आनंद विहार टं. | --- | 12:00 |

चलने के दिन : 05219 मुज़फ्फरपुर से दिनांक 13.03.2026 से 27.03.2026 तक (प्रत्येक शुक्रवार) तथा 05220 आनंद विहार टं. से दिनांक 14.03.2026 से 28.03.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता एवं 3 टियर वाता (इकोनोमी)।
ठहराव : हाजीपुर जं., सोनपुर जं., पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविंदपुरी स्टेशन।

**03293/03294 पटना जं.-नई दिल्ली-पटना जं. विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 30 फेरे**

| गाड़ी सं. 03293 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03294 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:00 | पटना जं. | 12:25 | --- |
| 12:50 | --- | नई दिल्ली | --- | 14:15 |

चलने के दिन : 03293 पटना जं. से दिनांक 16.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रतिदिन) तथा 03294 नई दिल्ली से दिनांक 17.03.2026 से 31.03.2026 तक (प्रतिदिन) को।
स्थान : 3 टियर वाता, 3 टियर वाता (इकोनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : दानापुर, आरा, बक्सर, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., सूबेदारगंज एवं गोविंदपुरी स्टेशन।

**03639/03640 धनबाद जं.-शकूरबस्ती-धनबाद जं. द्वि-साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे**

| गाड़ी सं. 03639 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03640 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:30 | धनबाद जं. | 23:45 | --- |
| 18:10 | --- | शकूरबस्ती | --- | 21:10 |

चलने के दिन : 03639 धनबाद जं. से दिनांक 13.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार) तथा 03640 शकूरबस्ती से दिनांक 14.03.2026 से 31.03.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : एनएससी बोस जे गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं दिल्ली जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**03697/03698 शेखपुरा जं.-आनंद विहार टं.-शेखपुरा जं. विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 4 दिन) — 18 फेरे**

| गाड़ी सं. 03697 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03698 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:30 | शेखपुरा जं. | 14:45 | --- |
| 11:40 | --- | आनंद विहार टं. | --- | 13:30 |

चलने के दिन : 03697 शेखपुरा जं. से दिनांक 16.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार एवं शनिवार) को तथा 03698 आनंद विहार टं. से दिनांक 17.03.2026 से 31.03.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, शनिवार एवं रविवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता सह 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : वारिसलीगंज, नवादा, तिलैया, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं टूंडला जं. स्टेशन।

**02397/02398 शेखपुरा जं.-आनंद विहार टं.-शेखपुरा जं. साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| गाड़ी सं. 02397 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02398 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:30 | शेखपुरा जं. | 14:45 | --- |
| 11:40 | --- | आनंद विहार टं. | --- | 13:30 |

चलने के दिन : 02397 शेखपुरा जं. से दिनांक 22.03.2026 से 29.03.2026 तक (प्रत्येक रविवार) को तथा 02398 आनंद विहार टं. से दिनांक 23.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, 3 टियर वाता (इकोनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : वारिसलीगंज, नवादा, तिलैया, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं टूंडला जं. स्टेशन।

**03309/03310 धनबाद जं.-दिल्ली जं.-धनबाद जं. द्वि-साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 10 फेरे**

| गाड़ी सं. 03309 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03310 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:10 | धनबाद जं. | 13:00 | — |
| 18:05 | 18:15 | वाराणसी जं. | 03:25 | 03:35 |
| 09:15 | --- | दिल्ली जं. | --- | 11:45 |

चलने के दिन : 03309 धनबाद जं. से दिनांक 14.03.2026 से 28.03.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार) को तथा 03310 दिल्ली जं. से दिनांक 15.03.2026 से 29.03.2026 तक (प्रत्येक बुधवार एवं रविवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता (इकोनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : एनएससी बोस जे गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं टूंडला जं. स्टेशन।

**05575/05576 सहरसा जं.-आनंद विहार टं.-सहरसा जं. साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| गाड़ी सं. 05575 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05576 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:00 | सहरसा जं. | 10:30 | — |
| 18:32 | 18:34 | बरेली | 10:38 | 10:40 |
| 21:20 | 21:25 | मुरादाबाद | 09:05 | 09:10 |
| 01:05 | --- | आनंद विहार टं. | --- | 05:15 |

चलने के दिन : 05575 सहरसा जं. से दिनांक 18.03.2026 से 25.03.2026 तक (प्रत्येक बुधवार) को तथा 05576 आनंद विहार टं. से दिनांक 24.03.2026 से 31.03.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता (इकोनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गढ़ बरुआरी, सुपौल, सरायगढ़, निर्मली, घोघरडीहा, झंझारपुर, सकरी जं., शिशो, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोण्डा जं., सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**05579/05580 पूर्णियाँ कोर्ट-आनंद विहार टं.-पूर्णियाँ कोर्ट विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 3 दिन) — 12 फेरे**

| गाड़ी सं. 05579 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05580 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 16:30 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | — |
| 18:32 | 18:34 | बरेली | 10:38 | 10:40 |
| 21:20 | 21:25 | मुरादाबाद | 09:05 | 09:10 |
| 01:05 | --- | आनंद विहार टं. | --- | 05:15 |

चलने के दिन : 05579 पूर्णियाँ कोर्ट से दिनांक 17.03.2026 से 29.03.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार) को तथा 05580 आनंद विहार टं. से दिनांक 19.03.2026 से 29.03.2026 तक (प्रत्येक वीरवार, शुक्रवार एवं रविवार ) को।
स्थान : 3 टियर वाता (इकोनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बनमनखी जं., मुरलीगंज, दौरम मधपुरा, सहरसा जं., गढ़ बरुआरी, सुपौल, सरायगढ़, निर्मली, घोघरडीहा, झंझारपुर, सकरी जं, शिशो, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोण्डा जं., सीतापुर जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ऑनलाइन सट्टेबाजी गैंग का भंडाफोड़

## पांच आरोपी गिरफ्तार, 32 मोबाइल समेत भारी मात्रा में उपकरण बरामद





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** टी-20 वर्ल्ड कप मैचों पर सट्टा लगवाने वाले एक संगठित गैंग का नोएडा पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगवा रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए हैं।

आरोपी सेक्टर-113 थाना की एक हाइराइज सोसाइटी में फ्लैट किराए पर लेकर सट्टा चला रहे थे। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने करीब डेढ़ महीने पहले ही यह फ्लैट किराए पर लिया था और यहीं से क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाने का नेटवर्क चला रहे थे। फ्लैट को पूरी तरह मिनी कंट्रोल रूम की तरह तैयार किया गया था, जहां से मोबाइल फोन और इंटरनेट के जरिए सट्टेबाजी का संचालन किया जा रहा था। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि इलाके में कुछ लोग क्रिकेट मैच पर सट्टा लगवा रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना सेक्टर-113 पुलिस ने छापेमारी की। छापे के दौरान आरोपी भारत और इंग्लैंड के मैच पर सट्टा लगवा रहे थे। मैच पर ZOOM APP व ZOOM AUDIO के जरिए और फोन से सट्घ्टा खिलवाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गैंग के सरगना विनय सहगल, नवदीप, राजीव शर्मा, सलिल सेठ और देव कुमार के रूप में हुई है। यह लोग मोबाइल ऐप और फोन कॉल के जरिए अलग-अलग लोगों से सट्टा लगवाते थे।छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं।

इनमें 3 लैपटॉप, 3 टैबलेट, 32 मोबाइल फोन और एक प्रिंटर शामिल हैं। इन उपकरणों का इस्तेमाल सट्टे का हिसाब-किताब रखने और नेटवर्क से जुड़े लोगों से संपर्क करने में किया जाता था। पुलिस का कहना है कि इतने ज्यादा मोबाइल फोन का इस्तेमाल अलग-अलग आईडी और नंबरों से सट्टा चलाने के लिए किया जा रहा था।

**बैंक खातों और नेटवर्क की जांच शुरू:** पुलिस अब आरोपियों के बैंक खातों और उनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि सट्टे का यह नेटवर्क कई शहरों तक फैला हो सकता है। थाना सेक्टर-113 पुलिस का कहना है कि आरोपियों के मोबाइल और लैपटॉप से डाटा खंगाला जा रहा है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि सट्टेबा. जी में कितनी रकम का लेन-देन हुआ और इस गिरोह से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिली एनओसी

■ **एयरोड्रम लाइसेंस के लिए डीजीसीए करेगा निरीक्षण, इसके बाद उड़ान भरेंगे विमान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा मानकों के अनुरूप मिली। इसके बाद नगर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बकास) ने एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को एनओसी जारी कर दी है। इससे एयरोड्रम लाइसेंस मिलने का रास्ता साफ हो गया है। एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के साथ ही एयरपोर्ट पर हवाई सेवा शुरू की जा सकेंगी।

डीजीसीए की टीम एयरपोर्ट का जल्द निरीक्षण करेगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि नगर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बकास) ने एंटी हाइजैक कंटीजेंसी प्लान को मंजूरी दी थी। गुरुवार देर शाम बकास ने एयरपोर्ट को सशर्त समग्र सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एनओसी जारी कर दी है।

**एंटी हाइजैक कंटीजेंसी प्लान के बाद मिली एनओसी:** किसी भी एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए एंटी हाइजैक कंटीजेंसी प्लान (विमान के हाइजैक होने या बम की सूचना मिलने पर इसका काम शुरू) बेहद अहम मानक है।

एंटी-हाइजैक कंटीजेंसी प्लान एयरपोर्ट की आपातकालीन सुरक्षा योजना है। इसके तहत विमानन कंपनियां, एयरपोर्ट अथॉरिटी, सुरक्षा एजेंसी, सरकार मिलकर कार्रवाई करती हैं।

**सभी प्रकार के सुरक्षा उपकरण लगाए गए:** यह मंजूरी तभी मिलती है, जब इससे संबंधित उपकरण समेत सभी सामान एयरपोर्ट पर स्थापित हो जाते हैं। लंबे समय से एयरपोर्ट पर इन उपकरणों को स्थापित करने के साथ ही इनकी क्षमता परखने की प्रक्रिया चल रही थी। जांच के बाद सभी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था को मानक के अनुरूप पाया गया।

# छात्रा से ऑनलाइन ठगी




■ **सूट ऑर्डर करने के नाम पर 15 हजार रुपये गंवाए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक छात्रा ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। अज्ञात साइबर ठग ने उससे सूट मंगाने के नाम पर लगभग 15 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित छात्रा ने शुक्रवार को दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित छात्रा खुशी ग्रेटर नोएडा के एक कॉलेज में पढ़ती है। कुछ दिन पहले उसने सोशल मीडिया पर एक सूट का विज्ञापन देखा था, जो उसे पसंद आ गया। उसने दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सूट बुक किया और अग्रिम भुगतान के तौर पर 1399 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। छात्रा का आरोप है कि भुगतान के कुछ देर बाद उसी नंबर से उसे कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि सूट को कूरियर से भेजने के लिए अलग से चार्ज देना होगा। इसके बाद आरोपी ने छात्रा के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा और उसे डिलीवरी चार्ज जमा करने के लिए उस लिंक का उपयोग करने को कहा। जैसे ही छात्रा ने लिंक खोलकर भुगतान की प्रक्रिया पूरी की, उसके बैंक खाते से अचानक लगभग 14 हजार रुपये कट गए। इस तरह कुल मिलाकर लगभग 15 हजार रुपये की ठगी हुई। ठगी का अहसास होने पर छात्रा ने आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन बंद मिला और उसने कॉल रिसीव करना बंद कर दिया।

इसके बाद पीड़ित ने दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और संबंधित नंबर व लिंक की पड़ताल की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमिका और उसके दो भाई गिरफ्तार

## होली के दिन पत्नी के सामने बॉयफ्रेंड को मारी थी गोली, जबरदस्ती शादी करना चाहती थी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-75 स्थित सोसाइटी में बुधवार दोपहर पत्नी के सामने प्रेमी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में प्रेमिका और उसके दो भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने परि. जनों की शिकायत पर थाना-113 में मुकदमा दर्ज किया था।

इनके नाम लब्बु उर्फ लोकेन्द्र सोलंकी, निखिल सोलंकी, प्रिया सिंह पुत्री सुभाष सोलंकी को पर्थला डूब क्षेत्र कब्रिस्तान सर्विस रोड़ से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से घटना में प्रयोग की गई एक फ्रॉन्क्स कार (बिना नंबर) व 01 पिस्टल . 32 बोर 02 कारतूस बरामद किए गए है। वहीं घटना में शामिल एक बाल अपचारी उम्र 16 साल को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

इन लोगों ने आईवीवाई काउंटी सोसाइटी सेक्टर-75 के मार्केट में साहिल सिंघल की गोली मारकर हत्या कर दी थी एवं मौके से अपनी कार फ्रॉन्क्स को लेकर फरार हो गए थे।

**शादी का बना रही थी दबाव:** पुलिस के मुताबिक सेक्टर-75 स्थित आईवीवाई काउंटी सोसाइटी में प्रॉपर्टी डीलर साहिल सिंघल परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में माता-पिता, पत्नी और दो बच्चे हैं। करीब चार वर्ष पहले साहिल की मुलाकात गाजियाबाद के विष्णु एन्क्लेव में रहने वाली प्रिया सोलंकी से हुई। प्रिया नोएडा की एक कंपनी में काम करती थी। इसी दौरान दोनों का रिश्ता प्रेम संबंध में बदल गया। प्रिया शादी करने के लिए साहिल पर दबाव बनाने लगी, लेकिन साहिल ने दूरी बनाना शुरू कर दिया।

**शादी से इंकार करने पर भाइयों ने मारी गोली:** इसी मुद्दे पर बात करने के लिए बुधवार दोपहर प्रिया अपने भाई निखिल सोलंकी, लोकेंद्र उर्फ लब्बू सोलंकी और पड़ोसी लक्की के साथ कार से आईवीवाई काउंटी सोसाइटी पहुंची। होली पर मिलने के बहाने आए चारों को साहिल ने सोसाइटी में प्रवेश दिलाया। चारों सीधे साहिल के फ्लैट पर पहुंचे। जहां पर उन्हें साहिल की मां सीमा सिंघल मिलीं।

जहां से आरोपियों को पता चला कि साहिल अपनी पत्नी के साथ भूतल पर होली खेल रहा है, सभी लोग सीधे वहीं पहुंच गए। प्रिया ने फिर साहिल के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे साहिल ने ठुकरा दिया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, तभी निखिल ने अवैध पिस्टल से साहिल को उसकी पत्नी के सामने गोली मार दी।

## एक नजर

### होली के बाद काम पर लौटे प्रवासी कई इलाकों में लगा जाम

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** शुक्रवार को शहर की कई सड़कों पर लोग जाम से जूझते नजर आए। दफ्तर से लौटते वक्त शाम को सेक्टर 52 मेट्रो के पास, मॉडल टाउन समेत दूसरे इलाकों में जाम में वाहन चालक फंसे रहे। कुछ ऐसा ही मंजर, सेक्टर 18, सेक्टर 94, डीएनडी, महामाया फ्लाईओवर, राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल, सेक्टर 52, सेक्टर 71 अंडरपास, पर्थला, मॉडल टाउन आदि जगहों पर भी देखने को मिला। जाम में फंसे चालकों ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए यातायात व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए। अधिकारियों को टैग करते हुए एक यूजर ने लिखा कि अक्सर सेक्टर-71 अंडरपास में जाम में फंसने से समय खराब होता है। शिकायत के बाद भी सुधार नहीं होता। वहीं, होली के बाद प्रवासी भी काम पर लौट आए हैं। छुट्टी के बाद ऑफिस वगैरह भी खुल गए हैं। सड़कों पर जाम का एक प्रमुख कारण यह भी रहा।

### सोसाइटी में सभी सुविधा न मिलने से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित बुलंद एलिवेट सोसाइटी में लोगों को सुविधाएं न मिलने के कारण परेशानी हो रही है। उनके आरोप है कि सोसाइटी में क्लब हाउस व पार्किंग बनाकर बिल्डर द्वारा नहीं दिया गया है, जिसको लेकर कई बार मांग भी की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। सोसाइटी में रहने वाले हरदम व जितेंद्र ने बताया कि परिसर में अभी एक टावर में ही लोग रह रहे हैं, जिसमें करीब 120 परिवार रहते हैं, लेकिन बिल्डर द्वारा आधी अधूरी सुविधाओं के साथ लोगों को सौंप दिया गया है। सोसाइटी परिसर में क्लब हाउस का निर्माण नहीं किया गया है।

पार्क की भी कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण लोग अपने घर में ही रह जाते हैं, उनके पास बाहर बैठने या टहलने के लिए कोई स्थान नहीं है। साथ ही, पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। बेसमेंट का कार्य अभी अधूरा है। लोग बाहर खुले में ही अपने वाहनों को इधर-उधर खड़ा करते हैं, जिससे कई बार आने जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। साथ ही सोसाइटी का रास्ता भी ठीक रूप से नहीं बना है। कई जगह से टूटा हुआ है। ऐसे में लोगों को दिक्कत होती है। इन सभी समस्याओं को लेकर कई बार बिल्डर प्रबंधन से मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। साथ ही, लोगों द्वारा शासन प्रशासन से भी मदद की गुहार लगाई गई है। वहीं, बिल्डर प्रबंधन की तरफ से मैनेजर हरिलाल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### इंजीनियर ने 11वें माले से लगाई छलांग पहली मंजिल पर पड़ी मिली लाश

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा स्थित बिसरख कोतवाली क्षेत्र के हवेलिया वैलेंशिया सोसाइटी में रहने वाले एक एक बुजुर्ग 11वीं मंजिल से छलांग लगा दी। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टर ने उनका मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संदीप श्रीवास्तव (60) वर्ष के रूप में हुई। बुजुर्ग पेश से इंजीनियर थे। मगर पिछले कई साल से वह कोई काम नहीं कर रहे थे। पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम करा मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक होली के दिन शाम करीब 6 बजे सूचना मिली की हवेलिया वैलेंशिया सोसाइटी में रहने वाले एक व्यक्ति 11वीं मंजिल से नीचे गिर गए। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान एक व्यक्ति प्रथम तल के छज्जे पर गिरा हुआ मिला। पुलिस ने तत्काल उसे उपचार के लिए पास के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला है कि बुजुर्ग ने बालकनी से छलांग लगाकर आत्महत्या है। उन्होंने आत्महत्या के लिए बालकनी के पास एक स्टूल भी लगाया था। स्टूल घटना स्थल के पास मिला है। हालांकि घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**मानसिक बीमारी से थे ग्रस्त:** पुलिस को परिजन ने पूछताछ में कि वह लंबे समय से मानसिक बीमारी से ग्रसित थे। उनका इलाज भी चल रहा था। उनके साथ उनकी पत्नी रहती हैं। जबकि उनका पुत्र बेंगलुरु में नौकरी करता है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए हैं।

### बिल्डर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर पर हमला

**नोएडा।** सेक्टर-129 में साइट पर पहुंचे बिल्डर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर से मारपीट करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दो लोगों पर हमला करने का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया है। सेक्टर-135 के वाजिदपुर गांव में रहने वाले अमित कुमार झा ने पुलिस को बताया कि वह राधा बिल्डटेक कंपनी कार्यालय में प्रोजेक्ट मैनेजर हैं। वह छह फरवरी की दोपहर करीब एक बजे सेक्टर-129 स्थित अपनी साइट पर गए थे। वहां पर दो अज्ञात व्यक्ति मिले। दोनों ने अमित को वहां से भाग जाने के लिए कहा।

# बस में लगी आग, धुंआ उठते देख ड्राइवर ने गाड़ी रोकी, यात्रियों ने भागकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक रोडवेज बस में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। यह घटना तब हुई जब बस कासना से परी चौक होते हुए नोएडा की ओर जा रही थी। बीटा 2 थाना क्षेत्र में रेडिसन ब्लू होटल के पास पहुंचते ही बस के अगले हिस्से से अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग की लपटें निकलने लगीं और बस धू-धू कर जलने लगी। बस चालक ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को सड़क के किनारे रोका। बस में कुछ ही यात्री सवार थे, जो तेजी से नीचे उतर गए। चालक और आसपास मौजूद लोगों ने शुरुआती तौर पर आग बुझाने का प्रयास किया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को दी गई।सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, हालांकि प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि यह शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्हें एक बस में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर समय रहते आग बुझा दी।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**नोएडा।** औद्योगिक क्षेत्र के एक प्लॉट में रहने वाले युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान वीरू गौड़ (18) निवासी कुशीनगर के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार युवक अपने परिवार के साथ रहता था। वह एक कंपनी में काम करता था। गुरुवार को उसने अपने औद्योगिक क्षेत्र स्थित घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना स्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने पुलिस को बताया कि है कि युवक पिछले कई दिन से पारिवारिक व मानसिक अवसाद के कारण परेशान था। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि शव का पोस्टमॉर्टम करा परिजन को सौंप दिया गया है। मामले में परिजन की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है।

# ग्रेटर नोएडा सोसाइटी में मारपीट

## पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों को गिरफ्तार किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** होली के दिन ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

बिसरख थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना आम्रपाली गोल्फ होम्स किंग्स वुड सोसाइटी के एल टावर की छत पर हुई थी। कुछ अज्ञात लड़के छत पर चढ़ गए थे, जिन्हें सुरक्षाकर्मी नीचे उतार रहे थे। इसी दौरान कुछ बैचलर्स के साथ उनका विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया। इस दौरान दोनों ही पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें सभी लोग एक दूसरे को लात घुसे बजाते हुए दिख रहे थे। पुलिस ने बताया कि किसी भी पक्ष द्वारा थाने में घटना की सूचना नहीं दी गई थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों के सात आरोपियों को गिरफ्तार कर निरोधात्मक कार्रवाई की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रथम पक्ष से जयप्रताप सिंह (32), असित कुमार (23), लविश कुमार (21) और अमन (19) शामिल हैं। जयप्रताप सिंह चौडारघुनाथपुर, नोएडा के निवासी हैं, जबकि असित कुमार मैनपुरी के नगलासेवा राम और वर्तमान में नयां हैबतपुर, बिसरख के निवासी हैं। लविश कुमार और अमन दोनों बहलोलपुर, नोएडा के निवासी हैं। द्वितीय पक्ष से अभिषेक कुमार (25), अमिताभ त्रिपाठी (23) और नूर आलम (25) को गिरफ्तार किया गया है। अभिषेक कुमार सिवान, बिहार के गडेरिया और वर्तमान में आम्रपाली गोल्फ होम्स किंग्स वुड सोसाइटी के निवासी हैं।

अमिताभ त्रिपाठी महाराजगंज, उत्तर प्रदेश के नौतनवा और नूर आलम कुशीनगर, उत्तर प्रदेश के फाजिल नगर के निवासी हैं, ये दोनों भी आम्रपाली गोल्फ होम्स किंग्स वुड सोसाइटी में रहते हैं।

# पत्थर फेंकने का विरोध करने पर व्यापारी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जहांगीरपुर कस्बे में छत पर पत्थर फेंकने के विरोध को लेकर विवाद हो गया। पड़ोसियों ने एक व्यापारी और उनके परिवार के सदस्यों के साथ कथित तौर पर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर शुक्रवार को तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जहांगीरपुर निवासी व्यापारी पुनीत अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को पड़ोसियों ने उनके घर की छत पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे और विवाद बढ़ गया।

पुनीत अग्रवाल ने आरोप लगाया कि आरोपी पुनीत उर्फ गुटकी, चेतन और कालीचरण ने उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने बल्ले से मारपीट की, जिससे परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने जेवर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पुनीत उर्फ गुटकी, चेतन और काली. चरण के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# योगी हेरिटेज सिटी के प्रस्ताव पर आज चर्चा करेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में अब फेज-2 के तहत भी विकास कार्य जल्द शुरू होंगे। शनिवार को मथुरा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में ब्रज विकास परिषद की बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में यीडा क्षेत्र से जुड़े दो अहम प्रस्ताव रखे जाएंगे। इसमें मुख्यमंत्री राया हेरिटेज सिटी के प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे। यीडा सीईओ आरके सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। बैठक में ब्रज विकास परिषद, मथुरा प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी शामिल होंगे। यह बैठक मथुरा में यमुना विकास प्राधिकरण के ही क्षेत्रीय कार्यलय में आयोजित होगी।

यीडा की ओर से मुख्यत: प्रस्तावित हेरिटेज सिटी पर चर्चा होगी। बता दें कि हेरिटेज सिटी को यमुना एक्सप्रेसवे पर राया से वृंदावन के पास यमुना तक प्रस्तावित सड़क के दोनों ओर विकसित करने की योजना है। पहले इसका एलानमेंट तय हो चुका था, लेकिन पिछले वर्ष मानसून के दौरान आई बाढ़ से क्षेत्र में जलभराव हो गया था, जिसके बाद परियोजना पर दोबारा मंथन किया गया।

**सम्बन्ध - विच्छेद**

मैं **तहसीन पुत्र अशफाक अहमद** निवासी- म.नं- 904, पूजा कालोनी लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र **फैसल** व पुत्रवधु **गुलिस्ता** को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# जेवर में बना रहा बिजली उपकेंद्र जून में शुरू होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट और बड़ी औद्योगिक इकाईयों को निर्बाध आपूर्ति देने के लिए 400 केवी का बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। करीब 220 करोड़ रुपये की लागत से यह बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। इससे आसपास के क्षेत्र के उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति मिलेगी। विद्युत निगम के ट्रांसमिशन विभाग के अधीक्षण अभियंता विनय त्रिपाठी ने बताया कि बताया कि मेघा कंपनी द्वारा 400 केवी का बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। पिछले डेढ़ साल से बिजली उपकेंद्र को बनाने का कार्य किया जा रहा है। अब उम्मीद है कि जून तक बिजली उपकेंद्र शुरू हो जाएगा।

इस उपकेंद्र की क्षमता 1000 एमवीए की होगी। यहां पर पांच-पांच सौ एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे, जोकि दोनों ट्रांसफार्मर आ चुके हैं। अब शुरू होने शेष है। इस उपकेंद्र को सेक्टर-148 स्थित 400 केवी और जहांगीरपुर स्थित 765 केवी के बिजली उपकेंद्र से जोड़ा गया है। इसके अलाव इस उपकेंद्र परिसर में विद्युत निगम द्वारा उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि करते हुए 220 केवी का बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। यहां 52 करोड़ रुपये में उपकेंद्र तैयार किया जा रहा है। इस उपकेंद्र पर 160-160 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगाए जा रहा है। इस तरह बिजली उपकेंद्र की कुल क्षमता 1320 एमवीए तक हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस उपकेंद्र से जेवर एयरपोर्ट के लिए बिजली सप्लाई का एक ओर विकल्प तैयार हो जाएगा।

# बहनोई की हत्या करने वाले दंपति को उम्रकैद

## जारचा के सलारपुर गांव का मामला, कुल्हाड़ी से मारा था, दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव में करीब सात साल पहले हुई हत्या के मामले में पति-पत्नी को दोषी करार देकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र मोहन श्रीवास्तव की अदालत ने सलारपुर गांव निवासी आरा. पी अली हसन और उसकी पत्नी गुलशन उर्फ हाजरा पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना जमा नहीं करते हैं तो उन्हें छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

एडीजीसी क्राइम नितिन त्यागी ने बताया कि अनुसार घटना 7 नवंबर 2018 की सुबह की है। सलारपुर गांव स्थित एक ईंट भट्टे के पास बने कमरे में सलीमुद्दीन उर्फ सलीम की हत्या कर दी गई थी। मामले में भट्टे के मुनीम ने जारचा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में बताया गया था कि वह सुबह भट्टे का काम देखने के लिए अली हसन को बुलाने उसके कमरे पर गए थे। कमरे के अंदर सलीम. द्दीन खून से लथपथ पड़ा हुआ था।

**कुल्हाड़ी से मारकर की हत्या:** उसी दौरान अली हसन का छोटा बेटा वहां मिला। बच्चे ने बताया कि उसके माता-पिता ने मिलकर उसके फूफा सलीम को कुल्हाड़ी और डंडों से मारकर हत्या कर दी है। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। तहरीर के आधार पर जारचा थाने में अली हसन और उसकी पत्नी गुलशन उर्फ हाजरा के खिलाफ हत्या का मुक. दमा दर्ज किया गया था।

**निर्मम तरीके से की गई हत्या:** पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर खून से सनी मिट्टी, टूटी चूड़ियों के टुकड़े और अन्य साक्ष्य एकत्र किए थे। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान पाए गए थे। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि उसकी निर्मम तरीके से हत्या की गई थी।

**दुर्लभतम श्रेणी का माना:** अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के कहा कि यह मामला हत्या का गंभीर अपराध है, लेकिन इसे दुर्लभतम श्रेणी का मामला नहीं माना जा सकता। इसलिए आरोपियों को मृत्युदंड देने की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# पैसेंजर ट्रेन में मारपीट, महिलाओं से अभद्रता करने का आरोप



**कुंदरकी।** बरेली से दिल्ली जा रही पैसेंजर ट्रेन में गुरुवार रात मारपीट और महिलाओं से अभद्रता का मामला सामने आया है। घटना के बाद ट्रेन कुंदरकी रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर रुक गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार एक युवक अपनी बहन और माता के साथ चंदौसी के पास सिसरका रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार हुआ था। वह दिल्ली दवाई लेने जा रहा था। रास्ते में कुंद. रकी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े होने और रास्ता देने को लेकर कुछ युवकों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और 4-5 अज्ञात युवकों ने युवक के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मारपीट के दौरान युवक की बहन और माता के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। अचानक हुए इस विवाद से ट्रेन में बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि करीब आधे घंटे तक ट्रेन कुंदरकी के पास खड़ी रही, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना ट्रेन के गार्ड ने स्टेशन मास्टर को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। बताया जाता है कि सिसरका से सवार हुआ परिवार घटना के बाद ट्रेन से उतरकर कुंदरकी रेलवे स्टेशन पहुंच गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'विश्व ऊर्जा दक्षता दिवस' पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के भौतिकी विभाग की ओर से षविश्व ऊर्जा दक्षता दिवसष के अवसर पर ष्ऊर्जा दक्षता: स्थिरता की कुंजीष विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में ऊर्जा की खपत कम करने, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, पर्यावरण को नुकसान से बचाने व भावी पीढ़ियों के लिए संसाधनों को बचाने के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ साइंसेज के विभिन्न विभागों के 30 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करते हुए, भौतिकी विभाग के शिक्षक डॉ. गरिमा चौहान और डॉ. बालकृष्ण यादव ने बताया कि एम.एससी., भौतिक विज्ञान, प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा श्रीवास्तव ने प्रथम, बी.एससी., प्रथम वर्ष की छात्रा टीना यादव ने द्वितीय एवं एम.एससी., रसायन विज्ञान, द्वितीय वर्ष की छात्रा गुंजन शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेज के निद. ेशक डॉ. बी.के. सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लोगों को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना और ऊर्जा की बर्बादी को रोकना रहा।



उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में ऊर्जा के बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है, और छोटी-छोटी आदतें जैसे कि अनावश्यक लाइटों का उपयोग न करना तथा अच्छे उपकरणों का उपयोग करना आदि से भी बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक व भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अतनु नाग, आयोजन सचिव डॉ. विधि गोयल, भौतिकी विभाग के डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. गरिमा चौहान, डॉ. बाल कृष्ण यादव समेत स्कूल के अन्य विभागों के कई शिक्षक और शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से योगदान दिया।

# माताजी के दर्शनार्थ अयोध्या रवाना

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के 120 श्रावक-श्राविकाएं और फैकल्टीज गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी के दर्शनार्थ आज सवेरे कैंपस से अयोध्या रवाना हो गए हैं। ये सभी श्रावक-श्राविकाएं और फैकल्टीज श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान में शामिल रहे थे। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने संकल्प लिया था, महामंडल विधान में शामिल होने वाले इन स्टुडेंट्स को माताजी के मंगल आशीर्वाद के लिए अयोध्या भेजेंगे। उल्लेखनीय है, अयोध्या श्री आदिनाथ भगवान, श्री अजीतनाथ भगवान, श्री अभिनंदन नाथ भगवान, श्री सुमति नाथ भगवान, श्री अनंतनाथ भगवान की जन्म स्थली भी है। यह दल इन पांचों तीर्थंकरों की जन्मस्थली का दर्शन भी करेगा। साथ



ही यह दल सरयू तट पर आरती में भी शामिल होगा। इन श्रावक-श्राविकाओं के अलावा अयोध्या जाने वालों में टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन, प्रो. आरके जैन, डॉ. शैफाली जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, डॉ. अर्चना जैन आदि भी शामिल हैं। ये 120 स्टुडेंट्स एक दर्जन से अधिक कोर्सेज के हैं। यह जानकारी देते हुए टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन ने बताया, अयोध्या पहुंच कर श्रावक-श्राविकाओं के संग-संग फैकल्टीज और स्टाफ का यह दल सर्वप्रथम गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी को श्रीफल भेंट करके मंगल आशीर्वाद लेगा। इसके बाद वे पांचों तीर्थंकरों की जन्मस्थली के संग-संग श्रीराम लला के दर्शन भी करेंगे। ये श्रावक-श्राविकाएं बीसीए, बीटेक, बीबीए, बीलिब, एमबीए, एमबीए कॉर्पोरेट, बीटेक एआई, बीपीटी, बीएससी फॉरेंसिक साइंस, बीएफए, ऑप्टोमेट्री, बीकॉम, बीबीए आईबी के छात्र हैं। इस दल में श्री चिराग जैन, श्री सर्वज्ञ चौधरी, श्री प्रयास झांझरी, श्री पारस जैन, श्रीमती निकिता जैन, श्री आदित्य जैन, श्री श्रीश जैन, श्री आराध्य जैन, श्री धार्मिक जैन, श्रीमती आरजू जैन, श्री वैभव जैन भी शामिल हैं। यह दल रविवार की रात को टीएमयू कैंपस लौट आएगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार तीन दिन में पुलिस की कार्रवाई

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र में पुलिस ने नाबालिग बच्ची से कथित दुष्कर्म के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह मामला 3 मार्च 2026 को सामने आया था, जब पीड़िता के पिता ने थाना डिलारी पहुंचकर लिखित तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव गक्खरपुर निवासी नकुल पुत्र रामौतार (लगभग 21 वर्ष) उनकी 11 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65(2), 351(3) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5(एम)/6 के तहत मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना डिलारी पुलिस ने आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी। पुलिस टीम ने तीन दिन के भीतर ही आरोपी नकुल को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक धनश्याम, हेड कांस्टेबल चन्द्रसैन और हेड कांस्टेबल अरुण कुमार शामिल रहे।

पुलिस ने आरोपी को समुचित अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बच्चियों के साथ किसी भी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

## वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने मनाई फूलों की होली

**चन्दौसी।** वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा फाल्गुन मास के अवसर पर देवी गणेश गंगा मंदिर परिसर में फूलों की होली और राधा-कृष्ण के मनमोहक नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रदेश सचिव प्रतिभा चौधरी ने कहा कि समिति सामाजिक कार्यों के साथ-साथ धार्मिक आयोजनों में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभाती हैं। इस तरह के कार्यक्रमों में समिति की सभी सदस्याएं उत्साह के साथ सहयोग करती हैं कार्यक्रम के दौरान राधा- कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें समिति की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। पूरे कार्यक्रम में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

# अमेरिका-इजरायल युद्ध को लेकर किसान मजदूर सभा ने जताई चिंता

**ठाकुरद्वारा।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा (एआईकेएमएस) जिला कमेटी मुरादाबाद ने अमेरिका-इजरायल युद्ध की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा बताया है। संगठन की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि अमेरिका द्वारा इजरायल का समर्थन करते हुए युद्ध में सक्रिय भूमिका निभाने से पूरे विश्व में तनाव और बढ़ गया है, जिसका सीधा असर आम जनता, विशेषकर गरीब और मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है।

सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि युद्ध और सैन्य टकराव की राजनी. ति से वैश्विक स्तर पर आर्थिक संकट गहराता है। इससे खाद्यान्न, तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं, जिसका भार अंतत: किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों पर ही पड़ता है। संगठन ने कहा कि युद्ध की स्थिति मानवता के लिए घातक है और इससे निर्दोष लोगों की जान जा रही है। उपजिला अधिकारी प्रीति सिंह को भेजे पत्र में कहा है कि विश्व के सभी देशों को युद्ध के बजाय शांति और कूटनीतिक समाधान का रास्ता अपनाना चाहिए। संगठन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे युद्ध विराम के लिए ठोस पहल करें, ताकि निर्दोष नागरिकों की जान बचाई जा सके और विश्व में शांति कायम हो सके। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के प्रांतीय अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने पदाधिकारियों से कहा कि युद्ध से किसी का भला नहीं होता, बल्कि इसका दुष्परिणाम पूरी दुनिया को भुगतना पड़ता है। उन्होंने मानवता और शांति की रक्षा के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस कदम उठाने की मांग की । बताया कि देश में शांति कायम करनेकी मांग को लेकर8 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुराने एसडीएमपरिसर में संयुक्त संगठन द्वारा एक बैठक का आयोजन किया जाएगा । इसके बाद कार्यकर्ता तिकोनिया पार्क कदीर तिराहा से जुलूस निकाला जाएगा । जिसकी सूचना प्रशासनको दे दी गई है । संगठन के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में एकत्र हो ।टीएमयू के 120 श्रावक-श्राविकाएं।

# देव डुडेजा ने दूसरी बार सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया चन्दौसी का मान

**चन्दौसी।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा-2025 का अंतिम परिणाम शुक्रवार, 06 मार्च 2026 को घोषित कर दिया गया। देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शामिल इस परीक्षा में देशभर के लाखों युवाओं ने भाग लिया था, लेकिन कड़ी मेहनत, धैर्य और समर्पण के बल पर ही कुछ अभ्यर्थी अंतिम सूची में स्थान बनाने में सफल हो सके। इस बार के परिणामों में ग्रामीण और छोटे शहरों के विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, जिससे यह साबित होता है कि प्रतिभा अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रही है। सिविल सेवा परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अब भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण से गुजरना होगा, जिसके बाद वे अपने-अपने विभागों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालेंगे। इसी क्रम में चन्दौसी के मोहल्ला गणेश कॉलोनी निवासी देव डुडेजा ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर दूसरी बार सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर और परिवार का नाम रोशन किया है। देव ने इस बार परीक्षा में 152वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। बता दें कि देव डुडेजा



की प्रारंभिक शिक्षा चन्दौसी के आरआरके स्कूल से हुई, जहां से उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान विषय में स्नातक (बी.ए.) तथा परास्नातक (एम.ए.) की शिक्षा प्राप्त की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य तय कर लिया था और उसी दिशा में लगातार मेहनत करते रहे। देव के पिता इंद्र मोहन डुडेजा पिछले करीब 45 वर्षों से एस.एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी के सामने चाय की कैंटीन चलाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं, जबकि उनकी माता चंद्रप्रभा शिक्षिका हैं। माता-पिता के मार्गदर्शन, त्याग और प्रोत्साहन ने देव को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देव ने बताया कि उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जैसे ही देव का नाम चयन सूची में आया, परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों और परिचितों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। देव की इस उपलब्धि से चन्दौसी शहर और जनपद संभल के लोगों में भी गर्व का माहौल है।

# 14 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल के तत्वावधान में 14 मार्च 2026, शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लोक अदालत के माध्यम से वादों का शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जाता है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण किया जाता है, जिससे पक्षकारों को लंबे समय तक न्यायालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित मामलों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन स्तर के मामलों का भी आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में बैंक ऋण वसूली, चेक बाउंस, राजस्व विवाद, श्रम विवाद, जलकर, बिजली बिल, भूमि अधिग्रहण, उपभोक्ता फोरम, वैवाहिक व पारिवारिक विवाद सहित अन्य समझौतावादी मामलों का निपटारा किया जा सकेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे अपने विवादों का आपसी समझौते के माध्यम से समाधान कराने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं। लोक अदालत में मामलों के निस्तारण पर किसी प्रकार की कोर्ट फीस नहीं लगती तथा निर्णय के विरुद्ध कोई अपील भी नहीं होती, जिससे दोनों पक्षों को शीघ्र न्याय मिलता है।

## कुत्तों का आतंक, घर में घुसकर पांच बकरियां-बकरों को नोचा

**कुंदरकी।** महमूदपुर माफी। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या पांच में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन हो रहे हमलों से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शनिवार को कुत्तों के झुंड ने वार्ड निवासी मुनब्बर हुसैन की 5ख्र6 बकरियां-बकरों को निशाना बनाकर हजारों रुपये का नुकसान पहुंचाया था। अभी इस घटना को चार दिन भी नहीं बीते थे कि एक बार फिर आवारा कुत्तों के झुंड ने वार्ड निवासी नाजिम अली के घर में घुसकर 5 बकरियां और बकरों पर हमला कर दिया। कुत्तों ने जानवरों को बुरी तरह नोच डाला, जिससे कई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से पीड़ित परिवार को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। नाजिम अली का कहना है कि इलाके में आवारा कुत्तों का झुंड लगातार बकरियां-बकरों को निशाना बना रहा है। कुत्तों ने बच्चों पर भी हमला करने की कोशिश की, जिससे परिवार और आसपास के लोग भयभीत हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद नगर पंचायत ने इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने अधिशासी अधिकारी और चेयरमैन के नाम शिकायती पत्र देकर आवारा कुत्तों को जल्द पकड़वाने की मांग की है। चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सैन सैनी ने बताया कि कुत्तों को पकड़ने वाली टीम को बुला लिया गया है और जल्द कार्रवाई कराई जाएगी।

# सांसद-विधायक रोजा इफ्तार कार्यक्रम में हुए शामिल साथ में सैकड़ों रोजेदारों ने की शिरकत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला ठाकुरान में कुचले बस्ती में रमजान माह के अवसर पर एक पारंपरिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मोहल्ले के युवा नौजवान युवकों द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो रोज. ेदारों और स्थानीय लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा सांसद जिया उर रहमान वर्क एवं सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान एडवोकेट सहित सैकड़ो की तादाद में रोजेदार उपस्थित रहे। ऐसा बीच सामूहिक रूप से रोजा अफ्तार किया गया। कार्यक्रम में आसिफ अफजाल उर्फ बिट्टू ,मोहम्मद आसिम, हाजी बॉबी, फैजान इलाही ,तसलीम साबरी, फैसल इरफान ,फैजान मोदी, मोहम्मद आमान, फराज इस्लाम, मोहम्मद अनस ,मोहम्मद आकिब, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद जीशान ,मोहम्मद फैज रजा, सूफी, मोहम्मदअरबाज, शमी आलम, एडवोकेट हाजी बाबू असरार, डॉक्टर जमीर अंसारी, मोहम्मद तसलीम, रईस एडवोकेट, मोइनुद्दीन हाजी, मोहम्मद असलम, आसिफ, शानू मोहम्मद, फैजान एडवोकेट, शमन जमीर अंसारी, फातिर वसीम ,जरीफ अंसारी आदि सहित सैकड़ों लोगों मौजूद रहे।

## पैगारफातपुर में फायरिंग के साथ चले लाठी-डंडे, दो घायल

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव पैगारफातपुर में गुरुवार की रात 11 बजे दो पक्षों में मारपीट व फायरिंग होने से अफरातफरी मच गई। गुरुवार की रात गांव के ही दो पक्षों में लाठी डंडों के साथ मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान फायरिंग भी की गई। दोनों पक्षों से बब्लू व जगदीश घायल हुए हैं। सूचना पर रात में ही डायल 112 व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से दोनों घायलों को थाने ले आये और सुबह शुक्रवार को मेडिकल कराया है। बबली पत्नी बब्लू निवासी पैगारफातपुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गुरुवार की रात साढ़े दस बजे पति बब्लू पुत्र नेमचंद्र गांव में गमी की होली मिलकर घर आ रहे थे तभी रास्ते में घात लगाए बैठे पांच-छ: लोगों ने लाठी डंडे व तमन्चा की बट से मार-पीट की। शोर शराबा सुनकर परिवार के लोग पहुंचे तो आरोपी भागे।

बता दें कि बब्ली ने आठ वर्ष पूर्व गांव के ही बब्लू से प्रेम विवाह किया था तभी से आरोपी रंजिश रखते हैं। बबली ने उक्त लोगों से अपने पति, बच्चों व स्वयं को जान-माल का खतरा बताया है।

# ग्राम हुसैनपुर नानपुर में शुरू हुआ ए वन फूल्स पेट्रोल पंप

**मुरादाबाद।** ग्राम हुसैनपुर नानपुर के मध्य बिलारी मार्ग पर ए वन फूल्स नाम से इंडियन ऑयल का नया पेट्रोल पंप शुरू हो गया है। शुक्रवार को कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने फीता काटकर पंप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुंदरकी विधायक ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह की आधुनिक सुविधाओं के विस्तार से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप केवल व्यवसायिक केंद्र नहीं होते, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा होते हैं। ऐसे में यहां सुरक्षा, पारदर्शिता और नियमों का पालन बेहद जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पंप प्रबंधन इंडियन ऑयल के सभी मानकों और सरकारी दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करेगा। इस मार्ग में पेट्रोल पंप की कमी से वाहन चाल. कों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। नए पेट्रोल पंप से क्षेत्र में डीजल और पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस मार्ग से लगे गांवों में रहने वालों को भी इससे सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर नरेश चौहान, वीरपाल प्रजापति, आशीष सिंह, नसीम पाशा, अजीम मलिक, सतीश प्रजा. पति, आदित्य अग्रवाल, पुलकित, हिमांशु, प्रवेश, राजदीप सिंह आदि उपस्थित रहे। मुझे खेद है, लेकिन मुझे इस घटना के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली। अगर आपको और जानकारी चाहिए, तो आप ऑनलाइन खोज करने की कोशिश कर सकते हैं।



# रमजान के तीसरे जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

## अल्लाह की बारगाह में अमन-चैन और तरक्की के लिए मांगी गई दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पवित्र माह रमजान के तीसरे जुमे पर नगर की मस्जिदों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जुमे की नमाज अदा करने के लिए रोजेदारों का मस्जिदों की ओर आना शुरू हो गया था। नमाज के दौरान मस्जिदों में इबादत का खास माहौल देखने को मिला और लोगों ने पूरे खशू-खुजू के साथ अल्लाह की बारगाह में सजदा किया।

जुमे की नमाज के बाद इमामों ने मुल्क में अमन-चौन, भाईचारे और इंसानियत की सलामती के लिए विशेष दुआ कराई। रोजेदारों ने भी अपने परिवार, समाज और देश की खुशहाली के लिए हाथ उठाकर दुआएं मांगी। इस दौरान नगर की प्रमुख मस्जिदों में नमाजियों की संख्या अधिक रहने के कारण आसपास की सड़कों पर भी हलचल बनी रही। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी सतर्क नजर आया। मस्जिदों के आसपास पुलिस बल की तैनाती रही और पुलिसकर्मी लगातार गश्त करते दिखाई दिए, ताकि नमाज के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। शाम के समय इफ्तार से पहले बाजारों में भी अच्छी खासी चहल-पहल देखने को मिली। रोजेदारों ने इफ्तार के लिए फल, खजूर, पकौड़ी और अन्य खाद्य सामग्री की जमकर खरीदारी की। बाजारों में बढ़ी भीड़ के चलते पूरे नगर में रमजान की रौनक साफ नजर आई।



सरधना में जुमे की नमाज अदा करते अकीतमंद।

### ग्राम प्रधान के नलकूप से उपकरण चोरी, घटनाओं से ग्रामीणों ने आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव मौडकला के जंगल में एक नलकूप चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने ग्राम मैडकला के ग्राम प्रधान कृष्णपाल देशवाल के नलकूप को निशाना बनाया। चोर नलकूप के कमरे का ताला तोड़कर अंदर लगे स्टार्टर, केबल, आपरेटर और अन्य जरूरी सामान चुरा ले गए। पीड़ित कृष्णपाल देशवाल प्रधान ने बताया कि जब वे नलकूप पर पहुंचे तो नलकूप के कमरे का ताला टूटा मिला तथा अंदर का सामान गायब था। उन्होंने बहसूमा थाना पुलिस को लिखित में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं क्षेत्र में लगातार ट्यूबवेलों पर हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की इन वारदातों का जल्द खुलासा करने की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की रहीं हैं और चोरों की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है।

# 15 मार्च को आयोजित होगी रोजा इफ्तार पार्टी, तैयारी को लेकर किया जनसंपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र के गांव भराला में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता चौ. विनीत सत्यप्रकाश भराला के आवास पर आगामी 15 मार्च को आयोजित होने वाली भव्य रोजा इफ्तार पार्टी को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों से इफ्तार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को सपा नेता चौ. विनीत सत्यप्रकाश भराला और उनके समर्थकों द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों में जनसंपर्क कर लोगों को रोजा इफ्तार कार्यक्रम का न्यौता दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रमजान का पाक महीना त्याग, संयम और इंसानियत का संदेश देता है तथा रोजा इफ्तार जैसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने का काम करते हैं।

उन्होंने बताया कि 15 मार्च को उनके आवास पर आयोजित होने वाली रोजा इफ्तार पार्टी में क्षेत्र भर के रोजेदारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में सभी लोग एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार करेंगे और मुल्क में अमन-चैन, तरक्की तथा भाईचारे के लिए दुआ की जाएगी। सपा नेता विनीत भराला ने कहा कि जब सभी धर्मों और समुदायों के लोग एक साथ बैठकर इफ्तार करते हैं तो इससे गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक एकता की भावना और अधिक मजबूत होती है। जनसंपर्क अभियान के दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक और क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। सभी ने इफ्तार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।



# 82 की कार्रवाई करने सिवाल खास पहुंची झारखंड पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कहते हैं कि जब कोई आरोपी घटना करता है तो पुलिस उसका पीछा नहीं छोड़ती पाताल से भी निकाल लेती है। ऐसा ही मामला शुक्रवार को देखने को मिला। जहां पर झारखंड की पुलिस सिवाल खास पहुंची और फरार आरोपी के घर 82 की कार्रवाई को अंजाम दे गई। करीब एक वर्ष पूर्व कस्बा सिवाल खास निवासी शाहबाज पुत्र मोहम्मद नसीम उम्र 24 वर्ष वार्ड नंबर 12 सिवाल खास धारा पत्ती झारखंड में गाड़ी चलाता था वहां उसने एक चोरी की घटना को अंजाम दिया उस दौरान उस पर एक मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना के बाद शाहबाज लगातार फरार चल रहा था। इसके बाद बहरागोरा थाना पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर झारखंड न्यायालय द्वारा दंडित किए गए आरोपी के वारंट जारी कर 82 की कार्रवाई अमल में लाई गई। वहीं शुक्रवार को झारखंड पुलिस के सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार कस्बा सिवाल खास चौकी पहुंचे और सिवालखास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार के नेतृत्व में आरोपी के घर पर पहुंचे और नोटिस चस्पा किया और ढोल नगाड़ो के साथ बाजार में चौराहे पर वारंट चस्पा किए साथ ही साथ मुनादी भी कराई कि अगर एक महीने के अंदर आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ तो आरोपी के घर पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। लोगों में भी यह चर्चा आम रही कि अपराध चाहे कितनी भी दूर अंजाम दिया गया हो लेकिन पुलिस आरोपी को उसके अंजाम तक पहुंचा देती है।




# बेगमपुल स्टेशन पर 'नमो भारत बीट्स' का आयोजन

## पहली बार आयोजित सोलो लाइव म्यूजिक इवेंट ने जीता यात्रियों का दिल, गायक अंकित गौतम ने दी प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश की प्रथम नमो भारत न केवल तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा की सुविधा प्रदान कर रही है, बल्कि यात्रियों को नए अनुभव और मनोरंजन के अवसर भी प्रदान कर रही है। इसी क्रम में, शुक्रवार 06 मार्च को मेरठ शहर में स्थित बेगमपुल नमो भारत स्टेशन पर 'नमो भारत बीट्स' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेरठ शहर में पहली बार आयोजित इस सोलो लाइव म्यूजिक इवेंट ने यात्रियों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर उभरते हुए गायक अंकित गौतम ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की। उनकी सुरीली आवाज और लोकप्रिय गीतों ने स्टेशन परिसर का माहौल संगीतमय बना दिया। लोग खुद को संगीत की धुनों पर थिरकने से रोक नहीं पाए और भरपूर उत्साह के साथ इस कार्यक्रम का आनंद लिया। कोई तालियाँ बजाता दिखा, कोई गीतों के साथ गुनगुनाता, तो कई यात्री इस खुशनुमा शाम को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए। यात्रियों के चेहरों पर मुस्कान और स्टेशन परिसर में गूंजती तालियों ने यह साफ कर दिया कि 'नमो भारत बीट्स' का यह शो सभी के दिलों को छू गया। इस संगीतमय आयोजन ने रोजमर्रा की भागदौड़ में यात्रियों को सुकून का पल मुहैया कराया जिसे महिलाओं, युवाओं और बच्चों समेत हर वर्ग के यात्रियों ने भरपूर सराहा। एनसीआरटीसी द्वारा दिसंबर में आरंभ किए गए इस कार्यक्रम को हर शुक्रवार, शाम 5-6 बजे दिल्ली में आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर आयोजित किया जा रहा था। अब सराय काले खां से मोदीपुरम तक संपूर्ण कॉरिडोर के परिचालन के बाद इस शुक्रवार से इसका आयोजन मेरठ में किया जाएगा।



एनसीआरटीसी का लक्ष्य है कि नमो भारत स्टेशनों को केवल एक ट्रांजिट प्वाइंट के बजाए एक जीवंत सोशल हब के रूप में परिवर्तित कर दिया जाए। यह कार्यक्रम इसी श्रृंखला में किए जा रहे कई प्रयासों में से एक है। 'नमो भारत बीट्स' सभी नमो भारत व मेरठ मेट्रो के यात्रियों, युवाओं, स्टूडेंट्स और किसी भी वर्ग के संगीत के चाहने वालों के लिए एक खुला मंच है, जिसका उद्देश्य लोगों की संगीत प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। इसमें परफॉर्म करने की इच्छा रखने वाले लोग नमो भारत के सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर इस पहल का हिस्सा बन सकते हैं और अपनी कला, आवाज और हुनर को हजारों यात्रियों तक पंहुचा सकते हैं। यह पहल उभरते हुए कलाकारों को बड़े और विविध दर्शकों के सामने अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने और यात्रियों के सफर को आनंदमय बनाने का अवसर प्रदान करती है।

# नगर पालिका की लापरवाही से सरधनावासी परेशान

## अधूरे नाला निर्माण से तहसील रोड बना तालाब, गंदे पानी के बीच से गुजर रहे राहगीरों व व्यापारियों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के मुख्य मार्ग तहसील रोड पर नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जा रहा नाला निर्माण कार्य अब सरधनावासियों के लिए आफत बनता जा रहा है। अधूरे और अव्यवस्थित निर्माण कार्य के कारण पूरे मार्ग पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों, दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में खासा रोष देखने को मिल रहा है।

बताया जाता है कि तहसील रोड पर नाला निर्माण का कार्य कई महीनों से चल रहा है, लेकिन निर्माण कार्य सही तरीके से और समय पर पूरा न होने के कारण सड़क पर पानी भरने लगा है। हालात यह है कि दिनभर सड़क पर पानी जमा रहता है और लोगों को उसी पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। जलभराव के कारण सड़क पर फिसलन भी हो गई है, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के चलते इस मार्ग से बड़ी संख्या में नमाजी गुजरते हैं, लेकिन सड़क पर भरे पानी की वजह से नमाजियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोगों को अपने कपड़े बचाते हुए पानी के बीच से निकलना पड़ा, जिससे लोगों में नगर पालिका के प्रति नाराजगी साफ दिखाई दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाला निर्माण के नाम पर सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी सड़क के दोनों ओर नालियां अधूरी पड़ी हुई हैं, जिसके कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और पूरा क्षेत्र जलभराव की चपेट में आ गया है। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा बिना किसी योजना और निगरानी के काम कराया जा रहा है, जिससे समस्या कम होने के बजाय और बढ़ती जा रही है। दुकानदारों का कहना है कि जलभराव के कारण ग्राहकों का आना-जाना भी कम हो गया है, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। वहीं राहगीरों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है।



सरधना नगर के तहसील रोड पर हुए जलभराव की स्थिति को दर्शाता फोटो।

# 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए प्री-ट्रायल बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र के अनुसार दिनांक 14 मार्च 2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों, पारिवारिक वादों, एनआई एक्ट के वादों, दीवानी वादों तथा बैंक ऋण वसूली वादों इत्यादि के लिए प्री-ट्रायल बैठक आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के अनुक्रम में शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किये जाने हेतु जिला न्यायाधीश अनुपम कुमार के मार्गदर्शन में मौहम्मद असलम सिद्दीकी, अपर जिला न्यायाधीश, न्यायालय संख्या-01 मेरठ/नोडल अधिकारी लोक अदालत द्वारा समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ चौदह न्यायालय भवन के सभागार कक्ष में प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी, जिसमें प्रशासनिक अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो को चिन्हित कर निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक जनता को लाभान्वित किया जा सकें। उक्त बैठक में सत्यप्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), डॉ. रजत कुमार, उपमुख्य चिकित्साधिकारी, सुनील कुमार सिंह आदि द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में किस प्रकार अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सकता है, के सम्बन्ध में अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए तथा सभी प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया गया।

# गांधी बाग में 8 मार्च को वसंत उत्सव पुष्प प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिम उत्तर प्रदेश सब एरिया हॉर्टिकल्चर ऑर्गनाइजेशन द्वारा गांधी बाग मेरठ छावनी में 8 मार्च को वसंत उत्सव पुष्प प्रदर्शनी 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन जागरण को बागवानी के बारे में जागरूक करना और नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण और ईको-प्रिजर्वेशन के लिए प्रोत्साहित करना है। इस भव्य आयोजन में सेना के साथ आम नागरिक भी भाग ले सकते हैं। वसंत उत्सव पुष्प प्रदर्शनी 2026 में सात विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत 61 अलग-अलग सेक्शन हैं। प्रथम श्रेणी की प्रतियोगिता 28 फरवरी से 1 मार्च तक विभिन्न सैन्य संस्थाओं एवं घरों के उद्यानों के निरीक्षण से हुई और सर्वश्रेष्ठ बाग एवं घरों के उद्यानों का चयन हुआ। सर्वश्रेष्ठ उद्यानों एवं बाग एवं परिसर के लिए ट्रॉफी/पुरस्कार वितरण 8 मार्च को गांधी बाग में मुख्य आयोजन में किया जाएगा। वसंत उत्सव पुष्प प्रदर्शनी 2026 मुख्य कार्यक्रम 8 मार्च को गांधी बाग में आयोजित किया जाएगा और इसका उद्घाटन सुबह 11:30 बजे होगा। श्रेणी 2 से श्रेणी 7 के लिए प्रेतियोगिता 8 मार्च को गांधी बाग में होगी। इन श्रेणियों में बारहमासी पत्तेदार और सजावटी पौधों की प्रदर्शनी, वार्षिक (गमले में फूल वाले पौधे) की एग्जिबिशन शामिल है, लेडिज क्लब सहित सभी के लिए अलग-अलग श्रेणियां रखी गइळे। पुष्प प्रदर्शनी में मालियों के लिए खास तौर पर एक अलग श्रेणी रखी गई है जो साल भर मेहनत करते हैं और अपने प्रयासों की सराहना की प्रतीक्षा करते हैं। समापन समारोह शाम 3:45 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगे। वसंत उत्सव पुष्प प्रदर्शनी 2026 के इस भव्य आयोजन में सेना के साथ आम नागरिक भी हिस्सा ले सकते हैं एवं पुष्प प्रदर्शनी में प्रविष्टि लेने का कोई भी शुल्क नहीं है। कार्यक्रम का विस्तृत विवरण और प्रवेश पत्र सीएमवीएल मेरठ छावनी से प्राप्त किया जा सकता है।



# बुबकपुर में मामूली कहासुनी ने लिया हिंसक रूप

## दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, गोली लगने से युवक गंभीर, धारदार वस्तु लगने से एक अन्य घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव बुबकपुर में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। इसी दौरान चली गोली से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे युवक के सिर में धारदार वस्तु लगने से वह भी लहूलुहान हो गया। दोनों घायलों को परिजनों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरधना पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ रेुर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार गांव बुबकपुर निवासी प्रिंस (28) पुत्र गजे सिंह, कुंडा निवासी कार्तिक चपराना (28) और बुबकपुर निवासी हिमांशु (30) पुत्र सुशील के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, लेकिन देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लोग आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान अचानक गोली चल गई, जो कार्तिक चपराना के पेट में जा लगी। गोली लगते ही कार्तिक मौके पर ही गिर पड़ा और उसकी हालत गंभीर हो गई। वहीं झगड़े के दौरान हिमांशु के सिर पर किसी धारदार वस्तु से वार कर दिया गया, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग भी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी सरधना लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन कार्तिक की हालत अधिक गंभीर होने के कारण उसे मेरठ के कैलाश अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं हिमांशु को कंकरखेड़ा स्थित अभयराम अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बना रहा।





## संक्षिप्त खेल समाचार

### ब्रिटेन की कार्टल व फर्नले इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** ब्रिटेन की पेशेवर टेनिस खिलाड़ी सोनाय कार्टल और जैकब फर्नले ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए इंडियन वेल्स के दूसरे राउंड में जगह बना ली। 24 साल की कार्टल ने थाईलैंड की लैनलाना तरारुडी को 6-4, 6-4 से हराया। अब अगले दौर में उनका मुकाबला अमेरिका की 20वीं सीड एम्मा नवारो से होगा। लेकिन ब्रिटिश नंबर दो खिलाड़ी के लिए यह मुकाबला आसान नहीं था, उन्होंने 4-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए एक घंटे 48 सेकंड में यह जीत हासिल की। वहीं पुरुष वर्ग में जैकब फर्नले ने बोस्निया के दामिर जुम्हुर को 6-3, 6-3 से हराया। अगले दौर में फर्नले का मुकाबला अमेरिका की सातवीं सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा। हालांकि, साथी ब्रिटिश खिलाड़ी फैन जोन्स को अमेरिकी क्वालिफायर कायला डे से सीधे सेट में 6-3, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा।

### आईसीसी ने टी-20 विश्व कप फाइनल मैच के लिए अधिकारियों के नाम की घोषणा की

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को पूर्व चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में होने वाले टी-20 विश्वकप क्रिकेट मैच के फाइनल मुकाबले के लिए अधिकारियों के नाम की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने कहा है कि इंग्लिश जोड़ी रिचर्ड इललगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। इललगवर्थ लगातार दूसरे पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल की जिम्मेदारी संभालेंगे, इससे पहले 2024 में क्रिस गैफनी के साथ अंपायर रहे थे। इससे पहले वे आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप

# विश्व कप फाइनल खेलना मेरा सबसे बेहतरीन पल होगा: संजू



● **संजू सैमसन रविवार को अपना पहला विश्व कप फाइनल अहमदाबाद में खेलेंगे**

**कोलकाता, वार्ता।** टी-20 विश्वकप के सुपर आठ और सेमीफाइनल मुकाबले में मैच विजई पारी खेलने वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि फाइनल में खेलना मेरे सबसे बेहतरीन पलों में एक है। सैमसन रविवार को अपना पहला विश्व कप फाइनल खेलेंगे।

सैमसन अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले विश्वकप फाइनल को लेकर कहा कि यह मेरे जीवन के सबसे बेहत. रीन पलों में से एक है। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं इस प्रारुप बहुत लंबे समय से खेल रहा हूं। मैंने लगभग 300 या 400 टी-20 (328) खेले हैं। मैंने एक से लेकर छह नंबर तक के क्रम में बल्लेबाजी की है। मैंने आईपीएल फ्रैंचाइजी 'राजस्थान रॉयल्स' की कप्तानी भी की है। इसलिए मुझे अनुभव है कि किसी समय टीम को क्या चाहिए और इस एकादश में मेरी सटीक भूमिका क्या है। वही स्पष्टता आपको अपने तरीके से रन बनाने में मदद करती है। संजू सैमसन ने पिछले रविवार विंडीज के खिलाफ नाबाद 97 और फिर गुरुवार शाम सेमीफाइनल में इंग्लैंड के विरुद्ध 89 रन बनाकर लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन ने शुरुआत में ही समझ लिया था कि इस पिच पर कम से कम 250 का स्कोर करना होगा। उन्होंने कहा कि यह मैच पूरी तरह अलग था। जब आप वानखेड़े में पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो आपको पता होता है कि यहां कोई भी स्कोर काफी नहीं होता। इसलिए जब मुझे शुरुआत मिल गई, तो मैं उसका लाभ उठाना चाहता था। मैं जितने अधिक छक्के और चौके लगा सकता था, लगाने का प्रयास किया। मैच पावरप्ले में ही जीता और हारा जाता है। इसलिए जब आप तीन या चार गेंदें देख लेते हैं, तो फिर हमला शुरू कर देते हैं। कभी नतीजा आपके खिलाफ जाता है और कभी आप जीतते हैं। लेकिन आप अपने स्वभाव या गेमप्लान को नहीं बदल सकते क्योंकि हमारे पास नंबर आठ तक बल्लेबाजी कर है। इसलिए अगर आपका दिन है तो टीम को आगे ले जाओ, नहीं तो दूसरों का साथ दो।

# बुमराह सहित सभी गेंदबाजों ने मैच में कराई वापसी: सूर्यकुमार यादव

**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और 'प्लेयर ऑफ द मैच' संजू सैमसन ने जसप्रीत बुमराह के किफायती स्पैल की सराहना की। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और अन्य गेंदबाजों ने अविश्वसनीय प्रदर्शन करते हुए मैच में हमारी वापसी कराई। अक्षर के कैच पकड़ते समय मेरी हृदय गति 160 के करीब थी।

सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को सात रनों से हराने के बाद भारतीय कप्तान ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय एहसास है। फाइनल के लिए अहमदाबाद जाना लड़कों के लिए बहुत खास है। मैंने हैरी से मजाक में कहा कि बताओ तुम्हारे खिलाफ हमें और कितने रन बनाने चाहिए। वे हमेशा मैच में बने हुए थे। चेज में भी लगातार बने रहे। लेकिन जिस तरह बुमराह, अर्शदीप और शेष



● **कहा : अक्षर के कैच पकड़ते समय मेरी दिल की धड़कन 160 की करीबी थी**

गेंदबाजों ने मैच को वापस खींचा, वह अविश्वसनीय था। यह एक खास गेंदबाजी प्रदर्शन था। अक्षर द्वारा पकड़े गए कैच के बारे में उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्ररक्षक कोच टी दिलीप को भी थोड़ा श्रेय देना पड़ेगा। वह टीम के साथ बहुत मेहनत कर रहे हैं। मैं बहुत नर्वस था। अगर कोई मेरी हृदय गति चेक करता तो पता चलता कि यह आसानी से 160 के करीब होता। 89 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले 'प्लेयर ऑफ द मैच' संजू सैमसन ने कहा कि ऐसी पारी खेलने के बाद बहुत अच्छा लग रहा है।

पिछले मैच से मैं अच्छी लय में हूं। मैंने सोचा कि जो लय मुझे मिली है, उसका पूरा लाभ उठाया जाए। हमें पता था कि इस मैदान पर कोई भी स्कोर छोटा है। उसी कारण से हम जितना हो सके रन बनाना चाहते थे। आपको यह जल्द से जल्द पहचानना होता है। यहां लक्ष्य का पीछा करना बेहद आसान होता है। किशन और मेरी साझेदारी अच्छी थी। साथ ही मुझे लगता है कि इस जीत का श्रेय बुमराह को जाता है। अगर डेथ ओवर में उस तरह की गेंदबाजी नहीं करते तो शायद हम नहीं जीतते।

# ऐनाबेल-लूसी ने भारत को 198 पर रोका

● **डिनर के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 14 रन जोड़कर अपने दोनों विकेट गवां दिए**



**पर्थ, ऑस्ट्रेलिया।** ऐनाबेल सदरलैंड (चार विकेट) और लूसी हैमिल्टन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शुक्रवार को खेले जा रहे एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 198 के स्कोर पर रोक दिया। डिनर के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 14 रन जोड़कर अपने दोनों विकेट गंवा दिए। सायली सातघरे (सात) को सदरलैंड ने आउट किया। इसके बाद 63वें ओवर की चौथी गेंद पर डार्सी ब्राउन ने क्रांति गौड़ (एक) को आउटकर 198 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। काश्वी गौतम ने 54 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 34 रन बनाए। यहां इससे पहले जेमिमाह रॉड्रिग्स (52) और शेफाली वर्मा (35) की जूझारू पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने डिनर तक आठ विकेट पर 184 रन बना लिए थे। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करनी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ही ओवर में 18 के स्कोर पर स्मृति मंधाना (चार) का विकेट गंवा दिया। उन्हें लूसी हैमिल्टन ने आउट किया। इसके बाद शेफाली वर्मा और प्रतिका रावल ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड ने शेफाली वर्मा (35) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। प्रतिका रावल (18) को भी सदरलैंड ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर आउट किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज नियमित अंत. राल पर विकेट गंवाते रहे। कप्तान हरमनप्रीत कौर (19), दीप्ति शर्मा (सात), )चा घोष (11) और स्नेह राणा (पांच) रन बनाकर आउट हुई। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने भारत के लिए सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली। उन्होंने 84 गेंदों का सामना किया।

### दा वन स्पोर्ट्स ने आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ साझेदारी की

**जम्मू, वार्ता।** क्रिकेटर शिखर धवन द्वारा स्थापित 'दा वन स्पोर्ट्स' ने छात्रों के लिए बहु-खेल विकास कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इसके लिए पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिला स्थित जंगलोट के आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ रणनी. तिक साझेदारी की है। यह पहल क्षेत्र में जमीनी स्तर पर खेल शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे युवा एथलीटों को पेशेवर प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। योग्य कोचो द्वारा अनुशासन, आत्मविश्वास और बेहतर प्रदर्शन को निखारने के लिए तैयार यह कार्यक्रम कई खेलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस और गोल्फ शामिल हैं। 'दा वन ग्रुप' के अध्यक्ष शिखर धवन ने कहा कि भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने के लिए अनुशासन, अवसर और युवा एथलीटों के विकास के लिए सही माहौल की मजबूत नींव की आवश्यकता होती है, विशेषकर जम्मू-कश्मीर जैसे क्षेत्रों में जरूरी है, जहां संभावनाएं असीमित हैं। 'दा वन ग्रुप' की मुख्य कार्यकारी अंशिता गुप्ता ने कहा कि हमें आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। यह ऐसा संस्थान है, जो अनुशासन, उत्कृष्टता और खेल उपलब्धियों की भारतीय सेना की दीर्घकालिक विरासत को दर्शाता है।

# डायने पैरी ने वीनस विलियम्स को किया इंडियन वेल्स से बाहर



● **डायने पैरी ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस को पहले दौर में हराकर बाहर किया**

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** फ्रांस की टेनिस खिलाड़ी डायने पैरी ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को पहले दौर के मुकाबले में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है।

फ्रांस की डायने पैरी ने गुरुवार को दो घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिका की वीनस को 3-6, 6-7 (4), 1-6 से हराया। इसी के साथ वीनस का बीएनपी परिबास ओपन 2026 में अभियान समाप्त हो गया। बीएनपी परिबास ओपन को इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है। वीनस विलियम्स ने इंडियन वेल्स में पदार्पण के 30 साल बाद की वापसी थी। उन्होंने पहली बार 1996 में 15 वर्ष की उम्र में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। उन्हें इस टूर्नामेंट के एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड दिया गया था।

# भारतीय महिलाएं आज जापान से भिड़ेंगी



**महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने दूसरे ग्रुप सी मैच में मजबूत जापान से भिड़ेगी**

**पर्थ, (ऑस्ट्रेलिया), वार्ता।** भारतीय सीनियर महिला नेशनल टीम शनिवार को रेक्टेंगुलर स्टेडियम में एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में मजबूत जापान से भिड़ेगी। फीफा महिला वर्ल्ड रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज जापान को ब्लू टाइग्रेसेस (67वें स्थान पर) पर साफ बढ़त मिली है, क्योंकि उसने पिछले तीनों मैच जीते हैं। नादेशिको ने इन तीन मैचों में 19 बार गोल किए हैं। वहीं अपने पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हारने के बावजूद भारत अभी ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। भारत को वियतनाम के खिलाफ मैच में मिली हार से उबरने के लिए दो दिन मिले हैं और जापान के खिलाफ मुकाबले के लिए अपने खिलाड़ियों को अच्छी हालत में वापस लाना मुख्य कोच अमेलिया वाल्वर्डे की प्राथमिकताओं की सूची में सबसे ऊपर है।

वाल्वेर्डे ने कहा कि हम जानते हैं कि जापान एक ऐसी टीम है जो बहुत जोश के साथ पज़ेशन रखना पसंद करती है। उन्हें गेम पर हावी होना पसंद है, लेकिन हमें अपना गेम स्वयं तैयार करना होगा। हमें उम्मीद है कि हम शानदार प्रदर्शन करेंगे, फिर से बहुत कॉम्पिटिटिव होंगे, जैसा हम पिछले बुधवार को थे। हम गेम के पहले मिनट से ही कोशिश करेंगे। हमें अपनी एनर्जी अपनी टीम पर फोकस करने की आवश्यकता है।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम घोषित की

**अफिफ हुसैन को टीम में वापस बुलाया, हुसैन ने आखिरी बाद दिसम्बर 2024 में वनडे मैच खेला**


**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ 11 मार्च से शुरु हो रही तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है।

बांग्लादेश चयन समिति के अध्यक्ष गाजी अशरफ ने बताया कि अफिफ हुसैन को टीम में वापस बुलाया है। हुसैन ने आखिरी बार दिसम्बर 2024 में एकदिवसीय मैच खेला था, महिद. ुल इस्लाम को टीम में बरकरार रखा गया है। इसके अलावा लिटन दास भी खराब फॉर्म के बावजूद टीम में जगह बनाए हुए हैं। चोटिल नुरुल हसन, जैकर अली अनिक और शमीम हुसैन बाहर हो गए हैं। इन दोनों के महीने के आखिर तक पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है। हुसैन ने स्पष्ट किया कि लिटन दास के हालिया एकदिवसीय फॉर्म पर सवाल हो सकते हैं, लेकिन वह अपने खेल पर कोचों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमें लगता है कि वह जल्द ही इस प्रारुप में अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं और हम मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने के लिए उन्हें एक ऑप्शन के तौर पर देख रहे हैं। अफिफ़ के पास अनुभव है और वह अभी अच्छी लय में दिख रहे हैं। महिदुल इस्लाम को रिटेन किया गया है और यह उनके लिए अपनी काबिलियत को पूरा करने का एक अच्छा मौका है।

### श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने इंटर कॉलेज कबड्डी खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुज नेगी, दीपांशु कसाना, अक्षय कुमार और आदित्य शर्मा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने दिल्ली यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज कबड्डी टूर्नामेंट 2026 में पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया। आर्यभट्ट कॉलेज में तीन दिनों तक चले राउंड रोबिन लीग मुकाबलों में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम स्थान इस प्रकार रहे: प्रथमः श्याम लाल कॉलेज (प्रातः)। द्वितीयः डा. भीमराव अंबेडकर कॉलेज। तृतीयः हंसराज कॉलेज। श्याम लाल कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 41-22 से और आईजीआईपीईएसएस को 30-21 से हराया। एक लीग मैच में डा. भीमराव अंबेडकर कॉलेज ने श्याम लाल कॉलेज को 29-26 से मात दी। श्याम लाल कॉलेज के अनुज नेगी, दीपांशु कसाना, अक्षय कुमार और आदित्य शर्मा का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। श्याम लाल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. रबि नारायण कर ने टीम को चैंपियन बनने पर बधाई दी।

# वैलेंटोवा को हराकर वेकिक इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में



**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** क्रोएशिया की टेनिस खिलाड़ी डोना वेकिक ने बीएनपी परिबास ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में टेरेजा वैलेंटोवा को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है। इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन के स्टेडियम 3 में गुरुवार को क्रोएशियाई वेकिक ने दो घंटे 38 मिनट के रोमांचक मुकाबले में कनाडा की वैलेंटोवा

● **डोना वेकिक न कनाडा की टेरेजा वैलेंटोवा को 7-6(4), 7-6 (4)हराकर अगले दौर में प्रवेश किया**

को 7-6 (4), 7-6 (4) से हराया। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने अक्टूबर में चेन्नई ओपन के बाद अपनी पहली टूर-लेवल जीत हासिल की। दूसरे राउंड में वेकिक का सामना जेसिका पेगुला से होगा।

# अवसर बढ़ाने का हिस्सा है खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : मांडविया

● **खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में भारत के अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के तीन शहरों में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 'अवसर और दायरे को बढ़ाने का हिस्सा' है।

छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में 26 मार्च से छह अप्रैल तक होने वाले पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में सात पदक स्पर्धाए एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती होंगी। इसके अलावा दो डेमो गेम मल्लखंभ और कबड्डी भी आयोजित किए जाएंगे। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) में भारत के अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। डा. मांडविया ने गुरुवार को कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स हमारे बढ़ते हुए प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य हर उस युवा को अवसर और मंच प्रदान करना है जो खेलना चाहता है। यह पीएम के विकसित भारत के विजन का हिस्सा है, और इस यात्रा में खेलों की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों से प्रतिभाओं को सामने लाना बेहद अहम है और हमारे खिलाड़ी आधार का लगातार विस्तार समय की आवश्यकता है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आदिवासी समुदायों के प्रतिभाशाली युवाओं की जल्द पहचान हो, उन्हें व्यवस्थित तरीके से समर्थन मिले और उन्हें राष्ट्रीय खेल ढांचे में शामिल किया जाए। उल्लेखनीय है कि पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) का लोगो, थीम सॉन्ग और मैस्कॉट 23 दिसम्बर को बिलासपुर के बी-आर- यादव स्पोर्ट्स स्टेडियम में औपचारिक रूप से लॉन्च किया।

# मानसिक रूप से मजबूत रहने की वजह से सैमसन ने हालिया परिणाम दिए : रवि शास्त्री



● **कहा : संजू को अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपनी ताकत पर ध्यान देना होगा**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि बल्लेबाजी करते समय संजू सैमसन मानसिक रूप से अधिक मजबूत हैं और टी-20 विश्वकप में उनके हालिया परिणाम इसी बदलाव की वजह से आए हैं। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि आखिरकार उन्हें यह एहसास हो गया है और वे इस बात को मान रहे हैं कि उन्हें और अधिक एकाग्र होने की आवश्यकता है। उन्हें अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपनी ताकत पर ध्यान देना होगा।

संजू के साथ बात यह है कि उनके पास हर शॉट आता है, लेकिन एकाग्रता में कमी रह जाती है। मुझे लगता है कि वह मानसिक रूप मजबूत हो गया है और जब से वह टीम में आया है, तब से किसी को भी उसके कौशल या प्रतिभा पर शक नहीं हुआ है। शास्त्री ने कहा है कि उसका सर्वश्रेष्ठ फॉर्म अभी बाकी है क्योंकि भारतीय टीम में उसकी भूमिका अब साफ तौर पर तय है। उन्होंने कहा कि वह अभी भी सिर्फ 31 साल का है और एक असली मैच-विनर है। और जब आप (आज) जैसे शॉट खेलते हुए देखते हैं, तो उसमें क्लास, टच, पावर और जबरदस्त फोर्स दिखती है। यह बस अविश्वसनीय है। हालांकि सैमसन का फॉर्म भारत के लिए एक सुखद सरप्राइज रहा है, लेकिन साथी ओपनर अभिषेक शर्मा की हालिया कोशिशें न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले टी-20 विश्वकप के फाइनल से पहले कुछ चिंता का विषय हैं। अभिषेक ने अब तक टी-20 वर्ल्ड कप में सात पारियों में सिर्फ 89 रन बनाए हैं, लेकिन शास्त्री का मानना है कि भारत की एकादश में बदलाव करने में बहुत देर हो चुकी है और नंबर वन रैंक वाले टी-20 बल्लेबाजो को ब्लैक कैप्स के खिलाफ टूर्नामेंट के निर्णायक मैच में बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उन्हें अब बस उसके साथ बने रहना होगा। कोई बदलाव न करें क्योंकि टीम अच्छा खेल रही है। उसी पर टिके रहें और बस उसे बताएं कि अपनी काबि. लियत पर विश्वास करें, अपनी ताकत पर विश्वास करें और अपनी ताकत का साथ दें। हम आपका साथ देते हैं, आप अपनी ताकत का साथ दें और वहां जाकर खेलें। आखिरी गेम आपके लिए सबसे अच्छा गेम हो सकता है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नीतीश का कदम

ऐसा प्रतीत होता है कि बिहार की राजनीति में पहले से तय किसी योजना को अब अमल में लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हाल के घटनाक्रमों को देखकर यह चर्चा तेज हो गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजने की तैयारी की जा रही है। इस घटनाक्रम की अहमियत का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि नामांकन के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पटना पहुंचना काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह प्रक्रिया पूरी होती है तो बिहार की राजनीति में लगभग दो दशकों बाद सत्ता के शीर्ष पर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख नीतीश कुमार ने कुछ ही महीने पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। चार महीने से भी कम समय पहले उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली थी, लेकिन अब संकेत मिल रहे हैं कि वे इस पद को छोड़ने के लिए तैयार हैं। 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के पास पर्याप्त बहुमत होने के कारण यह माना जा रहा है कि उनकी जीत लगभग निश्चित है। यदि ऐसा होता है तो मुख्यमंत्री के रूप में उनका करीब बीस वर्षों का लंबा राजनीतिक सफर समाप्त हो जाएगा। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि यदि यह बदलाव होता है तो बिहार की सत्ता की कमान भारतीय जनता पार्टी के किसी नेता को सौंपी जा सकती है। नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा के मजबूत प्रदर्शन ने ही नीतीश कुमार को दोबारा सत्ता में बने रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसी समय से राजनीतिक जानकार यह अनुमान लगाने लगे थे कि आगे चलकर मुख्यमंत्री पद को लेकर बदलाव हो सकता है, चाहे वह स्वेच्छा से हो या परिस्थितियों के कारण। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में बिहार एक ऐसा राज्य रहा है, जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। इस वजह से भी भाजपा की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को लेकर चर्चा होती रही है। इसी बीच यह भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो अभी सक्रिय राजनीति में नए माने जाते हैं, उन्हें नई सरकार में उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस तरह की चर्चाएं लगातार चल रही हैं। भाजपा की बढ़ती राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए यह भी माना जा रहा है कि जनता दल यूनाइटेड अपनी पार्टी के जनाधार को बनाए रखने के लिए सत्ता में संत. ुलन बनाए रखना चाहेगी। संभव है कि जेडीयू उपमुख्यमंत्री पद अपने पास रखने की कोशिश करे ताकि संगठन और कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे।

## वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव



हाल के वैश्विक संघर्षों ने लंबे समय से चली आ रही इस धारणा को बदल दिया है कि भविष्य में युद्ध छोटे और निर्णायक होंगे, मौजूदा स्थितियों में मजबूत और लचीली रक्षा औद्योगिक क्षमता विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है, पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं ने निरंतर सैन्य तैयारी, प्रौद्योगिकी अनुकूलन क्षमता और बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादन के महत्व को रेखांकित किया है, वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव आया है, भू-राजनीति पर टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन पिछले तीन-चार वर्षों में दुनिया भर में जो घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि छोटे और निर्णायक युद्धों की अवधारणा पर अब सवाल उठने लगे हैं, शीत युद्ध के बाद के दौर में जो शांति लाभ (पीस डिविडेंड) की अवधारणा थी, वह अब समाप्त होती दिखाई दे रही है।

**-एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, नौसेना प्रमुख**

# निजी शिक्षण संस्थानों को समझनी होगी अपनी जिम्मेदारी



**रोहित कौशिक**



यह तकनीक का दौर है। तकनीक के इस दौर में कुछ नया और सबसे पहले करने की प्रतिस्पर्धा हो रही है। प्रतिस्पर्धा गलत नहीं है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ही हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है लेकिन जब प्रतिस्पर्धा में नवाचार को ग्लैमर का तड़का लगाने की कोशिश की जाए तो बहुत सारी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान गलगोटिया यूनिवर्सिटी की एक हरकत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने इंडिया एआई एक्सपो में प्रदर्शित एक रोबोटिक डॉग को खुद का बताकर पेश किया जबकि वह चीन में निर्मित रोबोटिक डॉग है जो ऑनलाइन खरीदने के लिए भी उपलब्ध है। इस मुद्दे पर हंगामा मचने के बाद यूनिवर्सिटी ने सफाई देते हुए कहा कि इस रोबोटिक डॉग को चीन की एक रोबोटिक कंपनी से खरीदा गया था और इसे सिर्फ एक एजुकेशनल टूल के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। कई बार प्राइवेट यूनिवर्सिटी या फिर अन्य प्राइवेट शिक्षण संस्थान श्रेय लेने के चक्कर में कई तरह के घपले कर देते हैं।

इस दौर में जितनी तेजी के साथ तकनीक बदल रही है, उसने छात्रों पर एक दबाव बना दिया है। छात्र या पेशेवर इंजीनियर अपना समय, धन और ऊर्जा लगाकर एक नई तकनीक सीखते है। यह तकनीक सीखकर वे काम करना शुरू ही करते हैं कि एक नई तकनीक आ जाती है। तेजी के साथ तकनीक का बदलना यह संकेत दे रहा है भविष्य में छात्रों और पेशेवर इंजीनियरों पर दबाव और ज्यादा बढ़ेगा। यही कारण है कि अब एआई के मुद्दे पर विभिन्न स्तरों पर विचार-विमर्श हो रहा है। एक सबसे बड़ा सवाल तो यही उठ रहा है कि हर क्षेत्र में एआई के दखल से क्या रोजगार की संभावनाएं कम हो जाएंगी ? हालांकि कहा जा रहा है कि एआई जानने वाले पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और इस क्षेत्र में नए रोजगार सृजित होंगे। इस क्षेत्र में सरकार अपनी तरह से काम कर रही है। सरक. ारी विश्वविद्यालय और अन्य सरकारी शिक्षण संस्थान अपनी कुछ सीमाओं के बावजूद एआई के क्षेत्र में प्रयास करते हुए नजर आ रहे हैं। भविष्य में एआई की मांग बढ़ने की संभावना देखते हुए निजी विश्वविद्यालय और अन्य निजी शिक्षण संस्थान इस क्षेत्र में अपनी संभावनाएं भी ढूंढ़ रहे हैं। निजी होने के कारण ऐसे शिक्षण संस्थान अपने आर्थिक पक्ष पर भी ध्यान देते हैं। जाहिर है कि ऐसे शिक्षण संस्थानों का ध्यान सिर्फ शिक्षा प्रदान करने पर ही नहीं होता है। उनका ध्यान मुनाफा कमाने पर भी होता है। कई बार मुनाफा कमाने के चक्कर में निजी शिक्षण संस्थान अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को भूल जाते हैं। सामाजिक जिम्मेदारी भूलने का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि निजी शिक्षण संस्थानों का सारा ध्यान मुनाफा कमाने पर लग जाता है। मुनाफा कमाने के लिए वे कई बार अपने क्रियाकलापों में ग्लैमर का तड़का लगाते हैं। बाजार में टिकने की चाह और हड़बड़ी में अपनी झूठी प्रतिष्ठा बनाने की कोशिश इन निजी शिक्षण संस्थानों को दूसरी ही दिशा में मोड़ देती है। एक ऐसी दिशा जिसमें निजी शिक्षण अपनी थोड़ी-बहुत बची हुई प्रतिष्ठा भी खो देते हैं। ऐसे में छात्र भी स्वयं को छला हुआ महसूस करने लगते हैं। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की हरकत ने यह दिखा दिया है कि झूठी प्रतिष्ठा के लिए देश की साख को भी दांव पर लगाया जा सकता है। इस दौर में निजी विश्वविद्यालयों को झूठी प्रतिष्ठा छोड़कर अपनी सच्ची प्रतिष्ठा को बढ़ाने की कोशिश करनी होगी। अगर ईमानदारी के साथ प्रयास किए जाएं तो निजी विश्वविद्यालय अपनी साख बचाने में कामयाब हो सकते हैं।


यह विडम्बना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है ? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए लेकिन यह प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है ? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। आज अनेक शिक्षक नवाचार को बढ़ावा देकर बेहतरीन काम कर रहे हैं लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आज गुरु के रूप में अध्यापक की प्रतिष्ठा लगातार कम हो रही है। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ए संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गम्भीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाए जा सके। निजी शिक्षण संस्थानों को भी अपने जिम्मेदारी समझनी होगी।

**एक ऐसी दिशा जिसमें निजी शिक्षण अपनी थोड़ी-बहुत बची हुई प्रतिष्ठा भी खो देते हैं। ऐसे में छात्र भी स्वयं को छला हुआ महसूस करने लगते हैं। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की हरकत ने यह दिखा दिया है कि झूठी प्रतिष्ठा के लिए देश की साख को भी दांव पर लगाया जा सकता है।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जितना चबाकर खाएंगे उतनी कैलोरी जलाएंगे

**सख्त चुइंगम के साथ चयापचय में 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई। यह प्रतिभागियों द्वारा दिन भर में खर्च की गई कुल ऊर्जा का 1 प्रतिशत से भी कम है लेकिन मापन-योग्य है। ये नतीजे साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक इससे पता चलता है कि खाना पकाना और औजारों का इस्तेमाल शुरू होने से पहले आदिम मनुष्य चबाने में बहुत अधिक समय बिताते होंगे। यदि प्राचीन मनुष्य दिन भर में वर्तमान गोरिल्ला और ओरांगुटान जितना भी चबाते होंगे तो शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वे दिन भर में खर्च हुई कुल ऊर्जा का कम से कम 2.5 प्रतिशत चबाने में खर्च करते होंगे। ये नतीजे इस विचार का समर्थन करते हैं कि चबाने में सुगमता आने से वैकासिक लाभ मिला। चबाने में लगने वाली ऊर्जा की बचत का उपयोग आराम, मरम्मत और वृद्धि जैसी अन्य चीजों पर हुआ होगा।**



जब कैलोरी बर्न करने की बात आती है तो लोगों का ध्यान सरपट सैर, साइकिल चलाना या ऐसे ही व्यायामों की ओर जाता है, चबाने का तो विचार तक नहीं आता। अब, एक नवीन अध्ययन बताता है कि दिन भर में हमारे द्वारा खर्च की जाने वाली कुल ऊर्जा में से लगभग 3 प्रतिशत ऊर्जा तो चबाने की क्रिया में खर्च होती है। कुछ सख्त या रेशेदार चीज चबाएं तो थोड़ी और अधिक ऊर्जा खर्च होगी। हालांकि यह ऊर्जा चलने या पाचन में खर्च होने वाली ऊर्जा से बहुत कम है, लेकिन अनुमान है कि इसकी भूमिका हमारे पूर्वजों के चेहरे को नया आकार देने में रही।

ऐसा माना जाता रहा है कि हमारे जबड़ों की साइज और दांतों का आकार चबाने को अधिक कुशल बनाने के लिए विक. सित हुआ था। जैसे-जैसे हमारे होमिनिड पूर्वज आसानी से चबाने वाले भोजन का सेवन करने लगे और भोजन को काटने-पीसने और पकाने लगे तो जबड़ों और दांतों का आकार भी छोटा होता गया। लेकिन यह जाने बिना कि हम दिनभर में चबाने में कितनी ऊर्जा खर्च करते हैं, यह बता पाना मुश्किल है कि क्या वाकई ऊर्जा की बचत ने इन परिवर्तनों में भूमिका निभाई थी। यह जानने के लिए मैनचेस्टर विश्वविद्यालय की जैविक मानव विज्ञानी एडम वैन केस्टरेन और उनके दल ने 21 प्रतिभागियों द्वारा खर्च की गई ऑक्सीजन और उत्पन्न कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा का मापन किया। इसके लिए प्रतिभागियों को एक हेलमेट जैसा यंत्र पहनाया गया था। फिर उन्हें 15 मिनट तक चबाने के लिए चुइंगम दी। यह चुइंगम स्वादहीन, गंधहीन और कैलोरी-रहित थी। ऐसा करना जरूरी था अन्यथा पाचन तंत्र सक्रिय होकर ऊर्जा की खपत करने लगता।चबाते समय प्रतिभागियों द्वारा प्रश्वासित वायु में कार्बन डाईऑक्साइड का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया। यह दर्शाता है कि चबाने पर शरीर ने अधिक कार्य किया। जब चुइंगम नर्म थी तब प्रतिभागियों का चयापचय औसतन 10 प्रतिशत बढ़ा। सख्त चुइंगम के साथ चयापचय में 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई। यह प्रतिभागियों द्वारा दिन भर में खर्च की गई कुल ऊर्जा का 1 प्रतिशत से भी कम है लेकिन मापन-योग्य है। ये नतीजे साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक इससे पता चलता है कि खाना पकाना और औजारों का इस्तेमाल शुरू होने से पहले आदिम मनुष्य चबाने में बहुत अधिक समय बिताते होंगे। यदि प्राचीन मनुष्य दिन भर में वर्तमान गोरिल्ला और ओरांगुटान जितना भी चबाते होंगे तो शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वे दिन भर में खर्च हुई कुल ऊर्जा का कम से कम 2.5 प्रतिशत चबाने में खर्च करते होंगे। ये नतीजे इस विचार का समर्थन करते हैं कि चबाने में सुगमता आने से वैकासिक लाभ मिला। चबाने में लगने वाली ऊर्जा की बचत का उपयोग आराम, मरम्मत और वृद्धि जैसी अन्य चीजों पर हुआ होगा। चबाने में मनुष्यों द्वारा खर्च होने वाली ऊर्जा गणना से अन्य होमिनिड्स के विकास के बारे में भी एक झलक मिल सकती है। मसलन 20 लाख से 40 लाख साल पूर्व रहने वाले ऑस्ट्रेलोपिथेकस के दांत आधुनिक मनुष्यों की तुलना में चार गुना बड़े थे और उनके जबड़े विशाल थे। वे चबाने में अधिक ऊर्जा लगाते होंगे। अन्य शोधकर्ता इस बात से सहमत नहीं है कि सिर्फ ऊर्जा की बचत ने जबड़ों और दांत के विकास का रुख बदला। इसमें अधिक महत्वपूर्ण भूमिका अन्य कारकों की हो सकती है, जैसे ऐसे आकार के जबड़े विकसित होना जो दांतों के टूटने या घिसने की संभावना कम करते हों। प्रा तिक चयन में संभवतरू ऊर्जा दक्षता की तुलना में दांतों की सलामती को अधिक तरजीह मिली होगी, क्योंकि दांतों के बिना भोजन खाना मुश्किल है, और ऊर्जा मिलना भी।

**...स्रोत फीचर्स**

# न्याय की कछुआ चाल और बढ़ते महिला अपराध



**योगेश कुमार गोयल**




प्रतिवर्ष 8 मार्च को महिलाओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने और उनके अधिकारों पर चर्चा करने के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है। 8 मार्च 1975 से ही दुनियाभर में यह दिवस प्रतिवर्ष अलग-अलग थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों के संबंध में चर्चा करते हुए उनकी प्रगति के विविध पहलुओं पर भी विमर्श किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए इस साल की थीम है 'अधिकार, न्याय और कार्रवाई सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए', जो महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित करने और लैंगिक समानता को तेजी से लागू करने पर केंद्रित है। संयुक्त राष्ट्र महिला के अनुसार दुनिया कई संकटों का सामना कर रही है, जिसमें भू-राजनीतिक संघर्षों से लेकर गरीबी के बढ़ते स्तर और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव शामिल हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल महिलाओं को सशक्त बनाने वाले समाधानों से ही किया जा सकता है। महिलाओं में निवेश करके हम बदलाव ला सकते हैं और सभी के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक समान दुनिया की दिशा में बदलाव को गति दे सकते हैं।

पिछले 50 वर्षों से प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महिला दिवस का आयोजन किया जा रहा है लेकिन महिलाओं के प्रति अपराधों के दृष्टिकोण से देखें तो चिंता की बात यही है कि इतने वर्षों में भी महिलाओं की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। जब हम महिलाओं के साथ लगातार सामने आती अपराधों की घटनाओं को देखते हैं तो सिर शर्म से झुक जाता है। वर्तमान सदी को महिलाओं के लिए समानता सुनिश्चित करने वाली सदी बनाने का आग्रह करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस कह चुके हैं कि न्याय, समानता तथा मानवाधिकारों के लिए लड़ाई तब तक अधूरी है, जब तक महिलाओं के साथ लैंगिक भेदभाव जारी है। हालांकि महिलाएं आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं किन्तु दूसरी ओर यह भी कटु सत्य है कि महिला सुरक्षा के लाख दावों के बावजूद उनके साथ अत्याचार के मामलों में कमी नहीं आ रही है। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर लडकियां जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं, करीब 35 फीसदी महिलाओं और लड़कियों को अपने जीवनकाल में शारीरिक एवं यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है, हिंसा की शिकार 50 फीसदी से अधिक महिलाओं की हत्या उनके परिजनों द्वारा ही की जाती है, वैश्विक स्तर पर मानव तस्करी के शिकार लोगों में 50 फीसदी व्यस्क महिलाएं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिदिन तीन में से एक महिला किसी न किसी प्रकार की शारीरिक हिंसा का शिकार होती है। एक चौंकाने वाले अध्ययन में 78.4 फीसदी महिलाओं ने स्वीकार किया कि उन्होंने सार्वजनिक स्थल हिंसा झेली है। करीब 68 फीसदी महिलाओं ने माना कि उन्होंने सार्वजनिक परिवहन में सफर करते समय हिंसा का अनुभव किया और इनमें से 38.5 फीसदी महिलाएं ऐसी हिंसा चुपचाप सह गई क्योंकि उन्हें पता ही नहीं था कि उन्हें क्या करना है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को इसी से समझा जा सकता है कि महिला सुरक्षा के लिए बने तमाम कानूनों के बावजूद अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वे महिला पुलिसकर्मियों तक से छेड़छाड़ और उन पर हमला करने से भी नहीं डरते।

समूची मानवता को शर्मसार करती महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं सिस्टम पर भी गंभीर सवाल खड़े करती हैं। बहुत से मामले ऐसे होते हैं, जिनकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर नहीं हो पाती और उनमें से अधिकांश मामले इसी का फायदा उठाकर दबा दिए जाते हैं तथा पीड़िताएं और उनके परिवार भय के साए में घुट-घुटकर जीने को विवश होते हैं। वर्ष 2012 में निर्भया कांड के बाद देशभर में सड़कों पर महिलाओं के आत्मसम्मान के प्रति जिस तरह की जन-भावना और युवाओं का तीखा आक्रोश देखा गया था, तब लगने लगा था कि समाज में इससे संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के हौंसले पस्त होंगे लेकिन यह सामा. जिक विडम्बना ही है कि समूचे तंत्र को झकझोर देने वाले निर्भया कांड के बाद भी हालात बदतर ही हुए हैं। ऐसी कोई भी वीभत्स घटना सामने आने के बाद हर बार एक ही सवाल खड़ा होता है कि आखिर भारतीय समाज में कब और कैसे मिलेगी महिलाओं को सुरक्षा? कब तक महिलाएं घर से बाहर कदम रखने के बाद इसी प्रकार भय के साए में जीने को विवश रहेंगी? चिंता की बात यह है कि महिला अपराधों के मामलों में साल दर साल स्थिति बदतर होती जा रही है और अपराधियों को सजा मिलने की दर बेहद कम है।

कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली में ढ़ीलेपन का ही नतीजा है कि समाज में महिलाओं के प्रति अपराधियों के हौंसले बुलंद नजर आते हैं। अहम प्रश्न यही है कि निर्भया कांड के बाद कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लंबी जंग लड़ने के लिए ईरान पूरी तरह तैयार

## IRGC ने दी अमेरिका-इजरायल को नए हथियारों की चेतावनी, कहाः मिलेगी दर्दनाक चोट

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल की ईरान के साथ जंग का आज सातवां दिन है। इस बीच गुरुवार रात को ईरान ने इजरायल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी, जिसमें क्लस्टर बम लगे थे। इस बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि वह एक 'लंबी लड़ाई' के लिए पूरी तरह से तैयार है।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कार्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि ईरान जल्द ही ऐसे उन्नत हथियार पेश करने वाला है, जिनका अभी तक जंग में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल नहीं किया गया है। आईआरजीसी के ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने एक बयान में कहा कि ईरान के दुश्मनों को 'आने वाली हमलों की नई लहर में दर्दनाक प्रहारों' के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की नई पहलें और हथियार रास्ते में हैं। यह बयान ईरान की सैन्य तैयारी और भविष्य की रणनीतियों को दर्शा रहा है। प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि ये नई टेक्नोलाजी अभी तक बड़े पैमाने पर तैनात नहीं की गई हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि ईरान के पास ऐसे सैन्य संसाधन हैं, जिनका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। ऐसे में अब ईरान उनका इस्तेमाल संघर्ष में एक नया मोड़ लाने के लिए कर सकता है।



■ संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की

नैनी ने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किए गए 12-दिवसीय युद्ध की तुलना में अब अधिक तैयार है। उन्होंने वर्तमान सैन्य टकराव को 'पवित्र और वैध युद्ध' बताया, जो ईरान के अपने बचाव के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। वहीं सैकड़ों मिसा. इलें और ड्रोन टारगेट पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के सरकारी संचार केंद्र की एक ब्रीफिंग में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि दो लोगों को अभी भी मेडिकल निगरानी में रखा गया है। ईरान ने इजरायल पर क्लस्टर बम गिराए हैं। जिसका वीडियो सामने आया है। गुरुवार रात कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें क्लस्टर बम लगे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक बैलिस्टिक मिसाइलें जब जमीन की तरफ गिरती है तो उसका वारहेड ऊपर ही हवा में ही खुल जाता है और 20 से ज्यादा छोटे बम अलग-अलग होकर नीचे गिरते हैं। जिसको काबू करना आसान नहीं होता। वहीं संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की। इस हमले में 175 लोगों की मौत हो गई थी। तुर्क ने जिनेवा में पत्रकारों से बातचीतमें कहा कि अमेरिका ने इस हमले की जांच की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि यह जांच जल्द, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जांच तेजी से होनी चाहिए। इसके साथ ही हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय और उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका मिनाब में हुए इस हमले की जांच कर रहा है।



**जम्मू-कश्मीर। बडगाम में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में प्रदर्शन के दौरान उनकी तस्वीरें लिए खड़ी महिलाएं।**

### अलगाववादी कुर्द समूहों ने ईरान में प्रवेश किया, तो सारे ठिकाने तबाह कर दिए जाएंगेः ईरान

**तेहरान।** ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने इराक के कुर्द अलगाववादी समूह को चेतावनी दी है कि अगर वे ईरान में प्रवेश करने का प्रयास करेंगे तो कुर्दिस्तान में उनकी सभी सुविधाओं को निशाना बनाया जाएगा। रक्षा परिषद में ईरानी सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अली अकबर अहमदीन ने यह टिप्पणी उन खबरों के बीच की है, जिनमें कहा गया है कि अमेरिका ईरान-इराक सीमा के पास पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित कुर्द और ईरानी अलगाववादी समूहों का उपयोग उसके खिलाफ जमीनी हमले के लिए करना चाहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कतर में भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच दोहा में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए वीजा, ट्रांजिट और और सऊदी अरब के बाहर यात्रा को लेकर जानकारी दी। दूतावास ने आज एक एडवाइजरी में बताया कि कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे भारतीय नागरिकों के लिए एक पंजीकरण लिंक खोला गया है। इस लिंक के जरिये उन्हें सऊदी अरब के लिए अस्थायी ट्रांजिट वीजा हासिल करने में मदद मिलेगी। दूतावास ने कहा कि यह सुविधा केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है, जो इस समय कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे हुए हैं और जिनके पास सऊदी अरब से आगे यात्रा के लिए कन्फर्म टिकट हैं।

### आर्थिक मुद्दों पर रूस-अमेरिका के बीच चर्चाः रयाबकोव

**मॉस्को।** रूस और अमेरिका आर्थिक मुद्दों पर गठित कार्य समूह के तहत संयुक्त फंड बनाने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। यह बातचीत गोपनीय तरीके से चल रही है। रूस के उप विद. ेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने स्पुतनिक से बातचीत में कहा कि इस प्रारूप में हो रही बातचीत गोपनीय है और इसमें संयुक्त फंड बनाने तथा अन्य द्विपक्षीय परियोजनाओं को लागू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संवाद में अन्य बातों के साथ संयुक्त फंड स्थापित करने और विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के विकल्पों पर चर्चा हो रही है।

### रूस के सोची शहर में 4.5 तीव्रता का भूकंप कोई नुकसान नहीं

**सोची।** रूस में काला सागर के तट पर स्थित शहर सोची में शुक्रवार तड़के 4.5 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि स्थानीय प्रशासन के अनुसार इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं है। शहर के मेयर आंद्रेई प्रोशुनिन ने बताया कि भूकंप के झटके सुबह महसूस किए गए। उन्होंने अपने टेलीग्राम संदेश में कहा, षरिक्टर पैमाने पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आज सुबह सोची में आया।

### अनिता शुक्ला इक्वाडोर की राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी अनिता शुक्ला को इक्वाडोर में भारत में का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है जबकि फिजी में उच्चायुक्त सुनीत मेहता को टोंगा के उच्चायुक्त का भी प्रभार दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सुशुक्ला अभी मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं और उनके शीघ्र ही इक्वाडोर में भारत के राजदूत का कार्यभार संभालने की संभावना है। वर्ष 2007 बैच के अधिकारी मेहता अभी फिजी में भारत के उच्चायुक्त हैं।

### ईरानी उप विदेश मंत्री डॉ. सईद ने दिखाया डोनाल्ड ट्रम्प को आईना

# न्यूयॉर्क का मेयर चुन नहीं सकते, तेहरान पर कर रहे दावा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच ईरान के उप-विदेश मंत्री डा. सईद खतीब. जादेह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

दिल्ली में रायसीना डायलाग 2026 में बोलते हुए उन्होंने कहा कि तेहरान के पास आक्रामक शक्तियों के खिलाफ जहां से भी अमेरिकी हमले शुरू हो रहे हैं, उन्हें निशाना बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसी के साथ उन्होंने ट्रम्प पर ईरान के नए सुप्रीम नेता को लेकर दिए बयान पर भी करार हमला बोला। डा. खतीब. जादेह ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने इस संघर्ष को 'वीरतापूर्ण, राष्ट्रवादी युद्ध' बताया, जिसका उद्देश्य आक्रामक शक्तियों को पीछे धकेलना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। उप विदेश मंत्री डा. सईद खतीबजादेह ने ट्रम्प पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहे हैं, जबकि वे न्यूयॉर्क के मेयर की नियुक्ति तक नहीं कर सकते। क्या आप इस औपनिवेशिक रवैये की कल्पना कर सकते हैं? एक ओर वे अपने देश में लोकतंत्र देखना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर वे ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को पद से हटाना चाहते हैं। ईरान के उप-विदेश मंत्री ने अमेरिका और इजरायल की कार्रवाइयों को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों के खिलाफ बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईरान की ओर से किसी भी प्रकार का उकसावा नहीं हुआ था। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर अमे. रिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ यह आक्रामकता क्यों शुरू की, और कहा कि अमेरिकी प्रशासन से इस सवाल का जवाब अलग-अलग मिलेगा। उन्होंने इस आक्रामकता के पीछे 'सत्ता की राजनीति और 'ग्रेटर इजरायल' के भ्रम' को जिम्मेदार ठहराया। खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने का फैसला किया है, जबकि इजरायल दशकों से 'ग्रेटर इजरायल' के अपने भ्रम के कारण इसका वादा करता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के पास फारस की खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति को समाप्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।



■ अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिशः सईद

### कुवैत में ईरानी हमलों में अब तक 67 सैनिक घायल

**कुवैत सिटी।** ईरानी हमले में अब तक कुवैत में कुवैत सशस्त्र बल के 67 सैनिक घायल हो गए हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने एक बयान में कहा कि घायल सैनिकों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर है। अल-अतवान ने कहा कि कुवैती सशस्त्र बल हाई अलर्ट पर हैं। सैन्य और सुरक्षा अधिकारियों के साथ-साथ अन्य सरकारी संस्थानों के समन्वय में चौबीसों घंटे स्थिति की निगरानी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ए उपाय देश की सुरक्षा और नागरिकों एवं निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई व्यापक राष्ट्रीय प्रणाली का हिस्सा हैं।

# ईरान मेरे बिना सुप्रीम लीडर न चुनेः ट्रम्प

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान के अगले सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया में भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका और इजरायल ऐसे किसी उत्तराधिकारी को स्वीकार नहीं करेंगे जो दिवंगत नेता अली खामेनेई की नीतियों को जारी रखे। रिपोर्टों के अनुसार ट्रम्प ने कहा है कि ईरान में नेतृत्व परिवर्तन भविष्य के अमेरिका-ईरान संबंधों को तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके पास ऐसे संभावित उम्मीदवारों के बारे में जानकारी है जिन्हें वह 'अच्छा नेता' मानते हैं। एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने दिवंगत अयातुल्ला खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में खारिज करते हुए कहा कि खामेनेई का बेटा हल्का नेता है। मुझे नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होना होगा। उन्होंने वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सत्ता परिवर्तन के बाद डेल्सी रोड्रिगेज के नेतृत्व से अमेरिका को रणनीतिक लाभ मिला और वह ईरान में भी ऐसा ही परिणाम देखना चाहते हैं। ईरान में सर्वोच्च नेता के चयन की संवैधानिक प्रक्रिया धार्मिक विद्वानों की संस्था विशेषज्ञों की सभा के माध्यम से होती है। यह नए नेता की नियुक्ति करती है। इस बीच, ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौता करने की उम्मीद में संपर्क किया है। सीएनएन ने बताया कि ईरानी इंटेलिजेंस अमे. रिका के साथ युद्ध खत्म करने पर बातचीत कर रही है, लेकिन अमे. रिकी अधिकारियों का कहना है कि कोई बातचीत नहीं चल रही है और निकट भविष्य में संभावित 'बाहर निकलने का रास्ता' बनने की उम्मीद कम है। इसी बीच कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि युद्ध समाप्त करने के विकल्पों पर ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष संपर्क की संभावना पर चर्चा हो रही है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने औपचारिक वार्ता से इनकार किया है।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः सिलेक्शन में अमेरिका का रोल जरूरी खामेनेई का बेटा मंजूर नही

### हूती समूह ने ईरान को समर्थन देने की घोषणा की

**साना।** यमन के हूती समूह के नेता अब्दुल मलिक अल-हूती ने कहा है कि वे ईरान के साथ खड़े हैं और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हूती नियंत्रित 'अल-मसीरा' टीवी चैनल पर प्रसारित एक टेलीविजन भाषण में मलिक ने गुरुवार को कहा कि अगर घटनाक्रम की मांग हुई, तो किसी भी क्षण हमारी उंगलियां ट्रिगर पर होंगी। उन्होंने इसे केवल किसी एक पक्ष के संघर्ष के बजाय 'पूरे देश की लड़ाई' बताया है। हुती नेता ने कहा कि इजरायल और उसके तमाम साथियों का इरादा बिना किसी नियंत्रण, प्रतिबंध या प्रतिबद्धता के देश के स्वतंत्र लोगों के खिलाफ खुली जंग छेड़ना है। मलिक ने चेतावनी दी कि 'दुश्मन' ठिकानों की एक सूची तैयार कर रहा है और कुछ अरब देशों से वित्तीय सहायता मांग रहा है तथा हथियारों का जखीरा जमा कर रहा है। उन्होंने अपने समर्थकों से शुक्रवार को एक साथ आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील समय में एक महत्वपूर्ण संदेश होगा और इसका उद्देश्य ईरानी जनता के प्रति यमनी लोगों के पूर्ण समर्थन की पुष्टि करना है। इससे पहले गुरुवार को, यमन के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हैंस ग्रंडबर्ग ने यमन को क्षेत्रीय टकरावों के एक नए चक्र में घसीटे जाने से बचाने के महत्व

## पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर दक्षिण कोरिया यूएई से 60 लाख बैरल तेल खरीदेगा

**सोल।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख कांग हून-सिक ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जहाजों के आवागमन में व्यवधान के मद्देनजर दक्षिण कोरिया संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 60 लाख बैरल कच्चे तेल की आपातकालीन आपूर्ति करेगा।

कांग ने कहा कि स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति ली जे-म्युंग की ओर से यूएई अधिकारियों के साथ हुई चर्चा के दौरान इसे अंतिम रूप प्रदान किया गया। कांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रपति की ओर से हमने यूएई नेतृत्व के साथ तेल आयात को सुरक्षित करने के उपायों पर चर्चा की जिसमें 60 लाख बैरल की आपातकालीन आपूर्ति की पुष्टि हो गई। अधिकारी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद है और कई टैंकर मार्ग की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं।

■ राष्ट्रपति की ओर से हमने यूएई नेतृत्व के साथ तेल आयात को सुरक्षित करने के उपायों पर चर्चा की

उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के आयातित तेल का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है इसलिए सरकार ने तेल एवं गैस संकट के खतरे का स्तर बढ़ाकर 1 यानि 'सतर्क' कर दिया है। कांग ने कहा कि इस समझौते के अंतर्गत दक्षिण कोरिया के दो टैंकर जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 20 लाख बैरल है बारी-बारी से यूएई के बंदरगाहों पर माल भरने के लिए रवाना होंगे और जलडमरूमध्य को बाईपास करेंगे। उन्होंने कहा कि यूएई की सरकारी तेल कंपनी बंदरगाह के भंडारण से लगभग 40 लाख बैरल तेल स्थानांतरित करेगी जिसके बाद जहाज दक्षिण कोरिया लौट आएंगे। इसके अलावा, अधिकारी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने दक्षिण कोरिया के संयुक्त रणनीतिक भंडारण से 20 लाख बैरल तेल देने का वादा किया है। इस प्रकार, 60 लाख बैरल की आपातकालीन आपूर्ति से ऊर्जा आपूर्ति एवं ईंधन बाजारों में स्थिरता आने की उम्मीद है, जो दो दिनों से अधिक की राष्ट्रीय खपत के बराबर है।

## देवदूत बनीं भारतीय नर्सें, संघर्ष के साये में निभा रहीं कर्तव्य

**कुवैत।** पश्चिम एशिया में ज्यादातर देशों में संघर्ष का साया छाया हुआ लेकिन ऐसे समय में भी भारतीय नर्सों की सेवा और समर्पण में कोई कमी नहीं आई है। इनका काम राजनीतिक या सैन्य तनाव के बावजूद हमेशा की तरह बदस्तूर जारी है। 1990 के दशक का कुवैत युद्ध हो, 2003 का इराक युद्ध, सीरिया या मिस्र के गृह युद्ध या पश्चिम एशिया में जारी मौजूदा संघर्ष, भारतीय नर्सें हमेशा देवदूत बनकर अपना कर्तव्य निभाती रही हैं।

इसकी मिसाल कुवैत शहर से करीब 32 किलोमीटर पश्चिम में इराक सीमा के पास भट्टी की तरह तप रहे अल जाहरा में दिख जाता है। इस जगह को धरती पर सबसे गर्म जगहों में एक माना जाता है और यहां का तापमान 53 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक हो जाता है। केरल की एक नर्स जैसमीन थॉमस (बदला हुआ नाम) अपने भारतीय साथियों के साथ अल जाहरा के एक छोटे से क्लिनिक में आम दिनों की तरह काम कर रही थी। कुछ ही घंटों बाद क्लिनिक के ऊपर आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते नजर आने लगे। देखते-देखते रुक-रुक कर धमाके होने लगे। धमाकों की तीव्रता बढ़ने पर जैसमीन और उनके साथी भागकर अपने हास्टल में शरण लेते हैं। हास्टल में वे सब हालात के सामान्य होने का इंतजार करते रहे। कर्तव्य और अपनी सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की मशक्कत करते हुए जैसमीन और उनके साथी सोमवार को फिर से अपने काम पर लौट आएं लेकिन इस बार क्लिनिक में वे सब थे लेकिन मरीज नहीं। यह घटना भारतीय नर्सों के साहस, धैर्य और जिम्मेदारी को दिखाता है। ये ऐसी विशेषता है जो इस क्षेत्र में काम करने वाली भारतीय नर्सों को अन्य लोगों से अलग पहचान दिलाती है। जैसमीन और ईरान में फंसी केरल की एक नर्स के अलावा ज्यादातर नर्सों ने कहा कि हम सुरक्षित हैं। संयुक्त अरब अमीरात में कार्यरत एक भारतीय स्वास्थ्यकर्मी ने कहा कि हमें बीच-बीच में चेतावनी सायरन सुनाई देते हैं लेकिन इसके अलावा अभी कोई खतरा महसूस नहीं हुआ है। अस्पताल सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। सरकार हमलों को रोक रही है। कुवैत में कार्यरत एक नर्स ने भी यही बात कही और कहा कि अभी भारतीय प्रवासियों के लिए चिंता की कोई वजह नहीं है। कई लोगों के लिए, मैसेज एक जैसा है। सऊदी अरब में कार्यरत एक अन्य नर्स ने कहा कि हम पूरी तरह से सुरक्षित हैं। मीडिया के कुछ हिस्सों में जैसा दिखाया जा रहा है, उसके उलट। ड्रोन हमले हो रहे हैं, लेकिन देश अपना बचाव कर रहा है और हमारी सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

■ कुछ ही घंटों बाद क्लिनिक के ऊपर आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते नजर आने लगे, देखते-देखते रुक-रुक कर धमाके होने लगे



### सैन्य संघर्ष अब आक्रामक और विनाशकारी चरण में

# ईरान पर हमले का सातवां दिन

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर छेड़े गए युद्ध के सातवें दिन हवाई हमले काफी तेज हो गए हैं। यह सैन्य संघर्ष अब एक ऐसे आक्रामक और विनाशकारी चरण में प्रवेश कर चुका है जहां सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक संपत्तियों को भी व्यापक स्तर पर निशाना बनाया जा रहा है।

आइए इस युद्ध के ताजा जमीनी हालात, आंकड़ों पर आधारित विश्लेषण, क्षेत्रीय प्रभाव और भविष्य के आउटलुक को सवाल-जवाब के जरिए विस्तार से समझते हैं। ईरान की राजधानी तेहरान और अन्य प्रमुख शहरों पर हवाई हमलों की एक नई और भयंकर लहर शुरू हो गई है। तेहरान विश्वविद्यालय के आसपास और आवासीय क्षेत्रों सहित कई स्थानों पर रात भर बड़े विस्फोट हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में बमबारी पहले के दिनों के मुकाबले कहीं अधिक तीव्र रही है। इसके अलावा, शिराज, इस्फ़हान और मिसाइल ठिकानों वाले करमनशाह में भी भारी विस्फोटों की सूचना मिली है। शिराज के जीबाशहर इलाके में हुए एक बड़े हमले में 20 लोगों की जान चली गई और 30 अन्य घायल हो गए। गठबंधन सेनाओं ने ईरान के शासन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए युद्ध के एक नए चरण की शुरुआत की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर के अनुसार, बी-2 स्टील्थ बाम्बर्स ने ईरान के भीतर गहराई में स्थित बैलिस्टिक मिसाइल लान्चर्स को नष्ट करने के लिए दर्जनों 2000 पाउंड के 'पेनिट्रेटर' बम गिराए हैं। अमेरिका ने ईरान की 'स्पेस कमांड' के समकक्ष ठिकानों पर भी सटीक हमला किया है ताकि उनकी क्षमता को कमजोर किया जा सके। इसके समानांतर, इजरायल की वायु सेना ने 6 ईरानी मिसाइल लान्चर्स और तीन उन्नत रक्षा प्रणालियों को नष्ट करने का दावा किया है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने संकेत दिया है कि बमबारी में भारी वृद्धि होने वाली है, जिसके तहत आगे 'अधिक फाइटर स्क्वाड्रन' और 'अधिक बाम्बर पल्स' का इस्तेमाल किया जाएगा। ईरान में मानवीय संकट के आंकड़े चिंताजनक हैं। ईरानी रेड क्रिसेंट के अनुसार, अब तक मरने वालों की कुल संख्या 1332 के पार पहुँच गई है। सबसे दुखद यह है कि इनमें 181 बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ के अनुसार, 175 बच्चे युद्ध के पहले दिन मीनाब में एक लड़कियों के प्राथमिक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए थे।



■ अब तक 1332 मौतें, करीब 3643 सार्वजनिक संपत्तियां खाक

### विदेशी मुद्रा भंडार 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में तेज उछाल से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.885 अरब डॉलर बढ़कर 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले 20 फरवरी को समाप्त सप्ताह में यह 2.119 अरब डॉलर घटकर 723.608 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश के स्वर्ण भंडार में 4.141 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और सप्ताहांत पर यह 131.63 अरब डॉलर पर रहा जो चार सप्ताह का उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 56.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी रही और यह 573.125 अरब डॉलर हो गया। इसमें अमेरिका डॉलर के अलावा यूरो, जापानी येन और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में उनके संदर्भ दर के आधार पर होता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 15.8 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 2.6 करोड़ डॉलर बढ़ा तथा क्रमशः 4.873 अरब डॉलर और 18.866 अरब डॉलर हो गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108